✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 216 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सीएम नीतीश कुमार से मिल नव वर्ष की बधाई देते बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश ना. सिंह

## संक्षिप्त समाचार

### नए साल में सरकारी कर्मियों के लिए 35 दिनों की छुट्टी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नए साल 2026 में राज्य सरकार ने सरकारी सेवकों के लिए 35 दिनों की सरकारी छुट्टी घोषित की है। इनमें से छह रविवार होने के कारण उसका लाभ नहीं मिल पाएगा। इस प्रकार 29 दिनों की छुट्टी ही मिलेगी। साथ ही 22 दिनों का ऐच्छिक अवकाश भी दिया गया है। बिहार सरकार ने 2026 के लिए जो छुट्टियों की सूची जारी की है, उसमें सभी सरकारी विभागों के लिए सामान्य, सार्वजनिक और ऐच्छिक अवकाश शामिल हैं।

### जनवरी में ठंड से नहीं मिलेगी राहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में इस माह रात में अधिक ठंड पड़ेगी लेकिन दिन में आंशिक तौर पर राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने गुरुवार को जनवरी के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया। पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य का अधिकतम तापमान सामान्य (21 से 23 डिग्री सेल्सियस) से अधिक रहेगा। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य (09 से 12 डिग्री सेल्सियस) से कम रहेगा। यानी रात में ज्यादा ठंड पड़ेगी। राज्य के पश्चिम भाग के 11 जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, छपरा, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल जिले में शीतलहर के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक होगी।

### अंतरजिला तबादला वाले शिक्षकों की 10 तक स्कूलों में होगी तैनाती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** अंतर जिला तबादला किए गए शिक्षकों को स्कूल में तैनाती की कवायद तेज हो गई है। इसके पहले 31 दिसंबर तक नालंदा को छोड़कर सभी जिलों ने पात्र शिक्षकों को प्रखंडों का आवंटन कर दिया है। शिक्षा विभाग ने 10 जनवरी तक स्कूल आवंटन की समय सीमा निर्धारित कर दी है। शिक्षा विभाग के आधिकारिक जानकारी के अनुसार गुरुवार को कैमूर, कटिहार, सुपौल और किशनगंज आदि जिलों ने प्रखंड आवंटन के बाद स्कूल आवंटन की कवायद शुरू कर दी है। यह पूरी कवायद ई शिक्षा कोष के माध्यम से की जा रही है। बता दें कि अंतर जिला के लिए 41,689 आवेदन आए थे।

### खाद की कालाबाजारी में दुकान का लाइसेंस निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कृषि विभाग ने नौबतपुर प्रखंड की करंजा पंचायत के मे. कृष्णा इंटरप्राइजेज का उर्वरक विक्रय का लाइसेंस तत्काल निलंबित करने का निर्णय लिया है। विभाग ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी। विभाग ने कहा है कि कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के निर्देश पर किसानों के हितों की रक्षा और उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गड़बड़ी करनेवालों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार में इस साल होगी बंपर बहाली

## एक करोड़ नौकरी और रोजगार के लक्ष्य पर काम कर रही नीतीश सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार बिहार में एक करोड़ नौकरी और रोजगार के लक्ष्य पर पूरा काम कर रही है। सीएम नीतीश कुमार खुद इसके लिए तीन बैठक कर चुके हैं। दो दिन पहले ही शिक्षा विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पदभार संभालते ही 30 हजार से अधिक नौकरी की बात केवल अपने विभाग में की थी। सरकारी सूत्रों की मानें तो नए साल में नीतीश सरकार सवा लाख से अधिक पदों पर वैकेंसी निकालने की तैयारी में है। इसको लेकर कवायद तेज कर दी गई है। खरमास बाद वैकेंसी आने का सिलसिला जारी होगा। सीएम नीतीश कुमार का कहना है कि हमलोगों ने आगामी पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में नीतीश सरकार करीब एक लाख 38 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने की तैयारी में है। सबसे अधिक नियुक्तियां शिक्षा, गृह और स्वास्थ्य विभाग में होने की संभावना है। सरकार का दावा है कि खाली पदों को तेजी से भरने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और नई भर्तियों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक शिक्षा विभाग, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पड़े हैं। इसके अलावा पंचायती राज, नगर विकास, ऊर्जा, कृषि, जल संसाधन, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, भवन निर्माण, समाज कल्याण, श्रम संसाधन, नगर विकास, पशुपालन, खेल, उद्योग, सूचना एवं जनसंपर्क समेत कई विभागों में हजारों पदों पर बहाली होनी है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस साल सबसे अधिक वैकेंसी शिक्षक और सिपाही के पदों पर निकलेगी। शिक्षा विभाग में दो लाख, स्वास्थ्य विभाग में 60 हजार और गृह विभाग में 40 हजार से अधिक खाली पद रिक्त हैं। सबसे पहले शिक्षक के करीब 28 हजार पदों पर वैकेंसी निकलेगी। इसके बाद साढ़े पांच हजार (शेष पृष्ठ 11 पर)

# सभी अधिकारियों की संपत्ति होगी सार्वजनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के साथ ही अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने वर्ष 2025 में अर्जित संपत्ति का ब्योरा 31 दिसंबर को सार्वजनिक कर दिया। इसी कड़ी में अब आईएएस-आईपीएस के साथ ही प्रदेश सरकार के अधिकारियों को संपत्ति का ब्योरा देने के लिए सरकार ने समय सीमा निर्धारित कर दी है। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन की ओर से इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिवों के साथ ही प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को अवगत करा दिया है। प्रशासनिक सुधार मिशन के निदेशक बी.राजेन्दर की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि भारतीय सेवा के सभी पदाधिकारी, सिविल सेवा व अन्य सेवाओं के अधिकारी समेत राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अफसर-कर्मियों को वर्ष 2025 में अर्जित संपत्ति का ब्योरा सरकारी वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। इसका समय सीमा निर्धारित की गई है। उसी के अनुरूप अफसर-कर्मी मिशन को समेकित रूप से संपत्ति अर्जन का ब्योरा मुहैया करा दें। आदेश के अनुसार निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, समूह क से ग के सभी अधिकारियों को नौ जनवरी 2026 तक मिशन के निर्धारित परफार्मा में पंजीकृत करना होगा। 15 जनवरी तक सूची को सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। 15 मार्च तक सभी पदाधिकारी-कर्मचारी की चल एवं अचल संपत्ति और देनदारी के दस्तावेज हस्ताक्षर के साथ मिशन कार्यालय को प्राप्त होने की समय सीमा होगी। इसके बाद 31 मार्च तक संपत्ति को आधिकारिक जानकारी मिशन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। इस आदेश के आधार पर प्राथमिकता में इस कार्य को करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध घुसपैठ करते तीन बांग्लादेशी नागरिक और एक भारतीय गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का एक गंभीर मामला सामने आया है। रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों और उन्हें बॉर्डर पार कराने में मदद कर रहे एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। यह मामला मोतिहारी जिले के भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर का है। 31 दिसंबर 2025 की रात करीब नौ बजे भारत और नेपाल को जोड़ने वाले मैत्री ब्रिज पर एसएसबी जवानों ने नेपाल से भारत की ओर आ रहे चार लोगों को रोककर पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि इनमें से तीन लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं जबकि चौथा व्यक्ति भारतीय नागरिक है, जो इन तीनों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने में मदद कर रहा था। गिरफ्तार भारतीय नागरिक की पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के निवासी सरफराज अंसारी के रूप में की गई है। बताया गया है कि सरफराज नेपाल में रहकर सिलाई का काम करता है। वहीं गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान शाहीनूर रहमान, मो. सोबुज और मो. फिरोज के रूप में हुई है। एसएसबी की पूछताछ में सामने आया है कि तीनों बांग्लादेशी नागरिक टूरिस्ट वीजा पर नेपाल पहुंचे थे। इसके बाद वे नेपाल में रह रहे भारतीय नागरिक सरफराज अंसारी के संपर्क में आए और दो-तीन दिन उसके साथ रहने के बाद अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।

# सीएम नीतीश ने इको पार्क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नववर्ष के अवसर पर राजधानी पटना के इको पार्क में खास रौनक देखने को मिली जब मुख्यमंत्री नववर्ष की सुबह यहां भ्रमण के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही इको पार्क में मौजूद लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ नए साल का जश्न मनाने पहुंचे थे जिनके बीच मुख्यमंत्री का सादगीपूर्ण अंदाज चर्चा का विषय बना रहा। मुख्यमंत्री ने इको पार्क परिसर में पैदल भ्रमण किया और वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने हाथ जोड़कर नए साल की शुभकामनाएं दीं और बच्चों व युवाओं से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग खासे उत्साहित नजर आए और कई लोगों ने मोबाइल फोन से तस्वीरें व वीडियो भी बनाए। सुरक्षा के व्यापक इंतजामों के बीच मुख्यमंत्री का भ्रमण शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इको पार्क में भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने पार्क की साफ-सफाई, हरियाली और रखरखाव की व्यवस्था का जायजा भी लिया। अधिकारियों को पार्क की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए ताकि यहां आने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थल लोगों के स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इन्हें स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। नववर्ष पर इको पार्क में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। बच्चों के लिए बने खेल क्षेत्र, झील के आसपास का इलाका और हरियाली लोगों को आकर्षित कर रही थी। मुख्यमंत्री के आगमन से पार्क में उत्सव का माहौल और भी खास हो गया। कई लोगों ने कहा कि नए साल की शुरुआत मुख्यमंत्री के दर्शन से होना उनके लिए यादगार बन गया। मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से शहर में सार्वजनिक स्थलों की व्यवस्थाओं और लोगों की सुविधाओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल राज्य के विकास, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आए, यही कामना है। मुख्यमंत्री का यह सादा और सहज अंदाज एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना और नववर्ष के पहले दिन इको पार्क का माहौल यादगार बन गया।

# सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की बिहार डायरी व कैलेण्डर का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार सरकार के सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी एवं कैलेण्डर 2026 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया। बिहार आज आत्मविश्वास और संकल्प के साथ उस विकास यात्रा पर है जहां प्रगति योजनाओं से आगे बढ़कर जनजीवन का हिस्सा बन गई है। कैलेंडर-2026 में इस परिवर्तन एवं विकसित बिहार के सपने को साकार करने के लक्ष्यों के साथ राज्य में किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को समावेशित किया गया है। सात निश्चय 3.0 'विकसित बिहार का आधार है, जो हर नागरिक के जीवन में अवसर, सुविधा और सम्मान जोड़ता है। 'प्रतिव्यक्ति दुगुना रोजगार, दुगुनी आय, समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार, 'कृषि में प्रगति-प्रदेश की समृद्धि, 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य, 'सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन, 'मजबूत आधार-आधुनिक विस्तार और 'सबका सम्मान-जीवन आसान जैसे निश्चय आत्मनिर्भरता की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में निवेश, उद्योग और कृषि तथा सहकारिता ने विकास का नया त्रिकोण बनाया है। शिक्षा और कौशल विकास योजनाओं ने युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया है, वहीं एक करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य बिहार को आत्मनिर्भर बना रहा है। आईटी नीति 2024, स्टार्टअप बिहार और डिजिटल स्किल सेंटरों ने नवाचार को नई गति दी है। संस्कृति, पर्यटन और ग्रामीण ढांचे में तेजी से सुधार हुआ है। जेपी गंगा पथ, मेट्रो और एयरपोर्ट परियोजनाएं संपर्क और निवेश के प्रतीक बने हैं। जीविका से जुड़ी 1.40 करोड़ महिलाएं सशक्तिकरण की मिसाल हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं, खेल और मखाना उद्योग ने बिहार को नई पहचान दी है। सुशासन, नीति-स्थिरता और जन-भागीदारी मिलकर विकसित बिहार के उज्ज्वल भविष्य की (शेष पृष्ठ 11 पर)

# सोना लूटकांड में रेल थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया में चलती ट्रेन में हुई सोना लूट कांड का खुलासा होने के बाद सरकारी रेल पुलिस के भीतर फैले भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पटना रेल एसपी ने इस मामले में गया रेलवे थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की है। यह घटना 21 नवंबर 2025 की है, जब हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक कारोबारी के स्टाफ से कथित तौर पर एक किलोग्राम सोना लूट लिया गया था। इस मामले में 29 नवंबर को गया रेलवे थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पटना रेल एसपी के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया जिसमें गया रेलवे थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आई। इसके बाद गया रेलवे स्टेशन हाउस ऑफिसर राजेश कुमार सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें रेलवे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गहन जांच के लिए तीन डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार जीआरपी के जवानों ने ट्रेन में यात्रा कर रहे धनंजय शाश्वत के साथ मारपीट की और उनसे करीब 1.44 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलोग्राम सोना लूट लिया। यह घटना ट्रेन के गया जंक्शन पहुंचने से पहले की बताई जा रही (शेष पृष्ठ 11 पर)

# मुख्यमंत्री ने अपनी मां को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को अपनी माता स्वर्गीया परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माता-पिता और पत्नी की स्मृति में निर्मित वाटिका में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री सुबह करीब दस बजे सड़क मार्ग से कल्याण बिगहा पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने गांव के देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद कविराज राम लखन सिंह वाटिका पहुंचकर अपनी माता परमेश्वरी देवी, पिता और पत्नी की आदमकद प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को नव वर्ष की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि बिहार नव वर्ष 2026 में नव संकल्पों की तेज यात्रा पर चलेगा। आइये, हम सभी इस संकल्प यात्रा के सहयात्री बनें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद जब मुख्यमंत्री वाटिका से बाहर निकले तो कई फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री हाथ जोड़ते हुए आगे बढ़ गए जबकि फरियादियों के आवेदन अधिकारियों ने ले लिए। फरियादियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह पहले भी कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन अब तक किसी तरह की पहल नहीं हुई। एक फरियादी ने बताया कि पिछली बार भी आवेदन दिया गया था पर समस्या जस की तस बनी हुई है। दो साल से हमलोग फरियाद लगाकर थक चुके हैं। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने फौरन अधिकारियों को फरयादियों की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्मृति वाटिका और आसपास के इलाके में कड़ी सुरक्षा (शेष पृष्ठ 11 पर)

गन्ना उद्योग विभाग
बिहार सरकार

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (2025-26)

गुड़ उत्पादन इकाइयों के लिए किसानों/निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

गन्ना किसानों/निवेशकों द्वारा गुड़ इकाई की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा 05–20 टन, 21–40 टन, 41–60 टन तथा 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई क्षमता वाली इकाइयों को उनकी पूंजी लागत का 50% ( क्रमशः अधिकतम ₹6 लाख, ₹15 लाख, ₹45 लाख एवं ₹ 1 करोड़ ) तक अनुदान का प्रावधान है।

आवेदन हेतु ccs.bihar.gov.in पर जाएं।



अष्टम चरण
अंतिम तिथि: 25 जनवरी 2026



0612-2215788 | 09:30AM - 06:00PM (सभी कार्य दिवस)

अधिक जानकारी हेतु अपने जिले के संबंधित सहायक निदेशक, ईख विकास / ईख पदाधिकारी से संपर्क करें।

PR No. 020905 (Sugarcane)D.2025-26

# ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों और प्रगति का वर्ष रहा 2025

## बिहारवासियों को 125 यूनिट तक फ्री बिजली की सौगात, ऊर्जा विभाग को राजस्व में रिकॉर्ड लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार ने वर्ष 2025 में ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य आज चौबीस घंटा गुणवत्ता पूर्ण, सस्ती और सतत बिजली आपूर्ति का प्रतीक बन चुका है। बिजली की बढ़ती मांग राज्य में औद्योगिक निवेश और आधारभूत संरचना के तीव्र विकास का संकेत है। ऊर्जा विभाग ने वर्ष 2025 को उपलब्धियों, नवाचार और आत्मनिर्भरता का वर्ष बनाया है। वर्ष 2025 की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में 24गुणे 7 गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति हो रही है। बिजली मांग में बढ़ोतरी राज्य में निवेश और आधारभूत संरचना विकास का संकेत है। राज्यवासियों को सस्ती, सुलभ और सतत बिजली उपलब्ध कराने के लिए समर्पित ऊर्जा विभाग के लिए 2025 उपलब्धियों का साल रहा। ऊर्जा सचिव और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने कहा नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ ऊर्जा विभाग, बिहार राज्यवासियों को सस्ती, सुलभ और सतत बिजली उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। ताकि विकास की रोशनी हर घर तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल रही है। इससे राज्य के करीब 90 फीसदी घरेलू उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल शून्य आ रहा है। अन्य सभी विद्युत उपभोक्ताओं के लिए सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल रु 19,792 करोड़ का अनुदान देकर देशभर में ऊर्जा क्षेत्र में कीर्तिमान बनाया है। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सिंचाई के लिए सभी किसानों एवं कोल्ड स्टोरेज को 55 पैसे प्रति यूनिट बिजली मिल रही है जिससे अब बिजली से खेती डीजल के मुकाबले 10 गुना सस्ती हो गयी है। इससे किसानों की आमदनी और आम जन के लिए सस्ती कृषि उत्पादों की उपलब्धता बढ़ी है। हर खेत तक बिजली के लक्ष्य को समर्पित मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के दूसरे चरण में 80 फीसदी काम समय से पहले पूरा हुआ है। 2026-27 के लिए तय 4.79 लाख कृषि कनेक्शनों के लक्ष्य में से 3.86 लाख निःशुल्क कनेक्शन दिए जा चुके हैं। साथ ही पीएम कुसुम योजना के तहत 1121 उपकेंद्रों से जुड़े 3681 कृषि फीडरों का सोलराइजेशन कार्य शुरू हो चुका है। इससे किसान सौर ऊर्जा से सिंचाई और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय बढ़ा सकेंगे। बिहार देश का अग्रणी राज्य है जहां 82 लाख से अधिक स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जा चुके हैं जिससे उपभोक्ता 25 पैसे प्रति यूनिट छूट का लाभ उठा रहे हैं। फ्यूज कॉल सेंटर (1912), सोशल मीडिया और एकीकृत सीआरएम प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ता शिकायतों का समय पर निवारण किया जा रहा है।

**अक्षय ऊर्जा में अग्रणी बन रहा बिहार, छह महीने के भीतर 13 हजार करोड़ का निवेश**

अक्षय और सतत ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों के लिए कई विशेष छूटों के साथ बिहार में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 को मंत्रिपरिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही ऊर्जा भंडारण की दीर्घकालिक व्यवस्था विकसित करने तथा ग्रिड स्थिरता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिहार पंप्ड स्टोरेज संवर्धन नीति 2025 अधिसूचित हुई। उल्लेखनीय है कि नीति के अधिसूचित होने के मात्र छह महीने के भीतर राज्य में नवादा में दो पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के लिए 13000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। साथ ही भागलपुर के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट की ताप विद्युत संयंत्र परियोजना का निर्माण होगा जिसके लिए करीब 26,400 करोड़ रुपये का निवेश राज्य को प्राप्त हुआ है। यह राज्य में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है। इस परियोजना में 800 मेगावाट की 3 इकाइयां स्थापित की जाएंगी जिनसे करीब 10 से 12 हजार नौकरियां सृजित होंगी।

# मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर का किया लोकार्पण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर 2026 का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य पी.एन. राय, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य नरेन्द्र कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य प्रकाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अनिल कुमार सहित बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दबाव में लिया गया निर्णय कबूल नहीं : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अब समान मामलों में अलग-अलग निर्णय लेने पर रोक लगेगी। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा है कि राजस्व प्रशासन में समानता, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संविधान के अनुच्छेद-14 के अनुरूप समान परिस्थिति वाले मामलों में समान निर्णय देना प्रत्येक राजस्व पदाधिकारी का दायित्व है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्तर पर मनमानी, भेदभाव या दबाव में लिया गया निर्णय स्वीकार्य नहीं होगा। राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट-3 के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के लक्ष्य को तभी साकार किया जा सकता है जब आम नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी जमीन और अधिकारों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष और एकरूप कार्रवाई होगी। इधर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल द्वारा एक पत्र भी जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि सभी राजस्व पदाधिकारी संविधान के अनुच्छेद-14 और समता सिद्धांत का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे ताकि समान परिस्थिति वाले मामलों में समान निर्णय सुनिश्चित हो सके। पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट-3 के स्तंभ-7 सबका सम्मान-जीवन आसान के लक्ष्य को साकार करने के लिए राजस्व प्रशासन में मनमानी पर रोक लगाना आवश्यक है। भूमि सुधार जन कल्याण संवाद-2025 के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में विधिक ज्ञान और प्रशिक्षण के अभाव में समान मामलों में भिन्न-भिन्न आदेश पारित किए जा रहे हैं जो न केवल अनुच्छेद-14 का उल्लंघन है बल्कि लोक विश्वास को भी कमजोर करता है।

## नववर्ष 2026 पर अन्नदाता किसानों को हार्दिक शुभकामनाएं

# किसानों की उन्नति से ही बिहार की समृद्धि : राम कृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने नववर्ष 2026 के अवसर पर राज्य के समस्त अन्नदाता किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषक उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं कृषि से जुड़े प्रत्येक कर्मयोगी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा कि किसानों के सम्मान, हित और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसानों को किसी भी हाल में परेशान नहीं होने दिया जाएगा। यह राज्य सरकार की स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प है। मंत्री ने कहा कि बिहार का किसान केवल उत्पादन तक सीमित न रहे, बल्कि खेत से ग्लोबल की अवधारणा के तहत अब राज्य के कृषि उत्पाद राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचे। इसी दिशा में कृषि विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। राज्य से सब्जी, फल, मक्का, चावल, मसाले एवं अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, गुणवत्ता मानकों और बाजार संपर्क पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने, लैब टू लैंड, वैल्यू एडिशन, फूड प्रोसेसिंग और निर्यातोन्मुख कृषि को जो राष्ट्रीय दिशा दी गई है, बिहार सरकार उसे पूरी मजबूती से अपनाकर आगे बढ़ा रही है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग, वेयरहाउस, डेयरी, मत्स्य एवं कृषि-आधारित लघु उद्योगों के माध्यम से किसानों को स्थानीय स्तर पर ही बाजार, मूल्य और रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा हमारी सरकार का लक्ष्य है कि किसान केवल कच्चा माल बेचने वाला न रहे, बल्कि मूल्य संवर्धन के माध्यम से लाभ का भागीदार बने। खेत में उगाई गई फसल जब फैक्ट्री, ब्रांड और ग्लोबल मार्केट तक पहुंचेगी, तभी किसान की आय स्थायी रूप से बढ़ेगी। उन्होंने दोहराया कि कृषि विभाग का स्पष्ट संकल्प है कि किसानों को उचित मूल्य और सशक्त बाजार व्यवस्था देना, कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना, कृषि आधारित उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना, युवा किसानों और एग्री-स्टार्टअप को अवसर प्रदान करना और हर स्तर पर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना। मंत्री ने कहा कि किसान खुशहाल होगा, तभी बिहार आत्मनिर्भर बनेगा।

# उर्वरक की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई, नौबतपुर के प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किसानों के हितों की रक्षा और उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। नौबतपुर प्रखंड में उर्वरक की कालाबाजारी के आरोप में एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। कृषि विभाग को नौबतपुर प्रखंड के किसानों से शिकायत मिली थी कि ग्राम पितमास, पंचायत करंजा स्थित उर्वरक प्रतिष्ठान कृष्णा इंटरप्राइजेज द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया की बिक्री की जा रही है। किसानों ने शिकायत के साथ घटना का वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध कराया था जिससे प्रथम दृष्टया अनियमितता की पुष्टि हुई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग ने त्वरित जांच कराई। जांच में यह पाया गया कि संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, एफसीओ 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। दोष सिद्ध होने के बाद विभाग ने तत्काल प्रभाव से कृष्णा इंटरप्राइजेज का उर्वरक विक्रय लाइसेंस निलंबित करने का निर्णय लिया। कृषि विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी या तय मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। विभाग ने अधिकारियों को उर्वरक वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने और किसानों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि किसी भी तरह की अनियमितता की जानकारी तुरंत विभाग या जिला प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कठोर कदम उठाए जा सके।

# सूर्य मंदिर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** जिले के लारी गढ और पंतित सूर्य मंदिर का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया और पर्यटन की संभावनाओं के बारे में स्थानीय लोगों और पदाधिकारी से बात किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों स्थानों को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करे। ताकि इन दोनों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके और उनके ऐतिहासिक महत्व को राज्य और देश स्तर पर जानकारी उपलब्ध की जा सके।

## नववर्ष 2026 पर संजय सरावगी ने महावीर मंदिर में की पूजा-अर्चना

# घुसपैठियों के वोटों से जीत का सपना देख रहा विपक्ष, जनता देगी करारा जवाब : भाजपा अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर बिहार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय सरावगी पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे और वीर बजरंगबली की विधिवत पूजा-अर्चना कर बिहार की प्रगति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर महावीर मंदिर के पुजारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को आशीर्वाद स्वरूप अंगवस्त्र प्रदान किया। पूजा-अर्चना के उपरांत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा नववर्ष के प्रथम दिन महावीर मंदिर में दर्शन-पूजन कर वीर बजरंगबली से प्रार्थना की है कि बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े, प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि आए और बिहार भाजपा जनसेवा के संकल्प के साथ और सशक्त हो। इस दौरान एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा बिहार में भी एसआईआर हुआ, लेकिन विपक्ष एसआईआर-एसआईआर करता ही रह गया और उसका सूपड़ा साफ हो गया। एसआईआर आम जनता के लिए कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने सवालिया लहजे में कहा क्या विपक्ष चाहता है कि बांग्लादेशी, रोहिंगिया और घुसपैठिये मतदान करें जो लोग स्थायी रूप से कहीं और चले गए या जिनका निधन हो चुका है उनके नाम मतदाता सूची में बने रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान एक भी मतदाता ने यह नहीं कहा कि उसका नाम गलत तरीके से काटा गया है। विपक्ष केवल भूमिका बांध रहा है। वह घुसपैठियों के वोटों के सहारे चुनाव जीतना चाहता है। संजय सरावगी ने कहा कि आम जनता विपक्ष की मंशा को भली-भांति समझ चुकी है। पश्चिम बंगाल में भी इस बार विपक्ष का सूपड़ा साफ होना तय है।

# पंचरूपी हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नव वर्ष के मौके पर राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आस्था का सैलाव देखने को मिला और लगभग पचास हजार से अधिक भक्तों ने भगवान हनुमान जी का दर्शन किया। इस संबंध में मंदिर प्रबंध न्यास समिति के सदस्य व मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि सुबह 6 बजे मंदिर खुलने के बाद से मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार देखी गयी। पुरुष भक्तों की कतार जहां बीपीएससी तक तो महिला भक्तों की कतार नवीन सिनहा पार्क तक देखी गयी। मीडिया समन्वयक ने बताया कि नये साल को देखते हुए मंदिर प्रशासन व शास्त्रीनगर थाने की ओर से भक्तों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया था भक्तों की सुविधा के लिए कतार में भक्त को कोई दिक्कत न हो इसका भी ख्याल रखा गया था। मंदिर प्रशासन की ओर से मंदिर की सभी पुजारियों को सुबह 6 बजे से रात्रि के दस बजे तक मंदिर में मौजूद रहने का निर्देश था और मंदिर के न्यास समिति के सदस्यों के साथ सभी पुजारियों व कर्मचारियों ने विशेष सहयोग किया। भक्तों का प्रसाद चढ़ाने के लिए मंदिर के गर्भ गृह से सुबह से शाम तक लगातार चार पुजारी मौजूद रहे। इसके अलावा वाहन पूजा व रामलला मंदिर में भी पुजारी दिनभर तैनात रहे। मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन दिनभर निगरानी करते रहे। उनके साथ मंदिर न्यास समिति के कोषाध्यक्ष इंदुभूषण कश्यय, न्यास समिति के सदस्य आलोक कुमार, मोहित प्रकाश, प्रेम कुमार, राजकिशोर सिंह, डॉ सुनील कुमार सिंह, लालबाबू के अलावा मुख्य पुजारी संतोष कुमार तिवारी, पुजारी सुरेन्द्र दुबे, शिवकांत झा, राजेश झा, धीरज दुबे, अजय झा, बिरजु मिश्रा, सुबोध तिवारी, साकेत परासर, ओम तिवारी, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा, संजीव रंजन, रामवली पासवान व उमेश प्रसाद दिन भर मंदिर में रहकर भक्तों के सहयोग के लिए हाथ बटाते रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक, पटना मुख्य शाखा ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मुख्य शाखा ने ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य से विशेष कंबल वितरण का आयोजन किया। इस पहल के तहत हमारे सहायक महाप्रबंधक गुंजन कुमार, मुख्य प्रबंधक दीपक कुमार, उप प्रबंधक फारूख जमाल रिजवी, उप प्रबंधक बाल्मिकी ओझा एवं वरिष्ठ सहायक बिरजू यादव ने गरीब और बेघर लोगों को मुफ्त में गर्म कंबल वितरित किया। ताकि वे इस कड़ाके की ठंड से बच सकें। इस उपलक्ष्य में हमारे सहायक महाप्रबंधक गुंजन कुमार ने कहा हमारा उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना है। इस सर्दी के मौसम में जब तापमान काफी नीचे गिर रहा है, यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन लोगों की मदद करें जो ठंड से खुद को बचाने में असमर्थ हैं। इस पहल के माध्यम से संगठन समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में गरीब परिवार, बेघर लोग और समाज के अन्य वंचित वर्ग के लोग शामिल किया गया। भारतीय स्टेट बैंक समाज कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है और ऐसी पहलों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करता रहा है।

# 11-12वींके 10 हजार शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण पांच से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 11-12वीं के 10060 शिक्षकों के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की नई तिथि जारी कर दी गई है। इन शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण पांच जनवरी से शुरू होगा और 9 जनवरी तक चलेगा। सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण संस्थानों से संबद्ध कर दिया गया है। पटना जिले के पांच शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल 925 शिक्षकों को टैग किया गया है। मालूम हो कि इन शिक्षकों को प्रशिक्षण पहले 29 दिसंबर से 3 जनवरी तक निर्धारित था, लेकिन ठंड की छुट्टी पड़ने से प्रशिक्षण को स्थगित कर दिया गया था। एससीईआरटी ने पुर्ननिर्धारित तिथि पर सभी टैग किए गए शिक्षकों को संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# जैन धर्मावलंबियों ने नववर्ष पर मुनि विशल्य सागर जी के सानिध्य में किया शांतिधारा एवं भक्तामर विधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नववर्ष के पावन अवसर पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा आचार्य परंपरा के तेजस्वी संत मुनि विशल्य सागर जी महाराज के सानिध्य में भव्य शांतिधारा एवं भक्तामर विधान का आयोजन कालीबीबी कटरा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, देश एवं समाज की समृद्धि और आत्मिक उन्नति की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल मंगलाचरण के साथ हुई जिसके उपरांत भगवान जिनेंद्र देव की विधिवत अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। शांतिधारा के दौरान मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। भक्तामर स्तोत्र का पाठ मन, वचन और कर्म–तीनों की पवित्रता का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में जैन समाज के मुकेश जैन, अशोक जैन छाबड़ा, सुनील छाबड़ा, तिलक जैन, पंकज जैन, मनोज बड़जात्या, आशीष जैन, धीरज जैन सेठी सहित काफी अधिक संख्या में वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन के सफल संचालन में सभी का सराहनीय योगदान रहा। अंत में विश्व शांति की कामना के साथ

# स्प्री योजना की अवधि 31 जनवरी 2026 तक विस्तारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही विशेष योजना स्प्री 2025, जिसकी अवधि पूर्व में 1 जुलाई 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित थी, को अब विभिन्न नियोक्ता, संगठनों, निगम सदस्यों तथा राज्य सरकारों के अनुरोध पर ईएसआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा एक माह के लिए बढ़ाकर 31 जनवरी 2026 तक कर दिया गया है। यह योजना नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण का एक बार मिलने वाला विशेष अवसर प्रदान करती है जिसके अंतर्गत 10 या 10 से अधिक कर्मचारी रखने वाले नियोक्ता / संस्थान बिना पूर्व देयताओं तथा निरीक्षण की जबावदेही के पंजीकरण करा सकते हैं। बिहार क्षेत्र में ईएसआईसी के अधिकारियों/कर्मचारियों ने विजिट के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे संस्थान चिन्हित किए गए हैं जो सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (पूर्व में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948) के अंतर्गत व्याप्ति योग्य पाए गए हैं, किन्तु अब तक पंजीकृत नहीं हुए हैं। इन सभी नियोक्ताओं/संस्थानों के साथ लगातार संपर्क एवं पंजीकरण में मदद की जा रही है। ताकि उन्हें पूर्व की देयता, हर्जाना एवं दण्डात्मक कार्यवाही से बचने के लिए समय पर पंजीकरण कराया जा सके। ईएसआईसी बिहार के क्षेत्रीय निदेशक 'सीए निरंजन कुमार' ने नियोक्ताओं, उनके संगठनों एवं संबंधित हितधारकों से यह अपील की है कि वे एक माह के लिए प्रदान किए गए अतिरिक्त अवधि का पूर्ण लाभ उठाते हुए अपने संस्थान एवं कर्मचारियों को 31 जनवरी 2026 तक ईएसआई योजना के तहत अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराएं।

# माघ मेला पर प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर सात जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु निम्नलिखित ट्रेनों का 2 मिनट का अतिरिक्त अस्थाई ठहराव प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर निम्न तिथियों में प्रदान किया जा रहा है। जयनगर से 01 से 04, 12 से 24 एवं 29 से 31 जनवरी, 01 तथा 12 से 15 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक पवन एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 1 से 4, 12 से 24 एवं 29 से 31 जनवरी, 01 तथा 12 से 15 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक-जयनगर पवन एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। सीतामढ़ी से 01 से 05, 13 से 25, 30, 31 जनवरी, 01, 02 एवं 13 से 16 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार लिच्छवी एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। आनन्द विहार टर्मिनस से 01 से 05, 13 से 26, 30, 31 जनवरी, 01, एवं 12 से 15 फरवरी, 2026 को खुलने 14006 आनन्द विहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। दानापुर से 04, 14, 18, 21, 25 जनवरी, 01 एवं 15 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। उधना से 03, 13, 17, 20, 24 जनवरी एवं 14 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। जयनगर से 01 से 04, 09, 12 से 24, 29 से 31 जनवरी, 01, 12 से 15 फरवरी, 2026 को खुलने वाली 12561 जयनगर-नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा।

# खिलाड़ियों को मेहनत और एकाग्रता से खेलना चाहिए : सुधाकर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के नेचर विलेज टंडवा गांव के खेल मैदान में होने वाले तीन दिवसीय टीपीएल सीजन 15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का दूसरे दिन का उद्घाटन आरजेडी नेता सह बक्सर लोकसभा सांसद सुधाकर सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार, थानाध्यक्ष शिवम कुमार व नंद कुमार सिंह (पैक्स अध्यक्ष बेरकप) व रंजन यादव मौजूद थे। वहीं आयोजकों ने सुधाकर सिंह सहित सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। सुधाकर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में काफी चुनौतीयां है। इस चुनौतियों से हमें निकलने का प्रयास करनी होगी। आज के नये युवा को नये रास्ते निकालने होंगे। आज किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वही खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धक करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को लग्न के साथ खेलने से लक्ष्य की अवश्य ही प्राप्ति होती



है। इसलिए सभी खिलाड़ियों को मेहनत और एकाग्रता से खेलनी चाहिए। कहा कि खिलाड़ी कभी हारता नहीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन ऐसे आयोजन से काफी मनोरंजक पूर्ण हो जाता है। लोग पार्टी के जगह खेल का आनंद ले रहे हैं। इसके बाद सुधाकर सिंह मुखिया अनिल कुमार को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और नव वर्ष की बधाई दी। बताते चलें कि पहले दिन के चौथी मैच श्याम इलेवन (आयरकोठा) बनाम राहुल इलेवन के बीच खेला गया जिसमें श्याम इलेवन ने छह ओवर में 72 रन बनाए जबकि राहुल इलेवन ने सात विकेट गंवाते हुए 51 रन बनाए जहां 19 रन से श्याम इलेवन ने जीत दर्ज कराई। वहीं मैन ऑफ द मैच मनीष मिशीर बने और क्वाटर फाइनल में जगह बना लिया। वहीं नये साल की सुबह यानी गुरुवार को पांचवां मैच नासरीगंज बनाम मां इलेवन (रोहतास) के बीच चार ओवर का हुआ जिसमें जहां मां इलेवन ने चार ओवर में 50 रन बनाए। वहीं नासरीगंज की टीम ने पांच विकेट गंवाते हुए 18 रन ही बना पाए। 32 रन से जीत दर्ज कराते हुए मां इलेवन रोहतास ने क्वाटर फाइनल में जगह सुरक्षित कर ली। वहीं मैन ऑफ द मैच आशीष बने। वही गुरुवार को दूसरा मैच मझिआंव चौंपियन बनाम आयरकोठा के बीच खेला गया जिसमें आयरकोठा ने छह ओवर में 57 रन बनाए जबकि मझिआंव ने चौथी ओवर में 58 रन का लक्ष्य पूरा करते हुए आठ विकेट से मैच जीत लिया। वहीं मैन ऑफ द मैच ज्ञानेश्वर बने। तीसरा मैच अहरांव बनाम मंगीतपुर बीच हुआ जहां मंगीतपुर ने 73 रन बनाए। वहीं अहरांव ने चार विकेट गंवाते हुए 44 रन पर ही सिमट गये। वहीं 29 रन से मंगीतपुर ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं मंगीतपुर के मैन ऑफ द मैच निशात बने। चौथा मैच शिवकलां मंदिर आयरकोठा बनाम वैष्णवी स्पोर्ट्स अकोढ़ीगोला के बीच खेला का मुकाबला जारी था जहां वैष्णवी स्पोर्ट्स अकोढ़ीगोला की जीत हुई और सेमीफाइनल में जगह बना ली। खबर लिखे जाने तक खेल का निष्कर्ष स्पष्ट नहीं हो पाई थी। वहीं अम्पायर की मुख्य भूमिका मनोज सिंह, मुकेश कुमार, खुर्शीद अनवर, कुमुद नारायण सिंह(शिक्षक) ने निभाई तो कमेन्ट्री की शब्दावली से शिक्षक उदयकांत चौधरी और दिलकिशोर कुमार अम्बुज ने रोमांचक बना दिया। आज सेमीफाइनल व फाइनल मैच का मुकाबला होगा जबकि पहला सेमीफाइनल मझिआंव बनाम वैष्णवी स्पोर्ट्स अकोढ़ी गोला के बीच खेला जायेगा।

# नववर्ष पर मां तुतला भवानी के दर्शन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## धाम परिसर में पर्यटकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी के गोद में स्थित मां तुतला भवानी धाम पर्यटक स्थल पर नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का भारी भीड़ उमड़ पड़ी जहां एक तरफ श्रद्धालु आस्था एवं विश्वास का प्रतीक मां तुतला भवानी धाम का दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं वही दूसरी तरफ पूरे बिहार में मुख्य पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध तुतला धाम पर्यटक स्थल पर नववर्ष के मौके पर पिकनिक के लिए भारी संख्या में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। इसकी जानकारी देते हुए फॉरेस्टर सुमित कुमार ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को मां तुतला भवानी का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुबह से ही तांता लगने लगी। सुबह में कुहासा के कारण भीड़ कम थी, लेकिन जैसे-जैसे धूप निकलते गया वैसे-वैसे पर्यटकों की संख्या बढ़ती गई और यह संख्या बढ़कर लाखों से भी ज्यादा देखने को मिली। उन्होंने बताया कि पूरे दिन की भीड़ का आकलन किया गया तो पाया गया कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या एक लाख से भी ज्यादा थी। बताया कि धाम परिसर में शांति व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था ताकि यहां दर्शन करने आये श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध तरीके से मां का दर्शन एवं पूजन किया। बताया कि जहां एक तरफ मंदिर परिसर में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ थी तो वहीं दूसरी तरफ पिकनिक स्पॉट परिसर में पर्यटकों ने भिन्न-भिन्न तरीके के पकवान बनाकर खाते नजर आये। उन्होंने बताया कि पूरे दिन पर्यटकों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से मां तुतला भवानी का दर्शन किया गया और नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# पहली जनवरी को दुर्गावती जलाशय पर पर्यटकों का उमड़ा सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** नववर्ष को कैमूर के दुर्गावती जलाशय (करमचट डैम) पर गुरुवार को पर्यटकों का भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा जहां हजारों लोग प्रकृति का नजारा, वोटिंग का आनंद और पिकनिक मनाने पहुंचे जिससे यह क्षेत्र बच्चों, बच्चियों, युवाओं और परिवारों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बन गया। यहां पर कैमूर और रोहतास जिले के साथ-साथ आसपास के उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों के पर्यटकों को भी आकर्षित किया। यह पर्यटक स्थल प्रखंड मुख्यालय से 20 किलोमीटर की दूरी पर जिला के सीमावर्ती इलाके में स्थित दुर्गावती जलाशय में हजारों पर्यटक पहुंचे। इस दौरान दुर्गावती जलाशय में पर्यटकों ने नाव की यात्रा की। इसके साथ ही लोगों ने यहां पर पिकनिक मनाया। यहां पहुंचकर काफी



संख्या में लोगों ने जलाशय का आनंद लिया। यहां वन विभाग और पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयास से दुर्गावती जलाशय के झील में 4 वोटों की व्यवस्था की गई है जिसमें एक निश्चित शुल्क का पेमेंट करने के बाद पर्यटकों को इसकी सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसी के तहत आज नए साल पर सैकड़ों लोगों ने झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया। पिकनिक मनाने वालों की भीड़ बीते देर रात से ही यहां देखी गई। यहां पर्यटकों को बोटिंग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भभुआ रेंजर के साथ वन विभाग के जवान तैनात रहे। वहीं कैमूर पुलिस के तरफ से सुरक्षा व्यवस्था में ट्रैफिक डीएसपी विजय कुमार गुप्ता एवं करमचट थानाध्यक्ष पंकज कुमार के साथ जिला पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। वही रोहतास पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था में शिथिलता दिखाई गई।

# उर्दू अनुवाद पदाधिकारी इजहार आलम, उर्दू उच्च वर्गीय लिपिक जफर आलम को सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** इजहार आलम अनुवाद पदाधिकारी (उर्दू)-सह-प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग समाहरणालय रोहतास एवं मो. जफर आलम उच्च वर्गीय लिपिक (उर्दू) प्रखंड कार्यालय नासरीगंज रोहतास द्वय सरकारी सेवक 31 दिसम्बर 2025 को अपनी सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए जिसको लेकर जिला कार्यालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग परिसर सासाराम में उक्त दोनों सम्मान योग व्यक्ति का दैनिक 31 दिसम्बर 2025 को विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें किशोर कुमार आनन्द उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग सासाराम के दिशा निर्देश पर समस्त कर्मी, जिला उर्दू भाषा कोषांग, सासाराम के लोग उक्त समारोह में उपस्थित हुए जहां किशोर कुमार आनन्द उप निदेशक अल्सख्यक कल्याण आफताब करीम सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सासाराम, पत्रकार अख्तर ईमाम अंजुम, टीपू सुल्तान, मो. आफताब आलम, मोहन कुमार कर्ण, मो. शाकिब आलम, वकार आजम, इकबाल आजम, किरण कुमारी, शाहिन इकबाल, राजकपूर आजाद, सोहला सर्वत, सायदा खातून, शकीला खातून, इश्तियाक अहमद एवं समस्त उर्दू कर्मी उपस्थित थे जहां सभी उपस्थित कर्मियों एवं सम्मानित लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी एवं अपना अनुभव भी साझा किया। इजहार आलम सेवानिवृत्त अनुवाद पदाधिकारी उर्दू-सह-प्रभारी पदाधिकारी ने अपने संबोधन में उर्दू की प्रगति के लिए किए हुए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वरीय पदाधिकारी से तालमेल बनाकर ईमानदारी और सक्रियता के साथ ससमय कार्य निष्पादन किया जाना चाहिए, इसी से होगी सराहना।

# नेक दिल इंसान व समाजसेवी थे चंद्रदीप राम : राजगृही शर्मा

## मिलजुल कर रहने तथा पढ़ने की सलाह देते थे पिताजी : ददन राम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** समाजसेवी व नेक दिल इंसान थे स्व. चंद्रदीप राम। उक्त बातें प्रखंड क्षेत्र के बेरकप ग्राम में रांची में पदस्थापित सहायक अभियंता ददन राम के पिता स्वर्गीय चन्द्रदीप राम के तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने कहा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सुख-दुख में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। वह पढ़े-लिखे नहीं थे फिर भी अपने बच्चों को संस्कार देते हुए पढ़ा लिखा कर अधिकारी बनाया। वे एक अच्छे कवि थे और शायरी में उनकी रूचि रहती थी। उनके तीन भाई थे, वे सबसे छोटे थे। उनके पांच पुत्र दो पुत्रियां थीं। उनके बड़े पुत्र ललन राम स्वास्थ्य विभाग, दूसरे पुत्र ददन राम सहायक अभियंता, तृतीय पुत्र नंदू राम तथा रामावतार राम, पुलिस अधिकारी, सबसे छोटे पुत्र कृष्णा कुमार रेलवे में अधिकारी हैं। उनके पुत्र ददन राम ने कहा कि हमारे पिताजी हम लोगों को मिलजुल कर रहने और पढ़ने की सलाह देते रहते थे। पुण्यतिथि पर कंबल वितरण के साथ-साथ भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर झारखंड रांची से आए बिनोद कुमार बांके, राम प्रसाद, सुरेंद्र राम, शत्रुघ्न राम, मोहन राम, सोहराई राम, सतीश कुमार, पोता आलोक कुमार, अभिषेक कुमार, नवीन, निलेश, अभिजीत, अभिनव कुमार, पर पोता शौर्या, पोती प्रीति कुमारी, निशि कुमारी, चिंता, सविता, कंचन, हेवन्ती देवी, गुलजारों, निर्मला, संगीता, लालसा तथा बेटी कमला देवी, विमला देवी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री खेल विकास योजना से कैमूर में खेल अवसंरचना का तीव्र विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर खेल अवसंरचना का निर्माण किया गया है। खेल विभाग, बिहार सरकार के मार्गदर्शन में जिले में स्टेडियम, खेल मैदान, खेल भवन-सह-व्यायामशाला तथा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस कड़ी में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 09 आउटडोर स्टेडियम, खेल मैदान का निर्माण कराया गया है जिनमें आठ स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इनमें प्रमुख रूप से जगजीवन स्टेडियम, मोहनियां, श्री कृष्ण उदीप मैदान, मोहनियां, निशान सिंह मैदान, कुदरा, रामदयान सिंह यादव स्टेडियम, भभुआ, सर्वोदय उच्च विद्यालय परिसर, भभुआ के अतिरिक्त भगवानपुर, अधौरा एवं रामपुर प्रखंड के खेल मैदान शामिल हैं। इन परियोजनाओं से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिता हेतु बेहतर मंच उपलब्ध हो रहा है। साथ ही खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण प्रगति पर है। प्रखंड मुख्यालय भभुआ सहित अन्य चिन्हित स्थलों पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिससे इंडोर खेलों एवं फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत बहोरनपुर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने से जिले को एक आधुनिक खेल केंद्र की सौगात मिलेगी। ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत कुल 146 पंचायतों में खेल मैदान निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 124 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 22 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य शेष है। जिला प्रशासन का मानना है कि इन खेल अवसंरचनाओं के माध्यम से कैमूर जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी तैयार होंगे। जिला प्रशासन खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है और भविष्य में भी खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु योजनाबद्ध ढंग से कार्य करता रहेगा।

# बाल संरक्षण योजनाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** समाहरणालय, कैमूर (भभुआ) में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बाल संरक्षण योजनाओं, संस्थानों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि विगत तीन माह में बाल श्रम से मुक्त कराए गए कुल 2 बच्चों का सफलतापूर्वक पुनर्वास किया गया है तथा उन्हें उनके माता-पिता को सौंपा गया है। परवरिश योजना के अंतर्गत जिले में कुल 563 स्वीकृत लाभुकों का विवरण ई-सुविधा पोर्टल पर अपलोड किया गया है जिनमें से वर्तमान में 433 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रायोजन योजना के तहत 126 लाभुकों को सहायता प्रदान की जा रही है। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की भी समीक्षा की गई। योजना अंतर्गत कुल 37,241 स्वीकृत लाभुकों का डेटा अपलोड किया गया है। विगत तीन माह में 222 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी प्रखंडों में प्रखंड, पंचायत एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के गठन की पुष्टि की गई। विशेष दत्तकग्रहण संस्थान, कैमूर में वर्तमान में 02 बच्चे आवासित हैं। वर्ष 2016 से अब तक कुल 72 बच्चों का सफल दत्तकग्रहण कराया गया है जिसमें 9 इंटर-कंट्री एवं 64 इन-कंट्री दत्तकग्रहण शामिल हैं। जिले में संचालित सुरक्षित स्थान, वृद्ध आश्रय गृह, बाल गृह एवं बाल देखरेख संस्थानों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सुरक्षित स्थान, कैमूर में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक के अंत में सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बाल हित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

# राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति केवल ऑनलाइन ही होगी उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश के आलोक में राजस्व अभिलेखों की सत्यापित (नकल) प्रति निर्गत करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। विभागीय निर्देश के अनुसार 1 जनवरी 2026 से पूर्व से प्रचलित भौतिक प्रणाली को समाप्त करते हुए अब राजस्व अभिलेखों की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति को ही विधिमान्य सत्यापित प्रति के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि 1 जनवरी 2026 से राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति (नकल) हेतु किसी भी प्रकार का आवेदन जिला अभिलेखागार कार्यालय, रोहतास के काउंटर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय निर्देशानुसार अब राजस्व अभिलेखों की विधिमान्य सत्यापित (नकल) प्रति प्राप्त करने के लिए भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। आवेदक पोर्टल पर आवेदन कर निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर डिजिटल हस्ताक्षरित सत्यापित प्रति प्राप्त कर सकेंगे। हालांकि 1 जनवरी 2026 से पूर्व काउंटर पर प्राप्त किए गए आवेदनों से संबंधित राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति 8 जनवरी 2026 तक कार्यालय अवधि में प्रदान की जा सकेगी। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में भौतिक प्रणाली के अंतर्गत कार्यालय स्तर से नकल प्रदान नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते नई ऑनलाइन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।


**पूर्व मध्य रेल**

**(यांत्रिक विभाग)**

**ई–निविदा सूचना सं. DEMU-SEE-03-2025**

निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति के तरफ से ई निविदा आमंत्रित किया जाता है: **कार्य का नाम एवं कार्य स्थल:** सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ आई पी बेस्ड सर्विलांस सिस्टम इन डेमू डीपीसी एंड टीसी (RDSO Specification No.- RDSO/SPN/TC/106/2025 Version 3.1) विथ कमप्रीहेन्सिव एनुअल मॅटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट फॉर आई पी बेस्ड विडियो सर्विलांस सिस्टम (भी एस एस) इन डेमू डीपीसी एंड टीसी एट डेमू शेड, सोनपुर। **कार्य का अनुमानित व्यय:** रूपये ₹ 7,45,15,230.00 (रुपया सात करोड़ पैतालिस लाख पंद्रह हजार दो सौ तीस मात्र)। **अग्रदाय राशि:** ₹ 5,22,600.00. **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** दि० 29.12.2025: 18:25 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** दि० 20.01.2026; 13:00 बजे तक। वेबसाईट सूचना पट्ट विवरण तथा स्थल **www.ireps.gov.in. ई–निविदा सूचना सं.: DEMU-SEE-03-2025. निविदा सूचना अवधि:** 21 दिन। **प्री बिड कांफ्रेंस डेट एंड टाइम:** दि० 06.01.2026; 11.00 बजे। **नोट:** 06.01.2026 को प्री–बिड मीटिंग निर्धारित है। निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे 05.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपने प्रश्न ईमेल आईडी: **seedemu@gmail.com** पर भेजें और 06.01.2026 को वरिष्ठ डीएमई (कॉर्ड)/एसईई, डीआरएम कार्यालय, सोनपुर के कार्यालय में अधिकृत पत्र के साथ व्यक्तिगत रूप से/ऑनलाइन उपस्थित रहें, ताकि प्रस्तुत प्रश्नों पर चर्चा की जा सके। विस्तृत विवरण एवं निर्देश निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**सयाई/डेमू/सोनपुर**

**पीआर/1544/एसईई/टी/25–26/48**


# भगवान सिंह कुशवाहा की पत्नी के निधन पर शोक

## उषा सिंह सेवा संवेदना और करुणा की प्रतिमूर्ति थी : दिनेश राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद की कद्दावर नेता, बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एवं वर्तमान जगदीशपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी का निधन की खबर से पूरे बिहार एवं डिहरी में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि बिहार विधानसभा में प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में वर्तमान में कार्यरत थी। उषा सिंह का मेदांता अस्पताल पटना में इलाज के दौरान असामयिक निधन का अत्यंत मर्माहत करने वाला समाचार प्राप्त हुआ। उषा सिंह केवल एक अधिकारी या जनप्रतिनिधि की पत्नी ही नहीं थीं, बल्कि वे सेवा, संवेदना और करुणा की सजीव प्रतिमूर्ति थीं। अपने अंतिम समय तक वे गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना से निरंतर जुड़ी रहीं। इलाज हो, वस्त्र हों या मानवीय सहारा–जहां तक संभव हुआ, उन्होंने निस्वार्थ भाव से लोगों की मदद की। मेरा उनसे गहरा पारिवारिक और आत्मीय लगाव रहा है। उनके निधन से जो शून्य उत्पन्न हुआ है, वह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय है। गांव से आकर उनके दाह-संस्कार में सम्मिलित होना मेरे जीवन के सबसे दुःखद क्षणों में से एक रहा।

# अमनौर विधायक मंटू पटेल का भभुआ में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू पटेल को हाल ही में चुनाव जीतने के बाद पहली बार कैमूर पहुंचने पर जदयू कार्यकर्ता द्वारा जेडीयू कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल के नेतृत्व में जेडीयू कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद विधायक मंटू पटेल ने हाल ही में



मृतक सिगठी गांव निवासी शिवम पटेल के परिवार से मुलाकात की। शिवम पटेल की कुछ दिन पहले भभुआ हवाई अड्डा के बगल के खेत में बेरहमी से हत्या कर दी गई थी जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने भभुआ बाजार में कैंडल मार्च निकाला था। विधायक मंटू पटेल ने मृतक के पिता से मिलकर उन्हें संत्वना दी और कहा कि आप कानून पर भरोसा रखिए न्याय जरूर मिलेगा। उन्हें आश्वासन दिया कि नीतीश कुमार की सरकार में अपराधियों को बख्सा नहीं जाएगा। मौके पर अतुल पटेल, त्रिलोक पटेल, लियाकत अंसारी, सुशील जायसवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### कर्बला की मीनार को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

**कौआकोल**। कौआकोल थाना अंतर्गत तरौन गांव स्थित कर्बला के मीनार को असमाजिक तत्वों ने आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे एक खास समुदाय के लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। उनलोगों का कहना है कि बार-बार असामाजिक तत्वों के द्वारा इस तरह के हरकत किये जाते हैं। इधर सूचना के बाद प्रशासन ने गुरुवार को ही घटनास्थल का जायजा लिया। पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर,कौआकोल सीओ मनीष कुमार,थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना से अवगत हुए। इस दरम्यान अधिकारियों ने वहां मौजूद लोगों से आवश्यक पूछताछ किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि एक साजिश के तहत माहौल खराब करने के उद्देश्य से इस तरह के घटना को असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम देने का प्रयास किया गया है। घटना में शामिल असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों में नहीं पड़ने की भी अपील किया।

### बुजुर्गों का नव वर्ष मिलन समारोह



**नवादा**। 1 जनवरी 2026 नववर्ष के शुभावसर पर वरीय नागरिक संघ कार्यालय नवादा में वरीय नागरिकों ने मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर आपस में एक दूसरे को बधाई दी।कार्यक्रम संयोजक डॉ.सुबोध कुमार ने सबों को बधाई और शुभकामनायें देते हुए स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की।इस अवसर पर उमाशंकर रजक ने उपस्थित सभी वरीय नागरिकों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया। वरीय नागरिक महेंद्र प्रसाद सिंह ने सबों को बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रामशरण सिंह, अवध किशोर प्रसाद सिंह, दामोदर प्रसाद सिंह, सरयू प्रसाद वर्मा, नरेंद्र कुमार, रण विजय, अब्दुल हमीद अंसारी, शिवदानी शर्मा,सच्चिदानंद प्रसाद, जयनंदन सिंह एवं अन्य सारे वरीय नागरिकों की उपस्थिति रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में पशुओं की जांच

**नवादा**। जिले के हिसुआ प्रखंड क्षेत्र के चित्तरघट्टी गांव में बुधवार को पशुपालन विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 160 पशुओं की जांच एवं उपचार किया गया शिविर में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर दीपक कुमार कुशवाहा ने पशु की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई दी। तथा पशु पालकों को पशु रोगी से बचाव की जानकारी दी। मंझवे के पशु चिकित्सालय के डॉक्टर इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि पशु की किसी तरह की बीमारी होने पर तुरंत संपर्क करें। इस मौके पर गुलाब प्रसाद समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल ने बताया कि बुधवार की देर रात्रि को नए साल को लेकर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें तीन लोगों को शराब पीकर तांडव मचाने के मामले में कचना मोड़ से गिरफ्तार किया गया। जिसमें सब्सिनिया बीघा के अरविंद यादव, सुदनपुर के अखलेश यादव एवं पकरीबरावां के महेंद्र महतो को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के मामले में देवीबीघा के रविंद्र यादव के पुत्र अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर रहा मेला सा नजारा

**कौआकोल**। बुधवार-गुरुवार की रात घड़ी के तीनों कांटे के 12 पर पहुंचते ही नए साल 2026 का आगाज और बीते साल 2025 की विदाई का संगम हुआ। इसके साथ ही बधाई के दौर का सिलसिला भी चलना शुरू हो गया। गुरुवार को प्रखण्ड के विभिन्न प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉटों मछन्दरा,जेपी चट्टान,सोखोदेवरा आश्रम,कोलवा,भोरमबाग के महादेव मंठ,बोलता पहाड़,पिछरी,हदहदवा,ताराकोल डैम,सीमावर्ती भगवान महावीर के जन्मस्थान आदि जगहों पर जाकर लोगों ने नए साल का जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने स्वरूचि भोजन बनाकर व पिकनिक का आनंद उठाकर खूब मस्ती की और एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। भीषण ठंड भी नववर्ष का स्वागत करने वालों को डिगा नहीं सकी। हर किसी ने नए साल का स्वागत पूरे जोश के साथ किया। नए साल के स्वागत के लिए युवाओं एवं महिलाओं में सर्वाधिक उत्साह देखा गया। सोशल साइट पर भी नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला बुधवार की देर रात्रि से ही शुरु हो गया। फेसबुक,व्हाट्सएप,इंस्टाग्राम ,ईमेल के जरिए एवं मोबाइल से एसएमएस के जरिए भी लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी।

### ऑपरेशन मुस्कान ने लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान




**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल की देखरेख में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान के तहत कुल पंद्रह मोबाइलधारियों को उनके खोए हुए मोबाइल पुलिस ने बरामद कर नए साल की सौगात के साथ सही मोबाइलधारियों को वापस किया। इस दौरान पुलिस ने पोकसी के राजू कुमार, महानजीतपुर के अशोक कुमार शर्मा, सिलौर के उदय शंकर, पकरीबरावा के राहुल कुमार, मदहा के बीरेंद्र कुमार, पकरीबरावां के संदीप यादव गांगटी के बबलू कुमार, आतीं कादिरगंज की कल्पना कुमारी, जामा मस्जिद रोड पकरीबरावां के अशरफ मलिक, थाना रोड पकरीबरावां के अनुराग आर्य, छोटी तालाब पकरीबरावां के राहुल आलम,ज्यूरी के शशिभूषण प्रसाद, दत्तरौल के प्रभाकर कुमार, पुरानी ज्यूरी के प्रभाकर कुमार, बड़ी तालाब के प्रिंस कुमार शामिल हैं। इधर प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने आमजनों को नए साल की शुभकामना देते हुए अपील करते हुए कहा कि अगर किन्हीं का भी मोबाइल खोया हो तो वह लापरवाही नहीं बरतें। उन्होनें कहा कि मोबाइल खोने पर सनहा जरूर दर्ज कराएं ताकि ऑपरेशन मुस्कान के तहत उनके खोए मोबाइल को वापस कराया जा सके। इस अवसर पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी, एसआई कन्हैयालाल, अभिषेक कुमार, एएसआई अशोक पाल, थाना मैनेजर मनीष कुमार ,राहुल कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### पकरीबरावां में पुलिस ने की शराब जब्त

**पकरीबरावां**। गुप्त सूचना के आधार पर पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के मिर्जापुर आहर से 50 लीटर देशी शराब बरामद किया है। बताया गया कि पुलिस को देखते ही धंधेबाज फरार हो गया। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल ने बताया कि धंधेबाज की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### असहाय व्यक्तियों के बीच कम्बल वितरण

**नारदीगंज, नवादा**। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को असहाय व्यक्ति के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान उन्होंने कहा ठंड से बचाव जरूरी है। इस मौसम में जरा सा लापरवाही घातक सिद्ध हो सकता है। बीडीओ ने कहा जिले से 90 कम्बल प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 15 गरीब व असहाय लोगों के बीच वितरण हुआ है। इसके अलावा अन्य कम्बल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गरीब व असहाय तबके के लोगों के बीच कम्बल वितरण किया जाएगा।

# एएलटीएफ टीम ने मोहकामा जंगल से शराब की बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा जंगल से पुलिस बलों ने एएलटीएफ (एंटी लीकर टास्क फोर्स) की मदद से झाड़ियों में छिपाकर कर रखे 89 लीटर शराब को बरामद किया।थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्रों में शराबबंदी के बाद भी शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।इसके पीछे का मुख्य कारण जंगली क्षेत्रों के लोगों में तेजी से पैसे कमाने की होड़ है।महुआ देशी चुलाई शराब निर्माण के लिए शराब कारोबार से जुड़े लोग गांवों से दूर स्थित जंगली क्षेत्रों में पानी के स्त्रोत के पास उपक्रम लगाकर शराब निर्माण करते हैं एवं आसपास के क्षेत्र में शराब की सप्लाई की जाती है।इस दौरान उन्हें लागत के अपेक्षाकृत मुनाफा अधिक रूप से मिलता है। मुनाफे के कारण संलिप्त लोग पुलिस की पकड़ में आने के बावजूद जेल से छूटने के बाद पुनः उसी कारोबार से जुड़ जाते हैं। हालांकि पुलिस एवं उत्पाद बलों के अलावे एएलटीएफ बलों के सहयोग से शराब कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाती रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मोहकामा के जंगल में शराब की खरीद+बिक्री की जाने वाली है। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई संजय कुमार को एएलटीएफ टीम के साथ भेजा गया।एएलटीएफ टीम के सहयोग से झाड़ियों में छिपाकर रखे बोरे में बंद एक-एक लीटर वाले पाउच में बंद कुल 89 लीटर शराब को जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब को पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

# पिंक बसों को मंत्री श्रवण कुमार ने दिखाई हरी झंडी






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नए साल की पहली सुबह बिहार के यात्रियों और पर्यटकों के लिए उम्मीदों की रोशनी लेकर आई। स्व. माता परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर राज्य सरकार ने राजगीर, ककोलत और बिहारशरीफ के लोगों को परिवहन सुविधाओं की बड़ी सौगात दी। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने राजगीर–पटना बस सेवा तथा बिहारशरीफ में दो नई पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने पटना से प्रमुख पर्यटन स्थलों राजगीर और ककोलत (नवादा) के लिए नई बस सेवा शुरू की है। इन रूटों पर 40 सीटर क्षमता वाली एक-एक डीजल बस का दैनिक संचालन होगा। इससे पटना और आसपास के जिलों से आने वाले पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। राजगीर बौद्ध और जैन तीर्थस्थल के रूप में विश्वविख्यात है, जबकि ककोलत जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। इसके साथ ही बिहारशरीफ के रांची रोड बस स्टैंड से महिलाओं के लिए विशेष दो सीएनजी आधारित पिंक बसों की शुरुआत की गई। ये बसें बिहारशरीफ से दनियावां और बरबीघा मार्ग पर चलेंगी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सुगम, सुलभ और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना परिवहन विभाग की प्राथमिकता है। पिंक बसें पूरी तरह महिला-संचालित होंगी और इनमें सीसीटीवी, मेडिकल किट तथा सेनेटरी पैड जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक रोहेल रंजन सहित परिवहन विभाग और जदयू के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नव वर्ष के शुभ अवसर पर जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम रजौली प्रखंड स्थित हरदिया डैम का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत ककोलत जलप्रपात का भी निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने नवादा



जिले के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले में भ्रमण हेतु आए सभी सैलानियों से अपील किया कि वे नव वर्ष को अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। साथ ही हरदिया डैम को और अधिक विकसित एवं पर्यटक अनुकूल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधि-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी जिलेवासियों से शांतिपूर्ण ढंग से नव वर्ष मनाने की अपील की। प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख पर्यटन एवं पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन एवं सैलानियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, प्रखंड विकास पदाधिकारी रजौली, अंचलाधिकारी रजौली, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोविंदपुर के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# वयोवृद्ध समाजसेवी के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के रानीबाजार गांव निवासी वयोवृद्ध समाजसेवी चन्देश्वर सिंह का बुधवार की देर शाम निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थें एवं पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को गांव स्थित श्मशान घाट में दर्जनों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के ज्येष्ठ पुत्र अशोक सिंह ने मुखाग्नि दी। मृतक के ज्येष्ठ पौत्र व शिक्षक अंकित कुमार सिंह ने बताया कि उनके दादा चन्देश्वर सिंह अपने पीछे तीन पुत्र,तीन पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनके निधन की खबर के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जिला पार्षद अजित यादव, मुखिया नीभा कुमारी, सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार, उप सरपंच योगेन्द्र प्रसाद, पूर्व सरपंच हरगौरी सिंह, पंचायत समिति सदस्य निकुंज विश्वकर्मा, समाजसेवी योगी त्यागनाथ आदि ने चन्देश्वर सिंह के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवतियां गंभीर रूप से घायल, रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के घोसी थाना क्षेत्र के गोडसर के पास एक तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने ऑटो चालक पर नशे में वाहन चलाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद दोनों घायलों को पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिलाया गया, फिर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल जहानाबाद लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अहियासा गांव निवासी 18 वर्षीय गुड़िया कुमारी और कोमल कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों साइकिल से घर के लिए दूध लेने बाजार जा रही थीं। इसी दौरान एक अनियंत्रित ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों का कहना है कि ऑटो चालक नशे में था और नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। परिजनों ने रोते-बिलखते बताया कि बच्चियां साइकिल से चल रही थीं, ऐसे में उनकी गति बहुत अधिक नहीं हो सकती थी, जबकि ऑटो तेज रफ्तार में था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों को गंभीर चोटें आईं। इनमें से एक युवती के सिर में गंभीर चोट बताई जा रही है। घटना के बाद दोनों घायलों को आनंद फलन अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया।

सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद स्थिति को गंभीर बताते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार एक युवती की हालत अधिक नाजुक है। परिजनों ने दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि बिहार में शराबबंदी है, तो फिर वाहन चालक नशे में गाड़ी कैसे चला रहा है—यह गंभीर जांच का विषय है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ऑटो चालक के नशे में होने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# फुलवरिया डैम में पिकनिक मनाने पहुंचे लोग, प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम पर नए वर्ष को लेकर हजारों की संख्या में लोग अपने परिजनों के साथ पहुंचे एवं पिकनिक का लुफ्त उठाया। सैलानियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन चौकस दिखाई दिए। वहीं नवादा डीएम रवि प्रकाश और एसपी अभिनव धीमान के साथ रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन व एसडीपीओ गुलशन कुमार के साथ गणमान्य पदाधिकारीगण भी खुद को डैम पर पहुंचने से नहीं रोक पाए। हालांकि नौकायन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सैलानियों की संख्या में पिछले वर्षों के अपेक्षाकृत काफी कमी देखी गई।



**प्रकृति की गोद में बसा फुलवरिया डैम**

प्रखंड मुख्यालय से 6 किलोमीटर स्थित फुलवरिया डैम प्रकृति की गोद में बैठा है,जिसके तीनों ओर पहाड़ी है। फुलवरिया डैम को प्रकृति ने बड़े ही फुरसत तराशा है,जिसे देख कोई भी मंत्रमुग्ध हो जाए। पहाड़ियों के बीच पानी का जमाव पर जब सूर्य की किरणे पड़ती है,तो सुंदरता में चार चांद लग जाता है। इसी सुंदरता का दीदार करने आसपास के अलावे दूर-दराज से लोग आते हैं।

**प्रशासनिक व्यवस्था ने सैलानियों को किया निराश**

नए वर्ष के अवसर पर फुलवरिया डैम नौकायन के लिए प्रसिद्ध था।किंतु इस वर्ष स्थानीय प्रशासन द्वारा नौकायन की सुविधा को बंद कर दिया गया। इस कारण सैलानियों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम फुलवरिया डैम पहुंची। सैलानियों का कहना था कि प्रत्येक वर्ष नौकायन की सुविधा मिलती थी। जबकि प्रशासन द्वारा बताया गया कि बिना लाइसेंसधारी नाविक के नौकायन सैलानियों के लिए खतरा बन सकता है,इसलिए नौकायन को बंद रखा गया। जबकि स्थानीय लोग जिनका घर डैम के उस पार हैं,वे प्रतिदिन नाव के माध्यम से ही आवागमन करते हैं।

**पर्यटक स्थल का रस्ता जोह रहा फुलवरिया डैम**

हरदिया डैम पिछले कई दशकों से पर्यटक स्थल बनने का रस्ता जोह रहा है। डैम का निरीक्षण डीएम, आयुक्त, पर्यावरण मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक कर चुके हैं।निरीक्षण के बाद डैम की खूबसूरती को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इसे पर्यटक स्थल बनाने की बात भी कहते हैं। किंतु अबतक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।प्रकृति के गोद में बसा फुलवरिया डैम के पर्यटक स्थल बनने से सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकता था।इस मौके पर सीओ मो. गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के अलावे दर्जनों पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, साहू धर्मशाला, जहानाबाद में बुधवार को 47वां स्थापना दिवस दीप यज्ञ के साथ श्रद्धा, आस्था और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव देवांशु दीपक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार मिश्रा द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना 1 जनवरी 1979 को की गई थी। उस दौर में जहानाबाद समाज के प्रतिष्ठित नागरिक—नोनू चंद्र भास्कर, वामेश्वर प्रसाद सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद, हीरालाल केसरी, मुरारी एवं जयप्रकाश सहित अनेक समाजसेवियों ने अथक परिश्रम, समर्पण और सहयोग से इस शिक्षण संस्थान की मजबूत नींव रखी। विद्यालय के प्रथम प्रधानाचार्य स्व. नरेंद्र कुमार सिन्हा ने विद्या भारती की योजना के अनुरूप विद्यालय का संचालन प्रारंभ किया। 47 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा में यह संस्थान सीमित संसाधनों और भवन के अभाव के बावजूद शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रहा है। विद्यालय आज भी संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेक छात्र-छात्राएं आज डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर सहित विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं, वहीं व्यापार जगत में भी शहर के कई सफल व्यवसायी इसी विद्यालय के पूर्व छात्र हैं।

मुख्य अतिथि देवांशु दीपक ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय अपनी मूल अवधारणा और उद्देश्यों पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्तमान कमियों को शीघ्र दूर कर विद्यालय को छात्र संख्या, भवन एवं भूमि की दृष्टि से और अधिक सशक्त व प्रतिष्ठित बनाया जाएगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार मिश्रा ने आचार्य परिवार एवं समाज के सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही विद्यालय सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य-आचार्याओं सहित छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। दीप प्रज्वलन में छात्रा करुणा प्रिया एवं ज्योतिराज ने विशेष भूमिका निभाई।

# एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने एवं पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, नवादा द्वारा माह जनवरी 2026 में एम्बुलेटरी वाहन के माध्यम से पशु चिकित्सा शिविर सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण, नस्ल सुधार, पशु पालन संबंधी परामर्श तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

प्रखंडवार पशु चिकित्सालय में शिविर कार्यक्रम इस प्रकार हैः-

1. 07.01.2026 - प्रखंड-गोविंदपुर, पशु चिकित्सालय-माधोपुर, शिविर स्थल-माधोपुर, ग्राम-माधोपुर एवं पंचायत-माधोपुर
2. 08.01.2026 - प्रखंड-सिरदला, पशु चिकित्सालय-लौंद बाजार, शिविर स्थल-नरौली, ग्राम-बड़गॉव एवं पंचायत-लौंद बाजार
3. 16.01.2026 - प्रखंड-नवादा सदर, पशु चिकित्सालय-आंती, शिविर स्थल-सादीपुर, ग्राम-कादिरगंज एवं पंचायत-आंती
4. 17.01.2026 - प्रखंड-रोह, पशु चिकित्सालय-अनैला, शिविर स्थल-सिउर, ग्राम-सिउर एवं पंचायत-अनैला
5. 19.01.2026 - प्रखंड-कौआकोल, पशु चिकित्सालय-भुआल टॉड़, शिविर स्थल-नरला, ग्राम-दरवां एवं पंचायत-भुआल टॉड़
6. 20.01.2026 - प्रखंड-वारिसलीगंज, पशु चिकित्सालय-दोसुत, शिविर स्थल-हाजीपुर, ग्राम-बाघी बरडीहा एवं पंचायत-दोसुत
7. 21.01.2026 - प्रखंड-वारिसलीगंज, पशु चिकित्सालय-जलालपुर, शिविर स्थल-शाहपुर, ग्राम-शाहपुर एवं पंचायत-जलालपुर
8. 27.01.2026 - प्रखंड-पकरीबरावां, पशु चिकित्सालय-धमौल, शिविर स्थल-ढ़ोढ़ा, ग्राम-ढ़ोढ़ा एवं पंचायत-धमौल

इन शिविरों का नेतृत्व संबंधित प्रखंड के पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं उनके दल के द्वारा किया जाएगा। साथ ही जिला पशुपालन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थिति में शिविर की तिथि परिवर्तित की जा सकती है। शिविर प्रभारी पदाधिकारी अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करेंगे। शिविर स्थल पर एम्बुलेटरी वाहन प्रातः 10:30 बजे तक पहुंच जाएगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और पशु स्वास्थ्य एवं पालन-पोषण से संबंधित लाभ प्राप्त करें।

# नववर्ष पर लगभग पांच हजार वृद्ध पुरुष एवं महिलाओं में कम्बल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नूतन वर्ष 2026 के शुभागमन के उपलक्ष्य में जहाँ सबलोग अपने परिवार के साथ पिकनिक, यात्रा और पार्टी करके उत्सव मना रहे हैं, वहीं इन सब से दूर सदा ही सामाजसेवा एवं परोपकार की सहायता के पुनीत भावों से भरे एक परोपकारी परिवार के पांच भाइयों- "मॉडर्न शैक्षणिक समूह,नवादा के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह , सचिव डॉ. शैलेश कुमार,मॉडर्न इंगलिश स्कूल, बिहारशरीफ के सचिव रंजीत कुमार" प्राथमिक शिक्षक संघ जिला नवादा के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ के सहायक निदेशक संजय कुमार सिंह अपने माडर्न परिवार के साथ मिलकर अपना नववर्ष गरीब और बेसहारा बुजुर्गों और असहाय महिलाओं को कम्बल वितरित करके अपने सामाजिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए मना रहे हैं।

इस वर्ष भी भीषण ठंड से उनकी बचाव के लिए शहर के कुन्तीनगर में स्थित मॉडर्न इंगलिश स्कूल के प्रांगण में चार से पांच हजार से अधिक बुजुर्गों को कंबल प्रदान कर ठंड से उनकी जीवन-रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस शुभ अवसर पर नवादा शहर के आसपास के गाँवों में भगवानपुर, घंघौली, गोंदापुर, खरीदीबीघा, पिपरपाती, अषाढ़ी, ददौर, बढ़ई बीघा, झिटकौरा, झुनाठी, चुटकीयाबीघा, शिवचरण बीघा, सोहजाना, नेया, भगवानपुर, जैसीनबीघा, कलक्टरबीघा,



बुधौल और सिसवां सहित दर्जनों गाँवों के सभी जाति धर्म के आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर परिवार के बुजुर्गों को कंबल वितरित करके ठंड से बचने का आधार प्रदान किया गया। कंबल वितरण के दौरान मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कंबल वितरण समारोह में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों, स्थानीय ग्रामीणों, लाभार्थियों एवं सभी मीडियाकर्मियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "केवल अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ त्योहार मनाना एक तरीका हो सकता है, लेकिन हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी समझनी चाहिए। सक्षम लोगों द्वारा किसी भी त्योहार के अवसर पर यदि जरुरतमंदो की सहायता की जाए तो आपके त्योहार मनाने की खुशी कई गुणा बढ़ जाती है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सहयोग हेतु उपस्थित समाजसेवी अनिल कुमार ने मॉडर्न ग्रुप के इस कार्य को अत्यंत सराहनीय एवं परोपकार का अद्भुत कार्य बताते हुए इसे समाज के सक्षम एवं संपन्न वर्ग के लिए अनुकरणीय बताया। समाजसेवी अनिल कुमार,मनोज कुमार समाजसेवी, विनोद कुमार,नवादा के वरीय पत्रकार साकेत बिहारी , पचाढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार, सरयुग कुशवाहा , समाजसेवी फैयाज अहमद, ललन मांझी, पिंटू पासवान ,ब्रह्मदेवमांझी, सरयुग यादव, सबीर आलम, मास्टर सफीर खान, अनीश खान ,भोली खान भगवानपुर पंचायत जयपुर मुखिया रंजीत चौहान भाजपा नेता अशोक चौहान, पिंटू पासवान, मनोज कुमार पत्रकार साथ ही मीडिया बंधों के कई साथियों ने कंबल वितरण समारोह की सराहना करते हुए इसके लिए समस्त मॉडर्न परिवार की खूब प्रशंसा की और उन्हें इसमें सहभागी होने का अवसर देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गया में नववर्ष पर सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नव वर्ष के अवसर पर गया शहर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे। शहर के विभिन्न धार्मिक प्रतिष्ठानों, प्रमुख मंदिरों और पर्यटक स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग दर्शन और भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। इसे लेकर सभी प्रमुख मंदिरों एवं टूरिस्ट स्पॉट पर प्रशासनिक पदाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि कहीं भी भीड़ प्रबंधन और विधि-व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने गुरुवार को विष्णुपद मंदिर एवं विष्णुपद क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि नववर्ष के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक वृद्धि होती है, ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, मंदिर परिसर में अनावश्यक भीड़ न लगने देने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता आपदा, अपर समाहर्ता राजस्व, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नववर्ष के दौरान पूरे जिले में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी। ताकि श्रद्धालु और पर्यटक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में नववर्ष का स्वागत कर सकें।

# दक्षिण बिहार प्रांत अधिवेशन में राष्ट्रहित के मुद्दों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार के प्रांत अधिवेशन के समापन अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों, प्रमुख निर्णयों और आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सफल रहा जिसमें प्रदेश भर से कुल 1131 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें 905 छात्र, 205 छात्राएं और 21 शिक्षक शामिल थे। अधिवेशन के दौरान शैक्षणिक, सामाजिक और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। प्रांत मंत्री ने बताया कि अधिवेशन में छात्र हित, शिक्षा सुधार और राष्ट्र निर्माण को केंद्र में रखकर चर्चा की गई। इस दौरान दो प्रमुख भाषण सत्र आयोजित किए गए। पहला भाषण सत्र संघ शताब्दी वर्ष के विषय पर रहा जिसमें राणा प्रताप क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर उसके वैचारिक आधार, राष्ट्र निर्माण में योगदान और सामाजिक समरसता के मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा युवाओं से राष्ट्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। दूसरा सत्र विचार बैठक



के रूप में आयोजित हुआ जिसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद नायक ने संबोधित किया। इस सत्र में समकालीन शैक्षणिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन वैचारिक विमर्श हुआ। इसमें शिक्षा की भूमिका, युवाओं की जिम्मेदारी और वैचारिक स्पष्टता पर विशेष जोर दिया गया। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि अधिवेशन में तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पहला प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित रहा जिसमें आधुनिक कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, डिजिटल और शोध सुविधाओं के विस्तार पर बल दिया गया। दूसरा प्रस्ताव युवा, रोजगार सृजन और कौशल विकास से जुड़ा रहा जिसमें युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने, कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने पर जोर दिया गया। तीसरा प्रस्ताव बिहार में छात्र-छात्राओं के लिए समरस छात्रावास निर्माण से संबंधित रहा। इस प्रस्ताव के माध्यम से बिहार के विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों में सुरक्षित, सुलभ और समरस छात्रावासों के निर्माण की मांग की गई। ताकि सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सके। प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि अभाविप इन भाषण सत्रों में व्यक्त विचारों और पारित प्रस्तावों के आधार पर आने वाले समय में प्रदेश भर में जनजागरण, संगठनात्मक विस्तार और रचनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति देगी। इस अवसर पर प्रांत मंत्री छोटू सिंह, अधिवेशन व्यवस्था प्रमुख सूरज सिंह, प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह, जिला सह संयोजक मैक्स अवस्थी और महानगर मंत्री आदित्य मिश्रा उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के जन्मदिवस पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वजीरगंज।** वजीरगंज में गुरुवार को सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिवदानी प्रसाद सिंह के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतरी विधायक रोमित कुमार ने पहुंचकर अंगवस्त्र और माला पहनाकर शिवदानी प्रसाद सिंह को सम्मानित किया। जन्मदिवस के मौके पर चयनित 170 वृद्धजनों और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक रोमित कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने कार्य को ईमानदारी और निष्ठा के साथ करता है तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पार्टी के माध्यम से अतरी क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली, तब



से उन्होंने भी पूरी ईमानदारी और विश्वास के साथ कार्य करने का प्रयास किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिन्दी साहित्यिक मंच के संरक्षक कृष्णचंद्र चौधरी और शम्भूशरण शर्मा ने कहा कि शिवदानी प्रसाद सिंह अपने कार्यकाल में एक कुशल विद्यालय संचालक रहे। उन्होंने वजीरगंज में सीबीएससी पैटर्न पर आधारित पहला विद्यालय शुरू कराया और छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए भी विद्यालय की स्थापना की। पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत शरण शाही और भाजपा नेता अमर शंकर ने कहा कि शिवदानी प्रसाद सिंह एक शिक्षक नेता भी रहे हैं। उन्होंने वृजनन्दन शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के सम्मानजनक वेतनमान के लिए जिला स्तर से लेकर सरकार तक संगठन के माध्यम से लंबी लड़ाई लड़ी। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी कमला प्रसाद सिंह ने की जबकि संचालन नरेश प्रसाद सिंह ने किया।

# गया डाक मंडल में डिजिपिन आधारित डिलीवरी प्रणाली का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय डाक विभाग ने डाक सेवाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया है। इसी क्रम में गया डाक मंडल के अंतर्गत डिजिपिन आधारित डिलीवरी प्रणाली का शुभारंभ गया प्रधान डाकघर में किया गया। डिजिपिन आधारित डिलीवरी प्रणाली का उद्घाटन वरीय डाक अधीक्षक अंशुमान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत प्रत्येक पते को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान, डिजिपिन प्रदान की जाएगी। इससे डाक सामग्री की डिलीवरी अधिक सटीक, तेज और भरोसेमंद होगी।इस प्रणाली के लागू होने से पारंपरिक पतों में होने वाली अस्पष्टता में कमी आएगी। साथ ही स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक और पार्सल जैसी सेवाओं की डिलीवरी व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। यह पहल डिजिटल इंडिया और नागरिक-केंद्रित सेवाओं की दिशा में डाक विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गया डाक मंडल में इस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन से आम लोगों को बेहतर, सुगम और आधुनिक तकनीक आधारित डाक सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी वरीय डाकपाल गौरव रंजन ने की। कार्यक्रम में प्रधान डाकघर गया के सभी कर्मचारी मौजूद रहे जिनमें नीरज, अरविंद कुमार वर्मा, अक्षय कुमार, अशोक कुमार, मोहम्मद इमरान खान सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# ट्रैक्टर पलटने से 13 वर्षीय किशोर की मौत, छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के करजरा गांव स्थित महादलित टोला के पास गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क के मोड़ पर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर मोड़ के पास अचानक संतुलन खो बैठा और पलटते ही उसका डल्ला (चक्का) एक किशोर के ऊपर आ गिरा। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए किशोर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान करजरा महादलित टोला निवासी जितेंद्र चौधरी के 13 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। हादसे में घायल लोगों में उसी गांव के रूपलाल मांझी का 17 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार, अखिलेश मांझी का 16 वर्षीय पुत्र ब्रिजेश कुमार, अनुज कुमार, भरत कुमार, लालू मांझी और पवन कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को एम्बुलेंस और पुलिस हेल्पलाइन 112 की टीम की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एएनएमसीएच, गया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एएनएमसीएच भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पंचायत मुखिया राजकुमार शर्मा ने बताया कि नए वर्ष के अवसर पर दूसरे गांव से बाजा लाने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतक एवं घायलों का परिवार बेहद गरीब है और मजदूरी कर जीवनयापन करता है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को दाह संस्कार के लिए तीन हजार रुपये की सहायता दी गई है तथा पारिवारिक लाभ और दुर्घटना मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक के बड़े भाई रोहित कुमार ने बताया कि वह टोटो चलाकर पूरे परिवार का भरण-पोषण करता है। राहुल पढ़ाई करता था और उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

# एसडीओ ने नारायण पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के डाक बंगला रोड स्थित नारायण पुस्तकालय का गुरुवार को शेरघाटी एसडीओ मनीष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय परिसर में कई अनियमितताएं सामने आईं जिस पर एसडीओ ने सख्त रुख अपनाया। इस दौरान पुस्तकालय परिसर में रह रहे गायत्री सत्संग के पुजारी को एक सप्ताह के भीतर स्थान खाली करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि नारायण पुस्तकालय सार्वजनिक संपत्ति है और इसका उपयोग केवल शैक्षणिक एवं बौद्धिक गतिविधियों के लिए किया जाना चाहिए।



पुस्तकालय परिसर में किसी भी प्रकार का अवैध आवास या गैर-शैक्षणिक गतिविधि नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तय समय सीमा के भीतर परिसर खाली नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में यह भी पाया गया कि पुस्तकालय के बगल में चल रहे एक निजी मकान निर्माण के दौरान किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से दरवाजा खोल दिया गया है जो सीधे पुस्तकालय की ओर खुलता है। इस पर एसडीओ ने संबंधित व्यक्ति को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी या सार्वजनिक भवन की संरचना से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तकालय की सुरक्षा, साफ-सफाई और मूल उद्देश्य के अनुरूप संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों मामलों में विधिवत नोटिस जारी कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। स्थानीय लोगों ने एसडीओ की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि निरीक्षण के बाद नारायण पुस्तकालय अपने मूल स्वरूप में लौटेगा तथा विद्यार्थियों और पाठकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

# शेरघाटी में पूजा अर्चना कर नए साल की सुख-समृद्धि की कामना की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नववर्ष 2026 के आगमन पर शेरघाटी शहर में आम दिनों से बिल्कुल अलग नजारा देखने को मिला। साल के पहले दिन लोगों ने रोजमर्रा की भागदौड़ से दूरी बनाते हुए उत्सव, आनंद और पारिवारिक समय को प्राथमिकता दी। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई जहां लोगों ने पूजा-अर्चना कर नए साल की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद कई परिवार और युवा वर्ग पिकनिक के लिए स्थानीय पार्कों, रमणिक स्थलों और आसपास के पर्यटन स्थलों की ओर रवाना होते नजर आए। खासकर किशोर-किशोरियों और युवाओं में नए साल को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। दोस्ती के रंग में रंगे युवा समूहों में घूमते, फोटो खिंचवाते और सोशल मीडिया पर पल साझा करते दिखाई दिए। नववर्ष का असर सरकारी कामकाज पर भी साफ नजर आया। अनुमंडल अस्पताल, प्रखंड कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों में आम दिनों की तुलना में लोगों की उपस्थिति काफी कम रही। कई कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अधिकांश लोगों ने इस दिन को अवकाश और उत्सव के रूप में मनाया। घरों में भी नववर्ष का स्वागत पारंपरिक और पारिवारिक अंदाज में किया गया। परिवारों ने विशेष व्यंजन बनाए, एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और आने वाले वर्ष के लिए नई उम्मीदों के साथ संकल्प लिया। वहीं शहर में लगे डिजनीलैंड मेले में नववर्ष को लेकर खास रौनक रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की भारी भीड़ उमड़ी। झूले, मनोरंजन के साधन और खान-पान के स्टॉल लोगों को आकर्षित करते रहे। कुल मिलाकर शेरघाटी में नववर्ष 2026 उल्लास, सादगी और सामूहिक खुशियों के साथ मनाया गया।

## मृत चालक के परिजनों को ड्राइवर महासंघ ने दी आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिहार ड्राइवर महासंघ की ओर से कोंच थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में दिवंगत चालक जितेंद्र यादव की पत्नी रजंती देवी को 37,700 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मौके पर मौजूद महासंघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि विगत दिनों चालक जितेंद्र यादव का निधन हो गया था। वे एक कुशल एवं जिम्मेदार चालक थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यो के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रुप में आमंत्रित करती है :– **(1) निविदा सूचना सं.: टी.सी.–225-2025-एस.पी.जे.; कार्य का नाम:** रक्सौल कोचिंग डिपो के वाशिंग पिट संख्या 01 के सुधार हेतु सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **निविदा लागत** (रुपये में): 6,24,48,190.82, **बयाने की राशि** (रुपये मे): 4,62,300.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 15 माह। **(2) निविदा सूचना सं.: टी.सी.–226-2025-एस.पी.जे.; कार्य का नाम:** खगड़िया–समस्तीपुर (एस.एल.)–टी.आर.आर.(पी)–43.980 किमी.। **निविदा लागत** (रुपये में): 3,90,78,922.31, **बयाने की राशि** (रुपये मे): 3,45,400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह। **(3) निविदा सूचना सं.: टी.सी.–227-2025-एस.पी.जे.; कार्य का नाम:** रामगढ़वा में प्लेटफार्म संख्या 01 को उँचे लेवल तक उठाना। **निविदा लागत (रुपये में):** 2,66,59,592.15 **बयाने की राशि (रुपये मे):** 2,83,300.00. **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह। **आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23/01/2026 को 12:00 बजे तक। **ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 23/01/2026 को 12:00 बजे के बाद। **वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाईट: **www.ireps.gov.in.** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट: पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

**पीआर/1549/एसपीजे/टी/25–26/52**


# केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का 60वां जन्मदिन मना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** वृहस्पतिवार को संतोष इंटर कॉलेज के प्रांगण में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का 60 वां जन्मदिन भाजपा नेता सह जिला उपाध्यक्ष व शिक्षाविद् संतोष देव की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर महादलित परिवारों के बीच केक कटकर माननीय के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर श्री देव ने दर्जनों जरूरतमंद महादलितों को कंबल प्रदान किया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक संतोष देव ने कहा कि बिहार की खोई सम्मान एवं विकास पुनः पटरी पर आ चुकी है। आगामी वर्षों में पिछड़ा बिहार एक कहावत बन कर रह जाएगा। इस मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# गुरुआ बाजार में जाम से निजात, बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** बाजार में लगातार लग रहे सड़क जाम की समस्या को देखते हुए शेरघाटी के अनुमंडल पदाधिकारी ने बड़ा आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार गुरुआ बाजार क्षेत्र में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान ट्रक एवं बालू ढुलाई करने वाले वाहनों के प्रवेश पर भी पाबंदी रहेगी। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या वाहन चालक आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बीज न जमने से किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत आंती पंचायत के ग्राम सिमरहुआ में गेहूं के बीज न जमने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। किसान अशोक यादव ने बताया कि उन्होंने ब्लॉक से 6 बोरा गेहूं का बीज लेकर 6 बीघा जमीन में बुआई की थी जबकि सुनील यादव ने 2 बोरा बीज से 2 बीघा खेत में गेहूं लगाया था। बुआई के कई दिन बीत जाने के बाद भी बीज अंकुरित नहीं हुआ जिससे पूरी फसल नष्ट हो गई। गुरुवार शाम 4 बजे किसानों ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी प्रखंड के कई पंचायतों से इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ चुकी है जिसकी सूचना कृषि पदाधिकारी को दी गई थी।

# नव वर्ष पर डोभी की बुद्ध वाटिका में उमड़ा सैलानियों का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर डोभी स्थित बुद्ध वाटिका पार्क में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पार्क पहुंचे। अनुमान के अनुसार एक ही दिन में करीब 7200 पर्यटकों ने बुद्ध वाटिका पार्क का भ्रमण




किया। सुबह से ही पार्क परिसर में रौनक बनी रही। परिवार, युवा और बच्चे पिकनिक व मनोरंजन का आनंद लेते नजर आए। पार्क की स्वच्छता, हरियाली और शांत वातावरण ने पर्यटकों को आकर्षित किया। पर्यटकों की अधिक संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर डोभी नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कर्णिका राज, डोभी थाना की पुलिस, वन विभाग के वन रक्षी एवं उनके सहयोगी मौके पर मौजूद रहे। सभी के सहयोग से पार्क परिसर में शांति एवं विधि-व्यवस्था पूरी तरह बनी रही। इस मौके पर स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों में भी उत्साह देखने को मिला।


**कार्यालय:– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।**
समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी, प्रथम तल्ला
Email ID – garhwamdm@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर इंटरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1से 5) एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय– सामाजिक विज्ञान, गणित एवं विज्ञान तथा भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जॉच प्रत्रक के साथ दिनांक 03.01.2026 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नं0 9304515448, 8210307876 पर संम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समय:–**

**कार्यालय:–** जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय।

**समय:–** पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

**विश्वासभाजन**
**जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।**

PR 369825 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# 2026 में सुधार की बहुत गुंजाइश

बीत रहे वर्ष 2025 की सबसे बड़ी याद और पहचान क्या है, इस सवाल का एक ही जवाब है और वो ये कि यह समूचा साल आपसी संघर्षों और युद्धों में बीता और यह क्रम अभी समाप्त नहीं हुआ है। यूं तो 2025 में सकारात्मक उपलब्धियां कम ही हैं। ऐसी घटनाएं भी नहीं के बराबर हैं, जिनसे समूचे विश्व में शांति और सुकून का संदेश गया हो। अलबत्ता समूची मानवता और मानव सभ्यता को संकट में डालने वाली कई घटनाएं बीते साल में हुई हैं और आगामी वर्ष 2026 में भी इनमें सुधार की बहुत गुंजाइश नजर नहीं आती। आज शांति और भाईचारे की बात करना किसी भूले बिसरे गीत को गुनगुनाने जैसा है। इसका बड़ा कारण तो यह है कि दुनिया उन अति महत्वाकांक्षी, सनकी और आत्ममुग्ध नेताओं की बंधक बन गई है, जिनसे उदारता और उदात्तता की उम्मीद बेमानी है। ये राजनेता अपने स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और जा भी रहे हैं। विश्व में सत्ता की छीना झपटी तेज हो गई है और अपने विचार दूसरों पर थोपने के लिए आंतक का सहारा लेना अब नई बात नहीं रही। नैतिकता हाशिए पर चली गई है। अपुष्ट आंकड़ों के अनुसार दुनिया इस्लामी आतंकवाद से तो पहले ही जूझ रही थी, अब हर धर्म के कट्टरपंथी दूसरे धर्मों को मानने वालों को खत्म करने का जुनून पाले हैं। मानवीय संवेदनाओं, उदारता, उदात्तता और करूणा का स्तर बहत नीचे चला गया है और जा रहा है। अपुष्ट आंकड़ों के मुताबिक आज अफ्रीका महाद्वीप, मध्यपूर्व एशिया तथा पश्चिम एशिय, पूर्वी यूरोप और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में सशस्त्र संघर्ष और मारकाट जारी है। यह मारकाट सत्ता संघर्ष के साथ साथ धार्मिक कट्टरवाद और ड्रग्स के अवैध धंधों के कारण भी है। इन सभी के लिए कहीं न कहीं से फंडिंग भी हो रही है। मोटे तौर विश्व आज 20 से 30 बड़े सैनिक संघर्ष और 30 से 130 तक छोटे सशस्त्र संघर्ष जारी हैं। इनका विस्तार दुनिया के 78 देशों में है, जो पूरे विश्व के देशों का लगभग 40 फीसदी है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के मुताबिक सशस्त्र संघर्षों का यह आंकड़ा बीती सदी के द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे ज्यादा है। इसकी छाया आने वाले वर्ष में भी दिखेगी। यूं 2025 कई बड़ी घटनाओं का साक्षी रहा है। विश्व के संदर्भ में और भारत की दृष्टि से भी। पहला तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रारंभ टैरिफ वार से पूरी दुनिया में खलबली है। अमेरिका के लिए यह आत्मघाती भी हो सकता है। दुर्लभ मृदा तत्व अब एक रणनीतिक हथियार हैं, यह चीन ने साबित कर दिया है। पिछले साल गृहयुद्ध में झुलस रहे म्यांनमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें साढ़े पांच हजार लोग मारे गए। गाजा में युद्ध विराम हुआ, जिसका प्रभावी क्रियान्वयन अभी होना है। बरसों बाद एक हिंदू मंदिर को लेकर थाईलैंड और कंबोडिया में युद्ध हुआ। रूस यूक्रेन युद्ध अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहली बार एक अमेरिकी कार्डिनल पोप के पद पर चुने गए। भारत के संदर्भ में भारतीय सेना ने सरहद पार किए बगैर पाकिस्तान पर सफल ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार आईसीसी वन-डे वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की। देश में बीटा जेनरेशन की पहली संतान का जन्म मिजोरम के आइजोल में हुआ। भारत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी स्थापना की शताब्दी मनाई। साल 2025 कई मीठी कमल खट्टी यादों के साथ ज्यादा समाप्त हो रहा है। उम्मीद है कि नया साल पूरे विश्व के लिए शांति और सुकून का संदेश लेकर आएगा।

# संकट, संतुलन और संभावनाओं की ओर बढ़ती दुनिया

**जब कोई वर्ष अपने अंत की ओर बढ़ता है, तो आने वाला साल केवल कैलेंडर की तारीख नहीं होता, बल्कि वह अपने साथ आशंकाओं, उम्मीदों और संभावनाओं का एक पूरा संसार लेकर आता है। वर्ष 2025 के अवसान और 2026 के आगमन के साथ विश्व एक ऐसे चौराहे पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ राजनीति, नीति-निर्माण, तकनीक, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीति एक-दूसरे में गुँथकर भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। यह समय केवल भविष्यवाणियों और कयासों का नहीं, बल्कि ठोस रणनीतियों, विवेकपूर्ण निर्णयों और संतुलित दृष्टिकोण का भी है। 2026 को लेकर वैश्विक स्तर पर जो तस्वीर उभरती है, उसमें अनिश्चितता की धुंध है, प्रतिस्पर्धा की तीव्रता है और साथ ही एक सावधान आशावाद भी है, जो बताता है कि संकटों के बीच भी संभावनाओं के द्वार खुले हैं।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



इतिहास गवाह है कि जब भी विश्व किसी संक्रमण काल से गुजरता है, तब भविष्य को लेकर भविष्यवाणियाँ चर्चा के केंद्र में आ जाती हैं। फ्रांस के प्रसिद्ध भविष्यवक्ता नोस्ट्राडैमस हों या बुल्गारिया की रहस्यमयी भविष्यवक्ता बाबा वांगा, इनके कथन हर बड़े परिवर्तन से पहले पुनः जीवित हो उठते हैं। 2026 को लेकर भी ऐसी भविष्यवाणियाँ चर्चा में हैं, जिनमें पूर्व और पश्चिम के बीच बढ़ते तनाव, लंबे समय तक चलने वाले युद्ध, रक्तपात और तकनीकी उथल-पुथल का उल्लेख किया जाता है। इन भविष्यवाणियों को पूरी तरह सच मानना न तो संभव है और न ही आवश्यक, परंतु ये संकेत अवश्य देती हैं कि आने वाला समय सहज और सरल नहीं होगा। इन कथनों की सबसे बड़ी विशेषता उनकी अस्पष्टता है, जो उन्हें विभिन्न संदर्भों में प्रासंगिक बना देती है। यही कारण है कि इतिहासकार और नीति-विश्लेषक इन्हें प्रतीकात्मक चेतावनी के रूप में देखते हैं, न कि शाब्दिक सत्य के रूप में।

वैश्विक राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो 2026 में अनेक देशों में महत्वपूर्ण चुनाव होने की संभावना है, जो अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, म्यांमार, इथियोपिया जैसे देशों में चुनाव केवल आंतरिक राजनीति का विषय नहीं रह जाते, बल्कि उनका प्रभाव वैश्विक कूटनीति और आर्थिक नीतियों पर भी पड़ता है। अमेरिका में सत्ता परिवर्तन या निरंतरता, चीन के साथ उसके संबंधों की दिशा तय कर सकती है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिमी देशों के साथ रूस के तनाव ने पहले ही विश्व को दो ध्रुवों में बाँटने की प्रवृत्ति को तेज कर दिया है। ऐसे में 2026 वह वर्ष हो सकता है, जहाँ वैश्विक राजनीति अधिक स्पष्ट रूप से प्रतिस्पर्धी गुटों में बँटी दिखाई दे।

पूर्व और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव केवल सैन्य या राजनीतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी स्पष्ट दिखाई देता है। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान, व्यापार युद्ध, प्रतिबंधों की राजनीति और तकनीकी प्रभुत्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। चीन और अमेरिका के बीच तकनीकी प्रतिस्पर्धा, विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में, आने वाले वर्षों में और तीव्र हो सकती है। यह प्रतिस्पर्धा एक ओर नवाचार को गति देगी, तो दूसरी ओर वैश्विक सहयोग को चुनौती भी देगी।

आर्थिक दृष्टि से 2026 को एक मिश्रित तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंकाएँ तो हैं, परंतु पूर्ण निराशा का वातावरण नहीं है। विकसित देशों में वृद्ध होती जनसंख्या, बढ़ता सार्वजनिक ऋण और महँगाई जैसी चुनौतियाँ बनी रहेंगी, जबकि विकासशील देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे वैश्विक विकास का इंजन बने रहें। अमेरिका की अर्थव्यवस्था के स्थिर, किंतु धीमी गति से बढ़ने की संभावना है, वहीं यूरोप ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनावों से जूझता रह सकता है। इसके विपरीत, भारत जैसे देशों से अपेक्षा है कि वे घरेलू मांग, संरचनात्मक सुधारों और तकनीकी निवेश के बल पर वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। भारत के संदर्भ में 2026 अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष सिद्ध हो सकता है। देश के भीतर कई राज्यों में विधानसभा चुनाव राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे सकते हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम जैसे राज्यों में चुनाव केवल स्थानीय राजनीति तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनका प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ेगा। क्षेत्रीय दलों की भूमिका, केंद्र-राज्य संबंध और विकास बनाम पहचान की राजनीति जैसे मुद्दे चुनावी विमर्श का हिस्सा बन सकते हैं। यह समय भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और उसकी चुनौतियों दोनों को उजागर करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 2026 एक निर्णायक मोड़ हो सकता है। देश पहले से ही दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। घरेलू उपभोग, बुनियादी ढाँचे में निवेश और डिजिटल परिवर्तन ने विकास को नई गति दी है। हालाँकि, महँगाई, रोजगार सृजन और आय असमानता जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती तकनीकों में निवेश भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। यदि इन तकनीकों का समावेशी और संतुलित उपयोग किया गया, तो उत्पादकता में वृद्धि और नए रोजगार के अवसर सृजित हो सकते हैं। परंतु यदि नीति-निर्माण में दूरदर्शिता की कमी रही, तो तकनीकी प्रगति सामाजिक विषमता को भी बढ़ा सकती है। वैश्विक व्यापार के संदर्भ में भारत की भूमिका 2026 में और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। विश्व व्यापार की अनिश्चित परिस्थितियों में भारत एक स्थिर और भरोसेमंद साझेदार के रूप में उभर सकता है। आपूर्ति शृंखलाओं के विविधीकरण की वैश्विक प्रवृत्ति भारत के लिए अवसर लेकर आई है। विनिर्माण, रक्षा उत्पादन और निर्यात में वृद्धि के माध्यम से भारत वैश्विक बाज़ार में अपनी उपस्थिति सशक्त कर सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि नीति-स्तर पर स्थिरता, निवेश के अनुकूल वातावरण और कुशल मानव संसाधन का विकास किया जाए।

भारत की विदेश नीति 2026 में और अधिक मुखर तथा बहुआयामी होने की संभावना है। 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' जैसी नीतियाँ केवल कूटनीतिक नारे नहीं, बल्कि व्यावहारिक रणनीतियाँ बनती जा रही हैं। क्वाड जैसे मंचों के माध्यम से भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ रणनीतिक सहयोग को गहरा कर रहा है। वहीं, यूरोप के साथ रक्षा और आर्थिक सहयोग को नई दिशा दी जा रही है। ब्रिक्स जैसे मंचों पर भारत की भूमिका वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को मुखर बनाने में सहायक हो सकती है। यह संतुलन साधना भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता है, जहाँ वह किसी एक गुट में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है।

तकनीक और जलवायु परिवर्तन भी 2026 के नीति विमर्श के केंद्र में रहेंगे। जलवायु संकट अब भविष्य की नहीं, बल्कि वर्तमान की चुनौती बन चुका है। चरम मौसम घटनाएँ, प्राकृतिक आपदाएँ और संसाधनों पर बढ़ता दबाव नीति-निर्माताओं को त्वरित और प्रभावी कदम उठाने के लिए बाध्य कर रहा है। भारत के लिए यह चुनौती दोहरी है, एक ओर विकास की आवश्यकता और दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी। नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी और सतत विकास मॉडल इस संतुलन को साधने के प्रमुख साधन बन सकते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में 2026 को एक निर्णायक वर्ष माना जा सकता है। एआई न केवल उद्योग और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि राजनीति, सुरक्षा और समाज के स्वरूप को भी बदल रही है। चुनावी प्रक्रियाओं में एआई का उपयोग, सूचना के प्रसार में उसकी भूमिका और साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रश्न नीति-निर्माताओं के लिए नई चुनौतियाँ प्रस्तुत कर रहे हैं। यदि इन तकनीकों का विवेकपूर्ण नियमन नहीं किया गया, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा बन सकती हैं। वहीं, सही दिशा में उपयोग होने पर ये शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी भी बना सकती हैं।

वास्तव में 2026 कोई साधारण वर्ष नहीं होगा। यह एक ऐसा समय होगा, जहाँ राजनीति और नीति के निर्णय आने वाले दशकों की दिशा तय कर सकते हैं। अनिश्चितताओं के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र होगी, परंतु उसी के साथ नए अवसर भी जन्म लेंगे। भारत के लिए यह वर्ष अपनी आंतरिक शक्ति, लोकतांत्रिक संस्थाओं और रणनीतिक दृष्टि को परखने का अवसर होगा। यदि देश संतुलित नीति, सामाजिक समरसता और वैश्विक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ता है, तो 2026 केवल चुनौतियों का वर्ष नहीं, बल्कि संभावनाओं का द्वार भी सिद्ध हो सकता है। सावधान आशावाद ही इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है- ऐसा आशावाद, जो यथार्थ की धरती पर खड़ा हो और भविष्य की ओर विश्वास के साथ देख सके।

अध्यात्म

## जो लोग आलसी होते हैं, उनकी सेहत बिगड़ जाती है

कथा के अनुसार पुराने समय में एक धनी सेठ बहुत आलसी था। उसने हर काम के लिए नौकर रख लिए थे। वह दिनभर पलंग पर आराम करता और खाता-पीता रहता था। शारीरिक मेहनत न होने की वजह से धीरे-धीरे उसका मोटापा बढ़ने लगा, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया।

मोटापे के साथ उसे कई बीमारियां भी हो गईं। सेहत खराब रहने लगी। घर के नौकरों को भी मालूम था कि मालिक आलसी है तो उन्होंने भी बेईमानी करना शुरू दी। अब उस धनी आदमी को स्वास्थ्य के साथ ही पैसों का भी नुकसान होने लगा था।

एक दिन उसका दोस्त मिलने के लिए आया। घर आया दोस्त जानता था कि ये व्यक्ति बहुत आलसी है। उसने देखा कि धनी सेठ बीमार है। सेठ ने मित्र से इन परेशानियों को दूर करने का उपाय पूछा।

मित्र समझदार था, उसने कहा कि उपाय तो है, लेकिन तुम वह कर नहीं सकोगे। सेठ बोला कि मैं ठीक होने के लिए कुछ भी करूंगा, तुम उपाय बताओ।

मित्र ने कहा कि रोज सुबह अपने गांव में एक सुनहरा पक्षी आता है। तुम्हें रोज सुबह उसके दर्शन करना है। उसके दर्शन करने से तुम्हारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। अगले दिन सेठ सुबह जल्दी उठा और घर से बाहर निकलकर सुनहरे पक्षी को खोजने लगा। उसने देखा की एक नौकर उसका अनाज चोरी करके बेच रहा है। जबकि दूसरा नौकरी दूध में पानी मिला रहा है। सेठ दोनों नौकरों पर गुस्सा हो गया और समझाया कि आगे से ऐसे गलत काम किए तो नौकरी से निकाल देगा। उस दिन उसे सुनहरा पक्षी दिखाई नहीं दिया। अगले दिन सुबह सेठ फिर उठ गया और पक्षी को खोजने के लिए निकल पड़ा। अब रोज सेठ सुबह-सुबह जल्दी उठकर पक्षी को खोजने निकल पड़ता था। सुबह जल्दी उठने और शारीरिक मेहनत से उसकी सेहत सुधरने लगी। नौकरी भी सेठ को देखकर ईमानदारी से काम करने लगे थे। इस तरह सेठ का स्वास्थ्य भी ठीक हो गया और पैसों से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो गईं। एक दिन सेठ का मित्र वापस मिलने के लिए आया तो सेठ ने कहा कि मित्र तुमने तो कहा था कि सुनहरा पक्षी रोज गांव में आता है। मैं कई दिनों से रोज उसे देखने जा रहा हूं, लेकिन वह दिखाई नहीं दिया। मित्र ने कहा कि जब से तुमने सुबह जल्दी उठकर घूमना शुरू किया है, तुम्हारी सेहत ठीक हो गई है और नौकर भी ईमानदारी से काम करने लगे हैं। तुम्हारी जीवन शैली सुधर गई है। यही वह सुनहरा पक्षी है, जिसने तुम्हारा जीवन बदल दिया है।

# दूध उत्पादक किसानों के सधे रहेंगे हित

**विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकारता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। याद रहे अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत ने दो टूक मना कर दी थी। इस कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाराजी का भारत ने बढ़ाए गए टैरिफ का सामना किया। इसकी भरपाई के लिए धैर्य से काम लेते हुए ब्रिटेन, ओमान और अब न्यूजीलैंड से अपनी शर्तों पर एफटीए करके किसान हितों को साधते हुए उल्लेखनीय समझौते कर लिए।**

प्रमोद भार्गव

इसी माह दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) किया था और अब भारत की न्यूजीलैंड से चली 9 माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई कि इस समझौते में कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत से 5000 अभियंता न्यूजीलैंड काम करने के लिए जाते हैं। बावजूद यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू होने जैसा है।

इस समझौते से अमेरिका को इसलिए भी झटका लगा है, क्योंकि पांच साल पहले एशिया-प्रशांत व्यापार क्षेत्र के रूप में उभर रहे 15 देशों के व्यापार पटल आरईसीपी (रिजनल कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप) का सदस्य बनने से भारत ने इंकार कर दिया था। इसका मुख्य कारण था कि न्यूजीलैंड के सस्ते दूध और कृषि उत्पादों का भारत में निर्यात रोकना। अब भारत ने न्यूजीलैंड से स्वतंत्र रूप में समझौता करके किसान हितों को साध लिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते है ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड को सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड सेब, कीवि और डेयरी क्षेत्र में भारतीय उत्पादकता को बढ़ाने में अपनी तकनीकि मदद भी देगा। अतएव यह समझौता पूर्ण रूप से भारतीय हितों को साधने वाला है। वे भारतीय ऋषि ही थे, जिन्होंने सबसे पहले जाना था कि गाय के दूध में ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत मध्ययम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी रही है, जिनमें से एक न्यूजीलैंड भी रहा है। अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते की बात चली थी। इस समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। इस मनाही के बाद अमेरिका



ने भारत पर अनर्गल टैरिफ संबंधी शर्तें थोपना शुरू कर दी थीं। भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं विष्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया। दरअसल फिरंगी हुकूमत के दौरान पोल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। मिशिगन स्टेट विवि से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके भारत लौटे वर्गीज कुरियन ने सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था में काम शुरू किया और भारत का पहला दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। इसके बाद किसानों की ज्ञान परंपरा और कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया।

बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे षहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं।

इसी दूध के बाजार पर अमेरिका समेत अनेक दुग्ध उत्पादक पश्चिमी देशों की निगाहें टिकी रहती हैं। हालांकि अब दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुछ माह पहले ही दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की तैयारी है। ऐसे में यदि अमेरिकी या अन्य देशों के लिए दुग्ध उत्पाद बेचने के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती हीं, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
लम्बी दूरी की यात्रा न करें। पुराना कर्ज बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी आज कोई वादा न करें वरना मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ**
आज नया काम शुरू करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। पैतृक सम्पत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आज आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सन्तान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आप दूसरों की मदद को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपको कमतर आँक सकते हैं। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा। आज चंचलता पर नियन्त्रण रखना आपके लिये बहुत जरूरी है।

**सिंह**
आज घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं। बहुत तलाभुना और जंक फूड खाने से बचें।

**कन्या**
आज परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनन्द उठायेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। बड़ा व्यवसायिक अनुबन्ध हो सकता है।

**तुला**
कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें।

**वृश्चिक**
सन्तान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**धनु**
व्यापार के दृष्टिकोण से समय ठीक नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करें।

**मकर**
जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नये मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ**
परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिये। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं।

**मीन**
नयी परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट कर मछली व सोने के लॉकेट छिनतई

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गोरैया स्थान, नीलकंठ टोला गांव में मछली मारने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगो ने मारपीट करते एक व्यक्ति से 40 किलो मछली छीनकर ले गए। इसके बाद पीड़ित के द्वारा थाने में लिखित शिकायत करते हुए पुलिस से गुहार लगाई गई है। पुलिस मामले की जांच करने की कार्रवाई में जुटी रही। इस मामले में गौरैयास्थान निवासी निरंजन राय ने थाने में लिखिये शिकायत में पुलिस को बताया कि नीलकंठ टोला स्थित अपने पानी भरे गड्ढे से मछली मारकर अपने पुत्र केशव राय के साथ घर लौट रहा था। इस बीच गांव के ही हरी भजन राय, कौशल कुमार, दीपू सहित करीब 4-5 लोगों ने एक साथ मिलकर हमलोग पिता व पुत्र का रास्ता जबरन रोककर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उन लोगों ने हमारे 40 किलो मछली और पुत्र के गले में सोने के लॉकेट छीन कर गाली गलौज व धमकी देते हुए पीछा किया। किसी तरह एक ईंट भट्ठे के पीछे छुपकर अपनी जान को बचाया। उसके बाद 112 इमरजेंसी डायल पुलिस को सूचना दी।



### नव वर्ष पर जश्न : श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वर मां काली मंदिर में नव वर्ष की शुरूआत को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. श्रद्धालु मंदिर पहुंच पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की. मंदिर के पुजारी राम सागर मिश्रा, बृज मोहन मिश्र व शशांक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा का मानना है कि मां काली मनोकामना देवी हैं और यही वजह है कि लोग इस दिन की शुरूआत मां के आशीर्वाद से करने के लिए यहां पहुंचे हैं. वहीं सुल्तानपुर शनिचरा स्थान स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर व मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के प्रमुख मंदिरों में भगवान के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी. नये साल पर मार्शल बाजार चिल्ड्रेन पार्क जनता को समर्पित कर दिया गया. जिससे बच्चों समेत आम लोगों का पार्क में भीड देखा गया.नये साल के दिन सभी जगह जश्न का माहौल, एक-दूसरे को बधाई दी. नगर में कई स्थानों पर 31 दिसंबर की रात कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ऑर्केस्ट्रा और लजीज व्यंजन के साथ वर्ष 2025 को विदाई दी. रात 12 बजते ही नववर्ष के आगमन पर लोगों ने जमकर पटाखे भी फोड़े.

### सालाना उर्स मुबारक में चादरपोशी कर मांगी अमन चेन की दुआ





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर दरगाह के परिसर में सूफी संत हजरत सैयद शाह असादुल्लाह मनेरी रहमतुल्ला अलेह का सालाना उर्स मुबारक मनाया गया। इस दौरान सैयद अमीर अब्दाली ने काफी संख्या में लोगों ने साथ हजरत सैयद शाह असदुल्लाह मनेरी के मजार पर चादरपोशी करते हुए देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इसके अलावा मौजूद मुस्लिम समाज के लोगों ने फातेहा, कुरानखानी (पाठ) करते हुए लोगों के बीच तबरुक (प्रसाद) का वितरण किया। मौजूद अमीर अब्दाली ने बताया कि हर वर्ष सैयद शाह असादुल्लाह रहमतुल्ला अलैह के मजार पर सालाना उर्स को लेकर चादरपोशी की जाती है। इस मौके पर सैयद काशिफ अब्दाली, मोहम्मद नासिर सहित कई लोग थे।

### सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में युवक मिला शव

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा के आईआईटी अमहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरिया गांव के पास बुधवार को तकरीबन 45 वर्षीय अज्ञात युवक का संदिग्ध शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद सिकरिया गांव सहित आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि अपराधियों ने युवक की कहीं और हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका है। शव की हालत देखकर ईंट-पत्थर से कूचकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।जिससे मृतक की पहचान नहीं हो पा रही है। सूचना मिलने पर आईआईटी अमहरा थाना अध्यक्ष रौशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस ने काले रंग की पल्सर बाइक भी बरामद की है। बाइक के नंबर प्लेट के आधार पर मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि हत्या या दुर्घटना, दोनों बिंदुओं पर जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### माउंट लिट्रा जी स्कूल, बाढ़ के बच्चों ने बढ़ाया सम्मान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माउंट लिट्रा जी स्कूल, बाढ़ के होनहार खिलाड़ी मयंक एवं सूर्यांश का बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बिहार रूरल लीग के पटना किंग्स टीम में चयन।यह उपलब्धि विद्यालय और बाढ़ के लिए गर्व का विषय है।इस अवसर पर चयनित छात्रों को अध्यक्ष कौशल किशोर शर्मा, प्राचार्य संघमित्रा दास क्रिकेट कोच संतोष कुमार और सभी शिक्षक गण ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य एवं आने वाले मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मयंक और सूर्यांश के' शुभकामनाएँ दीं।





### मनेर दरगाह पर उमड़ी टूरिस्टों की भीड़, नव वर्ष का किया स्वागत



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को नए साल की स्वागत को लेकर पर्यटन स्थल मनेर दरगाह पर टूरिस्ट की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान पटना शहर सहित ग्रामीण इलाको के टूरिस्ट मनेर पहुँचकर सूफी संत हजरत मखदूम शाह याहया मनेरी व मखदूम शाह दौलत मनेरी के दरगाह में माथा टेककर नए साल का स्वागत किया। वही टूरिस्टों ने मनेर टूरिस्ट रिसोर्ट व दरगाह में लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन की देखरेख में काफी संख्या में टूरिस्ट जुटे रहे। वही हुड़दंगियों व बाइक स्टंट करने वाले युवकों की पुलिस ने जमकर क्लास ली। दरगाह परिसर में महिलाओं की भीड़ पिकनिक मनाती हुई दिखी। जबकि लोग हिंदी व भोजपुरी गीतों के साथ नए साल का स्वागत किया।

### सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जल की बबार्दी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के थाना चौक के पास से बांध रोड जाने वाली स्लम बस्ती के पास सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के दोनों साइड सड़क की चौड़ाई को बढ़ाने के लिए इन दोनों कार्य प्रगति पर है लेकिन संवेदक के द्वारा सड़क किनारे खुदाई किए जाने के बाद पीएचडी विभाग के द्वारा बिछाए गए पाइपलाइन को कई जगह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसके चलते प्रतिदिन हजारों लीटर पानी का बबार्दी खुलेआम हो रहा है। सब कुछ प्रशासन के सामने होते हुए भी इस पर ना तो किसी का ध्यान जा रहा है और ना ही इस बबार्दी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है नगर परिषद अभी तक मौन धारण किए हुए हैं।

# बैंक हड़ताल के आलोक में एसबीआई मुख्य शाखा के पास प्रदर्शन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 30 दिसम्बर 2025 को संध्या 5:30 बजे यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के विभिन्न घटकों द्वारा 'पांच दिवसीय कार्य सप्ताह' की मांग को ले कर आहूत आगामी अखिल भारतीय बैंक हड़ताल के आलोक में चल रहे आंदोलन कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, पशिमची गांधी मैदान के पास प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन देश भर में सभी शहरों, जिलों और केन्द्रों में एक साथ किया गया। ज्ञात हो की इस कार्यक्रम के अंतर्गत विगत 23.12.2025 को भी देश के सभी राजधानियों में प्रदर्शन किया गया था जिसमे पटना में हुए प्रदर्शन में 500 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया था। इस आंदोलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक संगोष्ठी एवं कार्यशाला, 09 एवं 12 दिसम्बर को देश भर से सभी सदस्यों द्वारा माननीय वित्त मंत्री एवं अध्यक्ष आई.बी.ए. को ज्ञापन भेजना एवं 16 दिसम्बर को सभी के द्वारा बैज पहन कर विरोध प्रकट करने का कार्यक्रम पहले ही किया जा चुका है। इस कड़ी में अगला कार्यक्रम दिनांक 04.01.2026 को एक देश व्यापी टिवीटर अभियान चलाया जाएगा। 05.01.2026 को देश के सभी राजधानियों में धरना और अंततः जनवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में राष्ट्र-व्यापी हड़ताल प्रस्तावित है। प्रदर्शन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता ने भाग लिया एवं पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को ले कर शशक्त रूप से अपनी आवाज को बुलंद किया। शीर्ष नेतृत्व ने जोर दे कर कहा की जब पाँच दिवसीय कार्य सप्ताहको लागू करने का फैसला सरकार की सहमति से IBA और UFBU में लिखित रूप में 08.03.2024 को हो चुका है तो 22 महीने बीत जाने के बाद भी इसे क्रियान्वित नहीं करना सरकार की दोहरी नीति को उजागर करती है। बैंककर्मियों पर बढ़ते हुए काम के दवाब को देखते हुए, खुद को और अपने परिवार को समय न दे पाने से उनके अंदर उपज रही हताशा और अवसाद को देखते हुए एवं उनके कार्य-जीवन में संतुलन बनाने हेतु UFBU की इस मांग को माना गया था, पर जान बुझ कर इसे अब तक लागू नहीं करना बैंकर्स के प्रति अन्याय है और UFBU इस अन्याय को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। 800 से अधिक सदस्यों ने एक सुर में सरकार की इस अनदेखी और वादा-खिलाफी के विरोध में आवाज बुलंद किया एवं सरकार से पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह को जल्द से जल्द लागू करने का का आहवाहन किया।

## नववर्ष की सुबह अस्पताल में हंगामा, इलाज में लापरवाही और मनमानी वसूली का आरोप

### महिला मरीज की मौत हो जाने के बाद भी इलाज के नाम पर झूठे उपचार का आरोप, चार घंटे बाद पुलिस ने किया शव सुपुर्द

**फुलवारीशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नववर्ष की सुबह फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के नया टोला एम्स रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. सूचना पर पहुंची पुलिस को स्थिति सामान्य कराने में करीब चार घंटे लग गए. फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के नया टोला एम्स रोड स्थित लुमिना अस्पताल में नववर्ष की सुबह जमकर हंगामा हुआ. मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, रोगी से न मिलने देने और मनमाने तरीके से रकम वसूलने का आरोप लगाया. आक्रोशित परिजन तीन लाख रुपये की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन करने लगे. परिजनों के अनुसार, नया टोला निवासी शाहजहां खातून, पति खुर्शीद आलम, को बीपी लो होने की शिकायत पर 20 दिसंबर को लुमिना अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल द्वारा पहले पैसा जमा कराकर इलाज शुरू किया गया. दो दिन बाद परिजनों ने इलाज महंगा होने की बात कहकर नाम कटवाने और मरीज को सरकारी अस्पताल ले जाने की इच्छा जताई, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने नाम काटने से इनकार कर दिया. आरोप है कि अस्पताल कर्मियों द्वारा बार-बार यह कहकर परिजनों को मरीज से मिलने नहीं दिया गया कि उसकी हालत गंभीर है. 25 दिसंबर को भी परिजनों ने मरीज को छोड़ने की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने यह कहते हुए मना कर दिया कि बाहर ले जाने पर मरीज की मौत हो सकती है. नववर्ष की सुबह अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को सूचना दी कि शाहजहां खातून की मौत हो गई है और चार लाख रुपये का बिल जमा करने के बाद ही शव दिया जाएगा. इस पर परिजन भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया. परिजनों का कहना था कि पहले ही अस्पताल में लाखों रुपये जमा किए जा चुके हैं और बिल नहीं देने पर शव रोक कर रखा गया है. हंगामे की सूचना पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने हालात को संभालने की कोशिश की और अस्पताल के एक कर्मी को पूछताछ के लिए थाना ले गई. पूछताछ में कर्मी ने बीती रात मरीज की मौत की पुष्टि की. मामला गंभीर होता देख पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन को समझाया. करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद अस्पताल द्वारा मरीज के खाते में जमा एक लाख रुपये लौटाए गए और शव परिजनों को सौंपा गया. इसके बाद मामला शांत हुआ. परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने घर रवाना हो गए.






## बीआरसी 8वीं बिहार और 12वीं बिहार बटालियन का स्थापना दिवस मना





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजिमेंट केंद्र का 8वीं बिहार बटालियन और 12वीं बिहार बटालियन का स्थापना दिवस नववर्ष पर धूमधाम से मनाया गया. 8वीं बिहार बटालियन की स्थापना 1 जनवरी 1965 को मेजर बलबीर सिंह के नेतृत्व दानापुर में तथा 12वीं बिहार बटालियन की स्थापना 1 जनवरी 1976 को लेफ्टिनेंट कर्नल कुलवंत सिंह मान की कमान में बिहार रेजिमेंट केंद्र दानापुर में की गई थी. अपनी स्थापना के बाद से लेकर अब तक बिहार रेजिमेंट की दोनों बटालियनों ने पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ देश सेवा में लगी हुई है. युद्ध हो या शांतिकाल, इन बटालियनों के वीर जवानों ने अपने साहस और शौर्य का परचम लहराया है. अनेक अवसरों पर इन वीर बिहारी जवानों ने दुश्मनों को परास्त किया है और अपना प्रदर्शन लगातार ऊंचा रखा है. गुरूवार को रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर इन दोनों बटालियनों के शहीदों को श्र द्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया . मौके पर रेजिमेंट के समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा समेत सैकड़ों वीर जवानों ने हिस्सा लिया.उपस्थित सभी सैन्य अधिकारियों , जेसीओ तथा सैनिकों ने वीर स्मृति में वीर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. पुष्पांजलि के दौरान सेना के बैंड ने वंदे मातरम् व रेजिमेंटल गीत सहित देशभक्ति की धुनें बजाई.

## नया साल, नई सुबह और भीषण ठंड, धूप बेअसर पार्कों में मस्ती के बीच कांपता रहा जनजीवन



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में नए साल के पहले दिन लोगों ने जहां सुबह-सुबह पार्कों में टहलते हुए, बच्चों के साथ मस्ती और सेल्फी के जरिए 2026 का स्वागत किया, वहीं कड़ाके की ठंड ने हर कदम पर ठिठुरन का एहसास कराया. धूप निकली जरूर, लेकिन ठंडी पछुआ हवा और गलन के आगे वह पूरी तरह बेअसर साबित हुई. मौसम विभाग के मुताबिक ठंड का यह कहर अभी कुछ दिन और जारी रहेगा. राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में नए साल की शुरूआत हाड़ कंपाने वाली ठंड और घने कोहरे के साथ हुई. गुरुवार को पटना में धूप निकलने के बावजूद न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. ठंडी कछुआ हवाओं के झोंकों के कारण दिनभर गलन बनी रही और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क रहा. छपरा और मधुबनी में भीषण शीत दिवस दर्ज किया गया, जबकि भागलपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में शीत दिवस की स्थिति बनी रही. राज्य का न्यूनतम तापमान 5.8 से 10.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. सबसे कम तापमान 5.8 डिग्री जीरादेई (सिवान) में रिकॉर्ड किया गया. कोहरे का असर भी व्यापक रहा. भागलपुर में न्यूनतम दृश्यता मात्र 20 मीटर दर्ज की गई, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ. कई स्थानों पर सुबह के समय वाहन रेंगते नजर आए. मौसम विभाग ने 1 जनवरी को प्रदेश के सभी 38 जिलों में कोल्ड डे और कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है. 28 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 10 जिलों में यलो अलर्ट घोषित किया गया है. विभाग का अनुमान है कि 6 जनवरी तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है. ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है. सारण में कक्षा 10 तक के स्कूल 4 जनवरी तक बंद हैं, जबकि दरभंगा, जहानाबाद और नालंदा में 8वीं तक के स्कूल 3 जनवरी तक बंद किए गए हैं. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, साफ आसमान के कारण रात में धरती की गर्मी तेजी से बाहर निकल रही है, जिसे रेडिएशनल कूलिंग कहा जाता है. यही वजह है कि धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर कम नहीं हो रहा है. पटना में अगले कुछ दिनों तक सुबह घना कोहरा और दिन में ठंडी हवा चलने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि 5 जनवरी तक ठंड का असर बना रहेगा, जबकि 6 जनवरी के बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी और ठंड से हल्की राहत मिलने के आसार हैं.

### नए साल के पहले दिन लोग थरथराए, मौसम वैज्ञानिकों ने बताया अभी और सताएगी सर्दी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नए साल के पहले दिन गुरुवार को ठंड ने लोगों पर जमकर सितम ढाया. विषम सर्दी और बर्फीली हवा के कारण सिर दर्द, बदन दर्द और कंपकंपी से लोग बेहाल रहे. मौसम वैज्ञानिकों का साफ कहना है कि ठंड का यह दौर अभी थमने वाला नहीं है और आने वाले दिनों में लोगों को और सताएगा. राजधानी पटना समेत पूरे इलाके में कड़ाके की ठंड लगातार जनजीवन को प्रभावित कर रही है. सुबह से ही ठंडी पछुआ हवा चलती रही, जिससे लोग थर-थर कांपते नजर आए. कई लोगों ने सिर दर्द की शिकायत की, तो बुजुर्ग और बच्चे दिनभर कंबल और रजाई में दुबके रहे. नए साल का उत्साह ठंड के आगे फीका पड़ता दिखा. करीब 20 दिनों से जारी सर्दी के कारण न्यू ईयर का मजा लोगों को पूरा नहीं मिल सका. घर, बाजार और पसंदीदा स्थलों पर निकलने वाले लोग भारी ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए. थोड़ी देर बाहर रहने के बाद ही लोग अलाव और चाय की दुकानों की ओर रुख करते दिखे. ठंड का असर बाजार पर भी पड़ा. नए साल को लेकर अधिकतर दुकानें बंद रहीं. कुछ जगहों पर चित्रकूट जैसी चुनिंदा दुकानें खुली रहीं, जहां सीमित चहल-पहल देखने को मिली. बाजार में भीड़ जरूर दिखी, लेकिन ठंड का एहसास हर चेहरे पर साफ नजर आया. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, ठंडी पछुआ हवा और रेडिएशनल कूलिंग के कारण तापमान में अभी कोई खास बढ़ोतरी की संभावना नहीं है. अगले कई दिनों तक सुबह और रात में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा बना रहेगा. लोगों को सर्दी से फिलहाल किसी भी तरह की राहत मिलने के आसार नहीं हैं.

## दानापुर में कला, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीणा विद्या निकेतन सीनियर सेंकेंडरी सह शिक्षाा विद्यालय में यूरिका 2.0- कला, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक सह स्कूल के सचिव वीणा सिंह , उपाध्यक्ष श्वेता सिंह, अकादमिक्स निदेशक डा परवेज आलम व प्राचार्य विष्णु शंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया.प्रदर्शनी में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन की प्रस्तुति दी. जिसमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व कला के मॉडल व पेंटिंग प्रस्तुत किये गये. श्रीमती सिंह द्वारा विज्ञान व कला प्रदर्शनी की गहनता से अवलोकन भी किया गया. इस दौरान सभी अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की. श्रीमती सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और नवाचार को पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और युवा मस्तिष्कों और उनके विचारों को मंच प्रदान करती है. मौके पर जीडी गोयनक स्कूल के प्राचार्य डा मधुकार झा , मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्या मिताली मुखर्जी, तरूमित्र के समन्वयक देवप्रिय दत्ता आदि प्रदर्शनी का अवलोकन किया. विद्यार्थियों द्वारा मॉडलों में औटोमैटिक फायर एक्सटिग्विशर मॉडल, सेव वाइल्डलाइफ एंड सेव आवर फ्यूचर, भारत की भौतिक विशेषताओं व जल निकासी का 3डी मॉडल , वेस्ट टू वॉट्स -की विशेष सराहना की. प्राचार्य श्री प्रसाद ने कहा कि यूरिका 2.0 की सफलता हमारे विद्यार्थियों , शिक्षकों व अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है. जिनका सहयोग अर्थपूर्ण अधिगम अनुभवों काा निरंतर करता है.

### ट्रक-ऑटो पिकअप की जोरदार टक्कर, दो लोग घायल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रोड पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला. गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकपुर बंडोह के पास, सरकारी स्कूल के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में ऑटो पिकअप पर सवार दो लोग घायल हो गए. दोनों घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो पिकअप को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है.

## दोस्त बना कातिल : बहन से लव अफेयर बनी हत्या की वजह





**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नववर्ष की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के कुरकुरी मांझी टोला में आधी रात एक दोस्त ने ही अपने साथी की गला दबाकर हत्या कर दी. बहन के साथ कथित अवैध संबंध से नाराज आरोपी ने सोते समय वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है.

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरकुरी गांव में 31 दिसंबर और 1 जनवरी की आधी रात सनसनीखेज हत्या की घटना सामने आई है. 16 वर्षीय युवक गोलू मांझी की गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान अवधेश मांझी के पुत्र गोलू मांझी के रूप में हुई है. गोलू मांझी शत्रुघ्न राय के खटाल में काम करता था और वहीं आरोपी दोस्त के साथ रहता व सोता था. पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या का मुख्य कारण आरोपी की बहन के साथ मृतक का कथित प्रेम संबंध था. आरोपी बार-बार गोलू पर संबंध तोड़ने का दबाव बना रहा था, लेकिन बात नहीं मानने पर उसने गुस्से में आकर वारदात को अंजाम दे दिया. घटना की जानकारी मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

### 16 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या

एसडीओपी-1 सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनीश कुमार उर्फ छोटन को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन और उसके कपड़े पानी की टंकी से बरामद किए हैं. पुलिस ने शव को देवी मंदिर कुरकुरी के पास से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स पटना भेज दिया है. सुबह शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया. पुलिस का कहना है कि सभी साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाकर साक्षी एकत्रित किए गए हैं हत्या में शामिल आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कालाबाजारी की 46 बोरी खाद जप्त

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय परिक्षेत्र से भारी मात्रा में खादों की तस्करी चरम पर है, आसपास के क्षेत्र मटिअरवा,इनरवा, बेलदरवा,लाला छपरा से प्रतिदिन सैकड़ों बोरी डीएपी,खाद बड़े पैमाने पर ढुलाई की जाने की सुचना है,इस सिलसिले में स्थानीय थाना प्रभारी पप्पू पासवान ने कृषि पदाधिकारी के सहयोग से छापेमारी कर 46 बोरी खाद को जप्त किया, आरोपी इनरवा गांव के मोहम्मद जाकिर मियां के पुत्र अली अख्तर मियां के घर पर अवैध रूप से खाद रखी गई थी,जिसे जप्त कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है,इस कारवाई में एस एस बी के जवान भी तैनात थे।



### जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा समाज के कमजोर वर्ग एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। इसी क्रम में मोतिहारी स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग व्यक्तियों,बालिका गृह एवं बाल गृह (बालक) में भ्रमण कर सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी के द्वारा कंबल वितरण किया गया।



### डीआईजी का सख्त रुख माफिया और अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने नए साल में अपराधियों, भू-माफिया और शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बगहा, बेतिया और मोतिहारी के एसपी के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया। प्रत्येक अनुमंडल से सक्रिय माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने तथा अवैध संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि अब कागजी नहीं, बल्कि ठोस और दिखने वाले परिणाम चाहिए होंगे।

### सागर व्यवसायी संघ की वार्षिक आमसभा सम्पन्न

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सागर व्यवसायी संघ के वार्षिक आमसभा की बैठक संघ के निवर्तमान अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ प्रसाद के आवास पर संघ के सभापति- ज्ञानेन्द्र शरण की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। अध्यक्षीय भाषण एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष फिरोज अहमद के द्वारा संघ का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के उपरांत निर्वाचन पदाधिकारी सत्येन्द्र शरण के द्वारा पदाधिकारियों के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। संघ के अध्यक्ष पद हेतु त्रिभूवन नाथ प्रसाद, सचिव पद के लिए सैयद शकील अहमद तथा कोषाध्यक्ष हेतु फिरोज अहमद निर्वाचित हुए।सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। आमसभा में विनय वर्मा, संजय कुमार पाण्डेय, अरूणेश कुमार श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, अनुप टेकरीवाल, कुमारेश शरण, नन्हे मिस्त्री, विनोद कुमार, रेयाज अहमद, दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पूजा-पाठ और प्रार्थना कर नये साल का किया स्वागत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष को लेकर बुधवार मध्य रात्रि के बाद से ही ने साल की शुभकामनाएं देनी शुरू हो गई। हालांकि अचानक बढ़े ठंड के बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नहीं रही। नूतन वर्ष पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने, परिवार और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना किया। नव वर्ष पर भारत नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर एसएसबी द्वारा विशेष सुरक्षा बढा दी गई है। जगह जगह चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही है। भारत नेपाल की सीमा खुली हुई है। नव वर्ष को लेकर दोनों देश के नागरिक घूमने एवं पिकनिक को लेकर एक दूसरे के देश आते जाते हैं। इस मौका का फायदा कोई और सामाजिक तत्व न उठा ले। इसको लेकर एसएसबी द्वारा पूरी चौकसी बरती जा रही है।

### 24 दिवसीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के परसौनी पंचायत स्थित सौनाहा गांव में 24 दिवसीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हो गया। प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। महायज्ञ सफल होने से स्थानीय कार्यकर्त्ताओ में खुशी देखी गई। इस प्रागंण में गुरूवार को समाजिक विकास संगठन के तत्वाधान में नव वर्ष के पहले दिन अध्यात्मिक दिवस समारोह का आयोजन भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन संस्थापक अध्यक्ष बेचू यादव ने की। इस अवसर पर मांस, मछली, मदिरा आदि का परहेज कर सात्विक जीवन शैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन में कहा कि हम धर्म की रक्षा करेंगें तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। बेचू यादव ने कहा कि हम प्रेम, स्नेह, दया, करुणा आदि मानवीय गुणों को आत्मसात करेंगे तो कलियुग का प्रभाव कम होगा और समाज में आपसी सद्भाव बढ़ेगा। इस अवसर पर नागेंद्र प्रसाद, संजीत सिंह, अलटर बाबा, शंभु यादव, मनोज यादव, श्रीकांत ओझा समेत स्थानीय प्रबुद्धजनों व बड़ी तादाद में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई।

### नववर्ष में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 71 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नववर्ष के जश्न से पहले अवैध शराब कारोबार पर नकेल कसते हुए मझौलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने 71 पीस एटपीएम टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद की। जब्त शराब की कुल मात्रा 13.14 लीटर बताई गई है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि सेनुअरिया चौक निवासी द्वारिका प्रसाद के पुत्र विनोद प्रसाद द्वारा अपने घर में नववर्ष के अवसर पर बिक्री के लिए अवैध शराब छुपाकर रखने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम का गठन कर उसके घर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से भारी मात्रा में टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शराब की आपूर्ति के स्रोत और अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच कर रही है।

### पूर्व उप मुखिया सर्वजीत यादव का निधन

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनकटवा पंचायत के उप मुखिया सर्वजीत यादव बुधवार के सुबह बीमारी से निधन हो गया. निधन से बनकटवा पंचायत सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों में गहरा शोक छा गया. भाजपा के पूर्व जिला प्रभारी बरुण सिंह, पूर्व मुखिया गणेश यादव, पूर्व मुखिया अवधेश सिंह सरपंच राजकुमार बैठा, समाजसेवी छोटन शाह, दिनेश शाह, राजेंद्र यादव,वार्ड सदस्य चंदन शाह, छोटन शाह, शंकर शाह, वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सरोज यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष नवल यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उनके परिजनों को सांत्वना दी. प्रबुद्धजनों ने बताया कि सर्वजीत यादव बहुत सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे।

### करैमबोर्ड टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाली टोला स्थित पिन्टू सिंह के आवास परिसर में आयोजित कैरमबोर्ड टूर्नामेंट के पांचवें दिन खेल प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। पहले मुकाबले में विवेक सिंह सुनील सोनी की जोड़ी ने राकेश सिंह की टीम को हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में अनिरुद्ध कुमार आनंद सिंह ने राजन और दीपक जायसवाल की टीम को शिकस्त दी। 74 वर्षीय अजय उपाध्याय के सटीक 'सीताराम शॉट' ने सभी का ध्यान खींचा और दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजक पिन्टू सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

# सम्मान समारोह का आयोजन: चार शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

**शहीदों के बलिदानों को याद किया गया, बिहार पुलिस में चयनित दर्जनों छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय ठाकुर राम मथुरा प्रसाद उच्च विद्यालय घोड़ासहन में बुधवार को श्रीपुर पंचायत विकास समिति के तत्वधान में उदय जायसवाल द्वारा शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार,सीओ आनंद कुमार,उप निरीक्षक पंकज कुमार,उदय जायसवाल आदि ने शहीद के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.इस दौरान चारों शहीद को क्रमशः घोड़ासहन थाने में पदस्थापित एएसआई स्व.प्रमोद कुमार सिंह को उनके प्रतिनिधि के रूप में थाने में पदस्थापित एएसआई नवीन कुमार को सीओ आनंद कुमार ने अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.सीआरपीएफ स्व.भगलू पासवान के परिजन को एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार ने सम्मानित किया.सीआरपीएफ स्व. हीरालाल प्रसाद के परिजन को एसएसबी उप निरीक्षक पंकज कुमार ने सम्मानित किया.होमगार्ड जवान स्व. हृदय नारायण राय के उनके परिजन को एएसआई नवीन कुमार ने सम्मानित किया.मौके पर सीओ श्री कुमार ने समारोह में उपस्थित बिहार पुलिस,सेना की तैयारी कर रहे सैकड़ों छात्र-छात्राओं को कहा कि अगर आपको आगे बढ़ना होगा तो चार चीजों को पालन करना होगा एक साधना,दूसरा संयम,तीसरा सेवा तथा चौथा उपासना इन चारों को अपने जीवन में उतार ले साथ ही लक्ष्य के प्रति जुनून हो आप सब मुकाम हासिल कर लेंगे.इस दौरान कार्यक्रम के दौरान बिहार पुलिस और आर्मी में चयनित दर्जनों छात्र-छात्राओं को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.इस कार्यकम की अध्यक्षता उदय जायसवाल तथा संचालन नीरज प्रभाकर ने किया.मौके पर दुर्गेश कुमार सिंह,रंजन कुमार,हरिकिशोर गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अविभावक उपस्थित रहें।

## आपदा अनुग्रह अनुदान के तहत पीड़ित परिवारों को मिला सहायता राशि का चेक



**छपरा/तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित अंचल कार्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आपदा पीड़ित परिवारों के बीच अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक वितरित किया गया। अंचलाधिकारी पंकज कुमार सिंह ने विभिन्न आपदाओं से प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान भागवतपुर पंचायत के बेलहरी गांव निवासी प्रभावती देवी को चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान चेक प्रदान किया गया। उनके पुत्र अभिजीत कुमार की वर्ष 2022 में नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं सरेया रत्नाकर गांव में हाल ही में हुई अगलगी की घटना में चार लोगों के घर जलकर नष्ट हो गए थे। इन अग्निपीड़ितों—अमरावती देवी, योगेंद्र राय, पुलिस राय और काशी कुमार—को 12-12 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि सभी लाभार्थियों को कागजी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह भागवतपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार यादव, सरेया रत्नाकर पंचायत के मुखिया तारकेश्वर सिंह, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्र, अंचल कर्मी संजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नए साल की उमंग से गुलजार अमवा मन झील, रोमांच और रौनक का बना केंद्र

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नए साल की शुरूआत के साथ ही माधोपुर पंचायत के एनएच 727 स्थित अमवा मन झील सैलानियों से गुलजार हो उठी। गुरुवार, 1 जनवरी को नववर्ष के पहले दिन यहां हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे और पिकनिक के साथ-साथ रोमांचक वाटर स्पोर्ट्स का भरपूर आनंद लिया। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह से ही सैलानियों का आना शुरू हो गया था। परिवार, मित्रों और बच्चों के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत उत्साहपूर्वक किया।बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश और चंपारण के सीमावर्ती इलाकों से भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। पैरासेलिंग, जेट स्की, मोटर बोट, सोफा राइड, क्याकिंग और जेट अटैक जैसी गतिविधियां खास आकर्षण रहीं।झील प्रबंधक आकिब आमिर ने बताया कि नववर्ष पर दो लाख रुपये से अधिक की टिकट बिक्री हुई, जिसमें सबसे अधिक भीड़ मोटर बोट और पैरासेलिंग में रही। सैलानियों की भीड़ से स्थानीय दुकानदारों और व्यवसायियों को अच्छी आमदनी हुई। सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद रहा। कुल मिलाकर अमवा मन झील पर नए साल का पहला दिन उत्सव और उल्लास से भरा रहा।




# कोटवा के दिलमन छपरा में किसानों ने पौधा लगा कर की नव वर्ष की शुरूआत

**पर्यावण की पाठशाला में दो सौ प्रगतिशील किसान के बीच पौधा रोपण व वितरण किया गया**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ जहां लोग नव वर्ष की शुरूआत पिकनिक और पर्यटन स्थलों पर घूमकर जश्न मनाकर करते हैं वही कोटवा के दिलमन छपरा गांव के सैकड़ों किसानों ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मोतिहारी वन प्रमंडल के सौजन्य से नेत्रिका फाउंडेशन और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा किया गया। इस दौरान पर्यावरण की पाठशाला कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्व विद्यालय के प्राध्यापक डॉ अमित रंजन ने विस्तार से पर्यावरण की नई पीढ़ी के लिए उपयोगिता पर प्रकाश डाला। नेत्रिका फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार ने हवा पानी शुद्धता के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। हम रोज पेड़ काट रहे है जिसके कारण प्रकृति में असंतुलन है। जिस कारण असमय वर्षा से फैसलें बर्बाद हो रही हैं। पर्यावरण प्रेमी विनय कुमार ने जीवन के लिए पेड़ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से अपने अगली पीढ़ी के लिए एक पेड़ अपने बच्चों के लिए लगाने का आह्वान किया। नव वर्ष के अवसर पर जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रख कर आम,निम्बू ,बोतल ब्रश, कटहल, आंवला, महोगनी, अमरूद और सागवान आदि का 200 पौधा प्रगतिशील किसानों के बीच वितरण किया गया।इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी विनय कुमार,किसान बबन सिंह, विपिन बिहारी सिंह, सुरेश सिंह,नवल किशोर सिंह, प्रसिद्ध नारायण सिंह, कृष्णा सिंह,चंदन कुमार महतो,संजय सिंह,यदोलाल पासवान,शंभू सिंह,लोकप्रिय राजेश,अशोक सिंह,छबीला सिंह,गुड्डू सिंह,संतोष कुमार और रणजीत सिंह आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कुमार ओंकार उर्फ शानू ने किया।

# सुबह चुभती बर्फीली हवा से कांप उठे लोग, ठंड से जनजीवन बेहाल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में सुबह शीतलहरी ने ऐसा कहर बरपाया कि लोग घरों से निकलते ही ठिठुर उठे. सुबह-सुबह चल रही बर्फीली पछुआ हवाएं बारिश की महीन बूंदों की तरह लोगों के शरीर को कांटों की तरह चुभती महसूस हुई. ठंडी हवा इतनी तेज और तीखी थी कि चेहरा ढंकना भी बेअसर नजर आया. सड़कों पर निकलने वाले लोग अलाव की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखे. ठंड का असर सुबह से लेकर दिन तक बना रहा और करीब 11 बजे के बाद शीतलहरी का प्रकोप कुछ कम जरूर हुआ, लेकिन तेज ठंडी हवाओं के कारण पूरे दिन लोग ठिठुरते रहे. शीतलहरी के चलते पटना समेत पूरे राज्य में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है. सुबह के समय सड़कों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही देखी गई. मजदूर, रिक्शा चालक और राहगीर आग-अलाव ही एकमात्र सहारे के रूप में नजर आए. ठंड के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी रौनक कम रही. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार सोमवार को राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान करीब 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. राज्य के कई जिलों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनी रही. रविवार को राजगीर सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि फॉरबिसगंज में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. पूर्णिया में घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 600 मीटर रह गई, वहीं गया में दृश्यता महज 50 मीटर तक पहुंच गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ.राजधानी पटना समेत 25 जिलों में शीतलहर जैसे हालात रहे. सुबह से भीषण कोहरा छाए रहा और पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ाए रखा. सोमवार को पटना के अलावे, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, छपरा, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, वैशाली समस्तीपुर, बेगूसराय, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, अरवल, भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा में ठंड का अधिक असर दिखेगा. मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर-पश्चिम दिशा से लगातार चल रही पछुआ हवाओं और हिमालयी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के कारण ठंड का यह दौर लंबा खिंच सकता है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार आने वाले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शीतलहरी और घने कोहरे का असर बना रहेगा. नए साल तक ठंड से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है. खासकर सुबह और रात के समय ठंड और भी तीखी महसूस की जाएगी. मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है और खासकर बुजुर्गों, बच्चों व बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है.

## पंच सदस्या के असामयिक निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों ने व्यक्त किया शोक



**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पचभिण्डा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-02 की पंच सदस्या एवं शाहनेवाजपुर गांव निवासी लालती देवी का 45 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया। वे लगातार दो बार निर्विरोध पंच सदस्या के रूप में निर्वाचित हुई थीं और पंचायत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। स्व. लालती देवी के निधन से पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि उनके पति रामजन्म राय भी पूर्व में इसी पंचायत से पंच और उप सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचित रह चुके हैं। शोक व्यक्त करने वालों में तरैया के पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, पोखरेड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया वीर बहादुर राय, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, पूर्व उप प्रमुख प्रमिला देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललन राय, पचभिण्डा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी, सरपंच प्रतिनिधि सुदीश कुमार, बीडीसी सदस्य पिंटू यादव, पूर्व बीडीसी सदस्य मनोज राय, रामजी रौशन सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की।

## आध्यात्मिक सत्संग का हुआ आयोजन

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चैनपुर पंचायत अंतर्गत अंधरबाड़ी गांव में वर्ष 2025 के समापन अवसर पर आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु-भक्तों की उपस्थिति रही। सत्संग को संबोधित करते हुए प्रवचनकर्ता महात्मा सुदर्शन जी ने कहा कि मानव शरीर नश्वर है, जबकि परमात्मा शाश्वत और अमर है। उन्होंने कहा कि संसार में मनुष्य की वास्तविक पहचान उसके पद या धन से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से होती है। उन्होंने लोगों को परोपकार के मार्ग पर चलने और मन, वचन तथा कर्म से किसी भी जीव को कष्ट न पहुंचाने का संदेश दिया। सत्संग के दौरान भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक चर्चाओं से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महात्मा सचिन व महात्मा रामानंद ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नीरज श्रीवास्तव उर्फ दिना लाल, नरेश सिंह, रीना चौधरी सहित ग्रामीणों का योगदान रहा। वर्ष के अंतिम दिन आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन ने लोगों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ नए वर्ष में प्रवेश करने का संदेश दिया। मौके पर अमित श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, मनोज सिंह, राकेश कुमार सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।



## दानापुर नगर परिषद का नया परिसीमन: वार्डों के गठन का प्रारूप प्रकाशित, आपत्तियों के अवसर का उठाएं लाभ

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में शहरी निकाय चुनाव को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है. नगर परिषद, दानापुर निजामत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के गठन व परिसीमन से संबंधित सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, पटना ने इस संबंध में आदेश जारी कर विहित प्रपत्र में निर्धारित स्थलों पर प्रकाशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

यह कार्रवाई राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के निर्देश के आलोक में की गई है. जारी आदेश के अनुसार नगर परिषद, दानापुर निजामत के सभी प्रस्तावित वार्डों की सीमा, जनसंख्या और आरक्षण से संबंधित विवरणों को सार्वजनिक किया गया है, ताकि आमजन और संबंधित पक्ष अपनी आपत्तियां और सुझाव समयसीमा के भीतर दर्ज करा सकें.

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार परिसीमन में 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया गया है. प्रत्येक वार्ड की अनुमानित कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की संख्या, तथा वार्ड की चौहदी को स्पष्ट रूप से दशार्या गया है. इससे वार्डों के आकार में संतुलन और प्रतिनिधित्व की समानता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है. जिला निर्वाचन शाखा ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, दानापुर को निर्देश दिया है कि प्रारूप सूची का प्रकाशन नगर परिषद कार्यालय, अंचल कार्यालय तथा अन्य निर्धारित सार्वजनिक स्थलों पर कराया जाए. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया की पूरी जानकारी उपलब्ध हो.

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त आपत्तियों और सुझावों के निपटारे के बाद अंतिम परिसीमन सूची प्रकाशित की जाएगी. इसके बाद ही नगर परिषद दानापुर निजामत में आगामी निकाय चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा.

प्रशासन का कहना है कि परिसीमन का उद्देश्य जनसंख्या के अनुरूप निष्पक्ष प्रतिनिधित्व, प्रशासनिक सुगमता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है. नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रारूप सूची का अवलोकन कर समय पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं, ताकि अंतिम सूची अधिक संतुलित और पारदर्शी बन सके.

## चित्रांश संघ ने कायस्थ मिलन समारोह का किया आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा चित्रांश संघ की ओर से कायस्थ पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन शहर के शिवगंज स्थित एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश शरण उर्फ पुन्नू श्रीवास्तव, नरकटियागंज विधायक संजय पांडेय, पूर्व विधायक रश्मि वर्मा, नगर सभापति उप सभापति समेत अन्य गणमान्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पुन्नू श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा चित्रांश संघ ने यह एक अनोखी पहल की है। इससे कायस्थ परिवार एकजुट व संगठित होंगे और हमारे समाज की संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम साबित होगी। वहीं विधायक संजय कुमार पांडेय समेत अन्य गणमान्यों ने कहा कि नव वर्ष की बधाई देने का यह प्रयास काफी सराहनीय है। चित्रांश समाज इसके लिए बधाई का पात्र है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मनमोह लिया। इसके उपरांत नव वर्ष के उपलक्ष्य में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। इसके बाद, स्नेह मिलन संवाद और सहभोज का आयोजन हुआ। समारोह में सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा, अवध किशोर सिन्हा, डॉ. विनय सिन्हा, वार्ड पार्षद बब्लू वर्मा, सर्वेश वर्मा, प्रतिनिधि गोलू वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, बिट्टू श्रीवास्तव, राजा कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# एसडीएम ने प्रखंड व अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण,बीडीओ, सीओ कार्यालय में नहीं थे मौजूद



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने बुधवार को साल के आखिरी दिन कोटवा अंचल सह प्रखंड कार्यालय में पहुंचे प्रखंड और अंचल कार्यालय औचक निरीक्षण किया। जहा बीडीओ और सीओ की गैरमौजूदगी देख नाराजगी जताते हुए श्री सिहारा ने दोनों पदाधिकारियों को फोन लगा कर उन्हें हिदायत दी। उन्होंने बताया कि इस तरह से कार्यालय से गायब रहना कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उनका यह पहला विजिट था जिसको लेकर वे साल के आखिरी दिन ही निरीक्षण और कम्बल वितरण करने के लिए कोटवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे थे। इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। एसडीएम आरटीपीएस में चल रहे कार्यों की जानकारी लिए और कर्मियों से पूछताछ कर जरूरी निर्देश दिए। वही अंचल नाजिर कार्यालय , पेंशन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। पदाधिकारी के नहीं रहने के कारण गरीबों के बीच बांटने वाला कम्बल भी अंचल को नहीं सौंपा गया। मौके पर बताया गया है कि प्रखंड कार्यालय के रंग रोगन का कार्य चल रहा है , जिसको लेकर बीडीओ चिरंजीवी पांडेय का चेंबर अस्त - व्यस्त है , इस बीच कुछ ही देर पहले श्री पांडेय प्रखंड कार्यालय से निकले थे। बता दे कि 2022 बैच के आईएएस अधिकारी श्री सिहारा विशेष कार्य पदाधिकारी , सामान्य प्रशाखा बिहार पटना में पदस्थापित थे जिन्हें 12 दिसंबर को मोतिहारी सदर का एसडीएम बनाया गया था।मामले में बीडीओ चिरंजीवी पाण्डेय ने बताया कि कार्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। मैं थोड़ी देर पहले कार्यालय से निकला था,एसडीएम सर से मिलकर आवश्यक जानकारी दे स्थिति स्पष्ट कर दिया है।

CMYK

## एक नजर

### खलिहान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के म्हारा पंचायत अंतर्गत शाहपुर गांव स्थित एक खलिहान में बुधवार की देर रात अचानक आग लग गई, जिससे हजारों रुपये मूल्य की फसल जलकर राख हो गई। इस अगलगी की घटना में पीड़ित किसान सुशीला देवी की करीब 800 धान की बोझा पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया संतोष सौण्डिक एवं पीड़ित किसान ने दी।

मुखिया संतोष सौण्डिक ने बताया कि सुशीला देवी एक गरीब मजदूर किसान हैं, जिनकी साल भर की मेहनत इस हादसे में खत्म हो गई। अगलगी के कारण अब उनके परिवार के सामने भोजन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। घटना के बाद आपदा प्रबंधन से सहायता दिलाने की मांग को लेकर हसपुरा सीओ एवं संबंधित थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इधर, अगलगी की दूसरी घटना गुरुवार की शाम लगभग चार बजे किसनपुर गांव में घटी। यहां यमुना यादव, रामाधार चन्द्रवंशी, शिव कुमार चन्द्रवंशी, जितेंद्र कुमार पंडित एवं रौशन चन्द्रवंशी के खलिहान में रखे धान की बोझा एवं पुआल में आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिसे बुझाने में ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही हसपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी एवं बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने पीड़ितों से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। लगातार हो रही अगलगी की घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में चिंता और भय का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे इस आपदा से उबर सकें।

### रेफरल अस्पताल कुटुंबा में कर्मियों के पद खाली

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम नागरिकों को सुविधा का पूरा प्रयास कर रही है परंतु कुटुंबा प्रखंड का रेफरल अस्पताल चिकित्सकों की कमी के कारण गंभीर स्थिति में है। यहां केवल एक चिकित्सक के भरोसे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। प्रतिदिन 200 से 250 मरीज इलाज के लिए आते हैं परंतु एक चिकित्सक की थकान के कारण चिकित्सकीय कार्य बाधित हो रहा है। अस्पताल में चिकित्सक, ग्रेड ए नर्स, स्वास्थ्य प्रशिक्षक समेत कुल 214 पद सृजित किए गए हैं जिनमें से केवल 84 कर्मी कार्यरत है। शेष 130 पद रिक्त पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण कुटुंबा के पीएचसी और रेफरल अस्पताल में मरीजों का इलाज करना कठिन हो गया है। कुटुंबा प्रखंड के रेफरल अस्पताल, पीएचसी और एपीएचसी मिलाकर कुल 3० चिकित्सक पद सृजित किए गए हैं। वर्तमान में चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा केवल दो चिकित्सक पूरे प्रखंड में कार्यरत हैं। कई चिकित्सक तो पदस्थापन के बाद से यहां आना उचित नहीं समझते। कुछ चिकित्सकों को डिप्टेशन पर अन्य अस्पतालों में भोज दिया गया है। अस्पताल में डा. नवल किशोर सिंह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं जिन्हें ओपीडी के साथ-साथ अन्य विभागीय बैठकों में भी शामिल होना पड़ता है। बता दें कि रेफरल अस्पताल कुटुंबा में झारखंड-बिहार की सीमा क्षेत्र तथा कुटुंबा और नबीनगर प्रखंड के मरीज लगभग 1०० किमी की परिधि से उपचार कराने के लिए आते हैं। चिकित्सकों के अनुसार प्रतिदिन ओपीडी में 150 से 300 मरीज आते हैं। ऐसे में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के नहीं होने से परेशानी होती है।

### एनएच के किनारे खुला नाला दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिल्ली से कोलकाता जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर बारुण के केशव मोड़ के निकट स्थित नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। खुला नाला बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। केशव मोड़ के पास की सर्विस सड़क भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इतना होने के बावजूद भी इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बारुण में नालों का निर्माण कराया गया था लेकिन नाले के ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन गायब हैं। निर्माण कार्य के बाद नालों की देखरेख और मरम्मत का कार्य समय पर नहीं किया गया है। सर्विस लेन और राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे गड्ढे उभर आए हैं। रात के समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है। केशव मोड़ की उत्तरी सर्विस सड़क भी क्षतिग्रस्त है जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डेहरी से औरंगाबाद जाने वाली यात्री बस बारुण में रुकती है और बदहाल सड़क के कारण यात्री परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार नालों की मरम्मत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सूचित किया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस ढीले रवैये के कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एनएच के पेट्रोलिंग अधिकारी ने बताया कि केशव मोड़ पर क्षतिग्रस्त सर्विस सड़क और नाले के टूटे ढक्कन की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है और शीघ्र ही मरम्मत कराई जाएगी।

### हसपुरा में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच, गहना ने खुटहन को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार स्थित छोटी खेल मैदान में आयोजित सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का उत्साह चरम पर है। बुधवार को टूर्नामेंट का चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला गहना और खुटहन टीम के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन जदयू के कुर्था विधायक पप्पू वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर विधायक पप्पू वर्मा ने कहा कि क्रिकेट, फुटबॉल सहित सभी खेल आपसी भाईचारे और सौहार्द का सशक्त संदेश देते हैं। खेल के मैदान में जाति और धर्म का कोई भेद नहीं होता, यहां केवल टीम भावना, अनुशासन और खेल भावना मायने रखती है। उन्होंने कहा कि हसपुरा जैसे सुदूर क्षेत्र में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है, जिससे ग्रामीण युवाओं की छिपी प्रतिभा सामने आ रही है। विधायक ने यह भी कहा कि पढ़ाई जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी खेल भी है, क्योंकि खेल युवाओं को ऊर्जा, अनुशासन और सकारात्मक सोच देता है। साथ ही उन्होंने सरकार की विभिन्न उपलब्धियों की भी चर्चा की। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खुटहन टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गहना टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए फैजान को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका रूस्तम और रिशु ने निभाई, जबकि कमेंट्री आशिफ इकबाल और मनीष कुमार ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी सरोज कुमार ने संभाली। टूर्नामेंट के दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, प्रो. विजय प्रसाद, मुखिया राकेश कुमार, राजकुमार, विपिन पटेल और धर्मेंद्र कुमार लाला सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# नव वर्ष पर पिकनिक स्पॉट के रूप में गुलजार रहा वाणावर पहाड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को जिले के ऐतिहासिक प्राकृतिक छटाओ से परिपूर्ण, अंतराष्ट्रीय पर्यटक स्थल प्रखंड का वाणावर पहाड़ काफी गुलजार दिखा, राज्य के कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालु पहाड़ी इलाका में नववर्ष का जश्न मनाया। मौके पर जुटे लोगो ने पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। हालांकि अत्यधिक ठंड के कारण सुबह में श्रद्धालुओं में कमी देखी गई। वही दिन के 10:00 बजे के बाद श्रद्धालुओं की काफी भीड़ दिखी, जो लगभग 3 बजे तक लम्बी कतार लगी रही। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर ,पाताल गंगा, एवं बाबन सीढ़ियां इलाका से जलस्त्रोत से स्नान कर बोल बम हर हर महादेव जय भोलेनाथ की जयघोष लगा रहे थे। जिससे पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर लगभग 30 हजार से अधिक लोगों ने जलाभिषेक किया है। उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए कतार लगा दिया गया है जो शाम तक कतार बनता रहा ,वही मंदिर के समीप फूल मालाओं की दुकानों पर काफी भीड़ लगी रही प्रसाद खरीदने के लिए दुकानों पर डटे रहे , मौके पर जुटे लोगों ने पहाड़ पर ही खाना बनाकर वनभोज किया ।

**सतघरवा गुफा देखने जुटे थे दोनों समुदाय के लोग**

नव वर्ष के अवसर पर सतघरवा गुफा देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे थे खासकर मुस्लिम समुदाय की महिलाएं भी काफी संख्या में जुटी थी, वही हिंदू समुदाय के लोगों ने गुफा के समीप पिकनिक मनाते देखे, इस बाबत बिहार टूरिज्म के गाइड राकेश प्रसाद ने बताया की नववर्ष के अवसर से पहुचे लोगो ने पहाड़ी इलाका में पिकनिक मनाया।

**नववर्ष को लेकर चुस्त दिखा प्रशासन**

नववर्ष को लेकर प्रशासन काफी चुस्त दिखी पहाड़ी इलाका के गऊघाट एवं हथियाबोर इलाके में पुलिस के जवान मौजूद थे। वही पाताल गंगा इलाके में जिले के डीएम, एसपी समेत कई अधिकारी घूम घूम कर जायजा लेते रहे। वही पहाड़ी इलाका के सतघरवा एवं मंदिर जाने वाली मुख्य द्वार के समीप पुलिस बल के जवान लगाए थे। वहीं मंदिर परिसर में चार पुलिस के जवान के साथ अधिकारी मौजूद थे ,जो पहुचे श्रद्धालुओं को कतार में लगा रहे थे।

# दुर्घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** नववर्ष के अवसर पर जहां लोग धूमधाम से जश्न मना रहे थे और कई परिवार पिकनिक व खरीदारी के लिए घरों से बाहर निकले हुए थे, वहीं मोदनगंज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। घर के लिए सामान खरीदने बाजार जा रहे एक स्कूटी सवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी पर सवार व्यक्ति सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल की पहचान की और तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि घायल के पैर में गंभीर चोट आई है और हड्डी टूटने की आशंका है। बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने उसे पटना स्थित पीएमसीएच ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान बैजनाथ शर्मा के पुत्र अमलेश कुमार के रूप में हुई है। अमलेश कुमार मोदनगंज प्रखंड के गंधार गांव के निवासी हैं। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल घायल की स्थिति पहले से बेहतर है। परिजनों ने डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच ले जाकर भर्ती कराया है। वहीं पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है और फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## नव वर्ष पर जश्न के साथ बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ को लेकर जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**ओबरा (औरंगाबाद)।** नव वर्ष के अवसर पर ओबरा प्रखंड मुख्यालय के बेल रोड स्थित परिसर में पूर्व जिला पार्षद नीता देवी की अध्यक्षता में जश्न समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद ने कहा कि नए वर्ष का शुभारंभ हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। आपसी द्वेष और नकारात्मक भावनाओं को त्याग कर भाईचारे और सद्भाव का संदेश देना ही नव वर्ष को सार्थक बनाएगा। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद नीता देवी ने नव वर्ष की खुशी व्यक्त करते हुए बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं और उनके बिना आंगन सूना रहता है। बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा का प्रसार बेहद जरूरी है। वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है, जिसके लिए बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ को जन आंदोलन का रूप देना होगा। कार्यक्रम में विनय जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, राजू गुप्ता, विजय शौंडिक, इंजीनियर संजीत कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नव वर्ष में सामाजिक जागरूकता और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अरविंद हॉस्पिटल में वर्ष के अंतिम दिन नव वर्ष को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर।** वर्ष के अंतिम दिन दाउदनगर स्थित अरविंद हॉस्पिटल में नव वर्ष को लेकर जागरूकता एवं शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के निदेशक डॉक्टर अरविंद कुमार ने की। इस अवसर पर आरक्षी उपाधीक्षक अशोक कुमार तथा भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अस्पताल निदेशक ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, डायरी और कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष का अंतिम दिन आत्ममंथन का अवसर होता है और नव वर्ष का आगमन नए संकल्पों के साथ होना चाहिए। समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी को दृढ़ संकल्प लेना होगा। आरक्षी उपाधीक्षक अशोक कुमार ने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नव वर्ष का उत्सव सादगी और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। आपसी भाईचारे और मधुर संबंधों को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने मन में व्याप्त द्वेष और नकारात्मक भावनाओं को त्यागने की अपील की। आरक्षी उपाधीक्षक ने बताया कि नव वर्ष के दौरान नशा मुक्ति को लेकर सभी चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से नशा से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज से ही नव वर्ष में आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण की स्थापना संभव है। कार्यक्रम में प्रेमनाथ कुमार, वशिष्ठ कुमार, अजीत कुमार, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नव वर्ष को शांतिपूर्ण, सादगीपूर्ण और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## जीटी रोड सिक्सलेन परियोजना का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड के सिक्सलेन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एनएचएआई ने निर्माण कंपनी को मार्च 2०26 तक सभी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। अधिकांश सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब केवल कुछ प्रमुख संरचनाओं जैसे वाहन अंडर पास और पब्लिक अंडर पास का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में दो वीयूपी और एक पीयूपी का निर्माण जारी है। शिवगंज में वीयूपी, ओरा में पीयूपी और शहर के बाइपास में वीयूपी का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं बारुण ब्लॉक के समीप वीयूपी और सिंदुरिया और योगिया में प्रस्तावित पीयूपी का निर्माण अभी शुरू नहीं हो सका है। इन संरचनाओं के पूरा होने के बाद जीटी रोड पूरी तरह से छह लेन में परिवर्तित हो जाएगी। एनएचएआई के एक अधिकारी के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्माण कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बता दें कि सड़क के सिक्सलेन होने से यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यह परियोजना वर्ष 2011 में शुरु हुई थी जिसे वर्ष 2014 में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित था परंतु जमीन अधिग्रहण में आई बाधाओं और निर्माण कंपनी सोमा आइसोलक्स के कार्य अधूरा छोड़ देने के कारण परियोजना अबतक पूरी नहीं हो सकी है। इसके बाद नए सिरे से कार्य शुरू होने पर परियोजना ने रफ्तार पकड़ी। अब अनुमान यहीं है कि शेष कार्य तीन माह में पूरा हो जाएगा। बता दें कि जीटी रोड देश की महत्वपूर्ण लाइफलाइन है जो नई दिल्ली को सीधे कोलकाता से जोड़ती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में इसे फोरलेन किया गया था। इसके साथ ही जीटी रोड पर बारुण से औरंगाबाद, शिवगंज तक सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। जहां भी फ्लाईओवर और ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है वहां पर सोलर आधारित स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही है। वहीं शिवगंज के आगे भी लाइट लगाने का कार्य जारी है जिससे आने वाले दिनों में जीटी रोड का पूरा मार्ग रात्रि में रोशनी से जगमग हो जाएगा।

## सघन जांच क्रम में जहानाबाद मे 711 लीटर शराब तथा बीयर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के संयुक्त निर्देशानुसार जिले में जगह जगह निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान जिला प्रशासन के मद्य निषेध कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय एवं खनन कार्यालय तथा पुलिस बल द्वारा चलाया जा रहा है। गुरुवार को निरीक्षण/छापेमारी अभियान के क्रम मे मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, जहानाबाद की टीम को बडी मात्रा मे शराब जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक, जहानाबाद द्वारा बताया गया कि निरीक्षण/छापेमारी अभियान के क्रम मे काली नगर नगर थाना जहानाबाद अंतर्गत रंजीत चौधरी के घर में छापामारी की गई जिसमें 711 लीटर विदेशी शराब एवं 91 लीटर बियर जप्त किया गया, गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। साथ ही सभी टीम द्वारा पूरे मुस्तैदी के साथ निरीक्षण/छापेमारी अभियान के जिले के सभी चौक चौराहो पर चलाया जा रहा है।

## पिता की पुण्य स्मृति में शिक्षाविद् एस.के. सुनील ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया नववर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके, चर्चित शिक्षाविद एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एस.के. सुनील ने नव वर्ष के अवसर पर एक भावुक और प्रेरणादायी पहल की। अपने पूज्य पिताजी के हाल ही में हुए स्वर्गवास की स्मृति में उन्होंने जहानाबाद स्थित वृद्धश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के बीच कंबल और मिठाइयों का वितरण किया तथा उनके साथ नव वर्ष मनाया। इस अवसर पर डॉ एस.के. सुनील ने कहा कि कुछ दिन पहले ही उनके पिताजी का देहांत हुआ है। ऐसे में उन्होंने अपने पिता की आत्मा की शांति और स्मृति को नमन करने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, "यहां मौजूद हर बुजुर्ग में मुझे अपने पिताजी का चेहरा नजर आता है। कोई किसी का पिता है, तो कोई किसी की मां। इनकी सेवा कर मुझे ऐसा लगता है मानो मैं अपने पिताजी की ही सेवा कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि बुजुर्गों का सान्निध्य जीवन का अमूल्य अनुभव देता है और घर एवं समाज में उनका सम्मान व सेवा अत्यंत आवश्यक है। अपने पिताजी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके न रहने की कमी आज भी खलती है, लेकिन उनकी सीख यही थी कि जरूरतमंदों और बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। एस.के. सुनील ने यह भी संकल्प लिया कि आने वाले समय में हर पर्व, जन्मदिन या खुशी के अवसर पर वे वृद्धश्रम आकर बुजुर्गों के साथ समय बिताने और अपनी खुशियां बांटने का प्रयास करेंगे, ताकि उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे। वहीं वृद्धश्रम के संचालक एवं कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मानवीय कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि वे अपने जीवन के किसी खास अवसर को सार्थक बनाना चाहते हैं, तो वृद्धश्रम आकर बुजुर्गों के साथ अपनी खुशियां साझा करें। नव वर्ष के दिन बुजुर्गों के बीच कंबल और मिठाइयों का वितरण कर एस.के. सुनील ने न केवल अपने पिता की पुण्य स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि दी, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि बुजुर्गों की सेवा ही सच्चा सम्मान और मानवता की पहचान है।

## नववर्ष के स्वागत में पचार पहाड़ पर पिकनिक की रही धूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नववर्ष 2026 के आगमन पर रफीगंज शहर और ग्रामीण अंचल में उत्साह, आस्था और उल्लास की साझा धड़कन सुनाई दी। क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र पचार पहाड़ नववर्ष के स्वागत का प्रमुख मंच बना, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पिकनिक मनाकर नए साल की शुरुआत की। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद लोगों का जोश कम नहीं हुआ। दोपहर बाद निकली सुनहरी धूप ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। गुरुवार को सुबह 10 बजे के बाद सूर्य नारायण के दर्शन होने से लोगों को विशेष राहत मिली। नववर्ष की सुबह आस्थावान श्रद्धालु बड़ी देवी दुर्गा मंदिर, डीहवार स्थान, सूर्य मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में पूजा-अर्चना करते नजर आए। सर्वधर्म समागम स्थली पचार पहाड़ पर स्थित हनुमान मंदिर और लहंगावीर मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत लोग पूरे दिन पिकनिक की तैयारियों में जुटे रहे। शहरवासी टोलियों में यहां पहुंचते दिखे, जिससे स्थल पर उत्सव सा माहौल रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पचार पहाड़ सहित



शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की व्यापक तैनाती की गई। चौक-चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार स्वयं क्षेत्र का जायजा लेते दिखे। पिकनिक मनाने पहुंचे मंटू बाबा, सतीश सिंह, दारा सिंह, सुमन कुमार, छोटू मियां, रंजीत कुमार, कुंदन कुमार, पिंटू कुमार, धीरज कुमार और कृष्ण कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि पचार पहाड़ इस क्षेत्र की पहचान और सौंदर्य का प्रतीक है। उन्होंने इसे सरकारी स्तर पर पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग दोहराई। लोगों का मानना है कि ऐसा होने से क्षेत्रीय विकास को नई रफ्तार मिलेगी—और रफीगंज का नाम दूर तक गूंजेगा।

## नववर्ष पर केक नहीं, गौ सेवा से मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** नववर्ष को आमतौर पर लोग मिठाइयां बांटकर, एक-दूसरे को गले लगाकर, उपहार देकर या परिवार के साथ पिकनिक व घूमने-फिरने निकलकर मनाते हैं, लेकिन जहानाबाद के गोरक्षणी स्थित गौशाला में नव वर्ष का उत्सव एक अलग और प्रेरणादायी रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जहानाबाद के चर्चित व्यवसायी एवं गौसेवा से जुड़े मिंटू कुमार, जिनका आज जन्मदिन भी था, अपने पूरे परिवार के साथ गौशाला पहुंचे। नव वर्ष और जन्मदिन के मौके पर उन्होंने गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरे हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उन्होंने अपनी पत्नी, बच्चों और परिवारजनों के साथ मिलकर गौ माता की सेवा की तथा गुड़, चना और चोकर खिलाकर गौ माता को प्रसन्न किया। मिंटू कुमार ने बताया कि वे नियमित रूप से गौशाला के लिए सेवा कार्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा, "आज नव वर्ष के साथ मेरा जन्मदिन भी है। हमने यह निर्णय लिया है कि हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का जन्मदिन हो, सबसे पहले सुबह गौशाला पहुंचकर गौ माता की सेवा करेंगे। इसके बाद ही घर पर अपनी इच्छा अनुसार कार्यक्रम आयोजित करेंगे।" इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौसेवक एवं समाजसेवी भी शामिल हुए। सभी ने गौशाला में मौजूद गौ माता को गुड़, चना और चोकर खिलाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।वहीं गौसेवक चंदन कुमार ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि उनके परिवार में कोई भी शुभ अवसर चाहे जन्मदिन हो, शादी-ब्याह हो या कोई अन्य खुशी का पल उस अवसर पर वे सबसे पहले गौशाला जाकर गौ माता की सेवा करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गौशाला के अध्यक्ष प्रकाश कुमार एवं अन्य सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि अधिक से अधिक लोग इस तरह गौशाला से जुड़ेंगे, तो गौ माता की सेवा और भी बेहतर ढंग से हो सकेगी। इससे गौशाला पर पड़ने वाला दायित्व कम होगा और गौमाता के लिए आहार की उपलब्धता भी सहज हो पाएगी। जहानाबाद स्थित गौशाला में नव वर्ष और जन्मदिन को गौ सेवा के साथ मनाकर लोगों ने समाज को यह संदेश दिया कि सच्ची खुशी सेवा, श्रद्धा और संस्कारों से जुड़कर ही प्राप्त होती है।

## आपसी रंजिश में जला चार किसानों का हजारों बोझा धान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के चेईं में मठ के समीप धान के एक खलिहान में बुधवार की रात असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस आगलगी में चार किसानों के हजारों धान के बोझे और पुआल जल कर खाक हो गए। किसानों को लाखों रूपये का नुक़सान हुआ है। इसमें चेईं गांव निवासी किसान सुरेश चौधरी का करीब पांच 500 बोझा और 35 बोरा धान तथा पुआल, सुरेन्द्र ठाकुर का 75 बोझा, सतन चौधरी का 1 हजार बोझा, ललन कुमार



सिंह का 50 बोझा एवं रंजय चौधरी का 100 बोझा पुआल जल कर राख हो गए। इस दौरान धान काटने वाला मशीन भी आग के संपर्क में आ गया था लेकिन ग्रामीणों ने उपयुक्त संसाधनों से किसी तरह बचा लिया। सूचना पर अग्निशन विभाग की टीम और थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस घटना में किसानों को लाखों का नुकसान हो चुका है। घटना को लेकर सुरेश चौधरी ने थाना में आवेदन समर्पित कर चेईं निवासी भूषण सिंह पर कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि भूषण सिंह से उसका विवाद चल रहा है। बदले की भावना से आरोपी ने यह कृत्य किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## सुही ग्रामीण पथ जर्जर होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अंबा-नबीनगर पथ के सूही मोड़ से सूही गांव जाने वाली पक्की सड़क इन दिनों काफी परेशानी हो गई है। इस पथ पर पैदल आवागमन करने में सड़क पर बिछाई गई गिटियां उखड़ बिखर कर किनारे खेत में चली गई है। सड़क के बीच खतरनाक गड्ढें भी हैं। यहां तक कि हर मोड़ जानलेवा साबित हो रही है। आए दिन साइकिल व बाइक चालक टूटी-फूटी सड़क फिसल कर गिरते पड़ते और दुर्घटनाग्रस्त होते नजर आते है। विकास के इस दौर में जर्जर सड़क को देखकर यात्री मार्ग के अस्तित्व पर उंगलिया उठा रहें हैं। स्थानीय ग्रामीण ब्रजमोहन यादव, सुखदेव यादव, रमेश मेहता और विनोद पाठक कहते हैं कि सड़क निर्माण के बाद मरम्मति के नाम पर यदा-कदा सिर्फ खानापूर्ति हुई है। इधर मेंटेनेंस कार्य एजेंसी कहां चला गया उसका पत्ता नहीं है बावजूद भी अधिकारी व जनप्रतिनिधी सड़क की दीन दशा देखकर भी चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि सड़क मरम्मत कराने के लिए ग्रामीणो ने कई बार विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है, फिर भी पहल नहीं की गई। लंबे अर्से से ग्रामीण जर्जर सड़क के मरम्मत का बाट जोह रहे हैं। सड़क के वजूद समाप्त होने से ग्रामीणों को चिता सता रही है। सूही गांव की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल औरंगाबाद के देखरेख में वर्ष 2020 में एसआर योजना के तहत बनाई गई थी। इस क्रम में सड़क के किनारे एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिस पर डिफ़ेक्टिव लेबिल्टी पीरियड पांच वर्ष तक निर्धारित किया गया है। साथ ही वर्ष में एक बार घांस और झाड़ियो की छटाई, नालियों का पुनर्स्थापना, सोल्डर का अनुरक्षण, पॉट हॉल की मरम्मती और क्रैक का सिलिंग कार्य करने का प्रावधान तय किया गया था। साथ ही वर्ष में दो बार क्रॉस ड्रेनेज व नाली का अनुरक्षण किया जाना है। आवश्यकतानुसार सीडी कार्य के पारापेट की रंगाई व पुताई किया जाना था। कार्य एजेंसी द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर अनदेखी की जा रही है। मरम्मत के वक्त यह भी ख्याल नहीं रखा गया है कि पानी में डाला जाने वाला तारकोल एक पल भी सड़क को सुरक्षित नहीं कर सकेगा। स्थानीय लोगों ने सड़क मरम्मति की मांग अधिकारियों से की है।

# नव वर्ष पर मां काली बखोरापुरवाली का दरबार भक्तों से रहा गुलजार

## करीब डेढ़ लाख लोगों ने की माता के किए दर्शन, पुलिस बलों की थी तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर का गौरव जय मां काली बखोरापुर वाली का दरबार भक्तों से गुलजार रहा। 1 जनवरी 2025 के अहले सुबह से दूर दूर से श्रद्धालु बड़हरा प्रखंड के मां काली मंदिर पहुचने लगे। माता रानी का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के आगमन से केशोपुर से बखोरापुर व लौहर से बखोरापुर तक रोड जाम रहा। अनुमान है कि करीब एक से डेढ लाख लोग नव वर्ष पर माता रानी का दर्शन व पूजा अर्चना किए। भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट के वोलेंटियर, स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद था। किसी श्रद्धालुओं को परेशानी न हो वोलेंटियर मंदिर में प्रवेश करने के लिए कतार में लगा रहे थे। यह सिलसिला सुबह से लेकर शाम तक रहा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह मोर्या होटल के डायरेक्टर बीडी सिंह, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि काफी



दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोगों ने आकर माता रानी का दर्शन किया। इस नए साल के शुभ अवसर पर बखोरापुर मंदिर प्रांगण में मेमोरियल हॉल को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया। इस मौके पर आने वाले गणमान्य लोगो को मंदिर ट्रस्ट माता रानी के चुनरी, प्रसाद व अन्य से सम्मानित किया।

## श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नववर्ष को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया ।युवाओं ने पिकनिक मनाया और नववर्ष का लुत्फ उठाया। पिकनिक के लिए जयमंगला गढ़ तथा बूढ़ी गंडक किनारे के स्थानों का चयन किया। पिकनिक स्पाट को सजा कर तैयार किया गया था। नावकोठी के बूढ़ी गंडक नदी तट पर प्रसिद्ध मां काली मंदिर में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ नव वर्ष की मंगल कामना की। सुबह से शाम तक लोगों का आवाजाही होता रहा। बहुत से बच्चे खेलकूद के सामग्रियों पर खेलकूद का मजा ले रहे थे। बहुत सी महिलाएं बट वृक्ष के नजदीक रमणीक हवा में उत्साह भरे नजरों में सेल्फी ले रहे थे। नदी के तट पर अवस्थित यह काली मंदिर की रमणीक छटा देखते ही बनती है। यहां पर आज दिन भर समीप के 10 गांवों के लोगों का पूजा अर्चना करने हेतु आना-जाना लगा रहा। युवाओं ने गढ़पुरा स्थित हरि गिरी धाम में भी भगवान शंकर को जल अर्पित कर वर्ष 2026 के अच्छे बीतने की कामना की। नावकोठी के पुरानी दुर्गा स्थान में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अवध किशोर सिंह के सौजन्य से तथा रजाकपुर के ब्रह्म स्थान तथा हसनपुर बागर के मिडिल स्कूल चौक पर 24 घंटे का सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्ष के अंत की समाप्ति एवं नव वर्ष में राष्ट्र कल्याण समस्त प्राणी जगत की मंगल कामना को लेकर किया गया। इस सीता राम नाम संकीर्तन में गांव के ग्रामीण कलाकारों के साथ साथ आसपास के गांवों के कीर्तन मंडलियों ने आकर भाग लिया।

## नववर्ष पर प्रबुद्धजनों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

### नववर्ष पर कला के प्रति दर्शकों का रहा उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कंकौल स्थित सभागार में 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित समकालीन कला पर आधारित समूह कला प्रदर्शनी को दर्शकों के विशेष अनुरोध पर गुरुवार को भी जारी रखा गया। जहाँ बड़ी संख्या में कला प्रेमियों की उपस्थिति रही।नववर्ष के अवसर पर साहित्य, रंगमंच एवं कला से जुड़े प्रबुद्धजनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कलाकारों की कृतियों की सराहना की। प्रसिद्ध साहित्यकार प्रदीप बिहारी ने साहित्य और चित्रकला के काव्यात्मक संबंधों को रेखांकित करते हुए प्रदर्शनी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। केंद्रीय विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिका अनुपमा कुमारी ने कहा कि विभिन्न माध्यमों में बनी कलातियों को एक साथ देखना एक अद्‌भुत और स्मरणीय अनुभव है। चार दिनों तक चली इस कला प्रदर्शनी ने बेगूसराय के कला जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। न केवल बेगूसराय, बल्कि बिहार के कला परिदृश्य पर भी इस आयोजन ने अपनी अमिट छाप छोड़ी। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से जीवन के विविध आयामों को कैनवास पर जीवंत किया। शहर के गणमान्य व्यक्तियों और कला प्रेमियों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर कलाकारों की रचनात्मक सोच और बारीकियों की सराहना की। दर्शकों का मानना था कि इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ स्थानीय कला को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को नई दृष्टि प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी की सफलता के पीछे एक सशक्त सामूहिक प्रयास रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी का मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। जिला प्रशासन और बिहार कला मंच, पटना के आपसी समन्वय ने आयोजन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इसके अतिरिक्त कला जगत के समर्पित साथियों इंद्रमोहन प्रसाद, मनीष कौशिक, प्रवीण कुमार, राजीव कुमार शर्मा, बीरेंद्र नागर एवं मनोज साह की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का सांगठनिक चुनाव सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के विष्णुपुर स्थित एमआर जेडी कॉलेज बिष्णुपुर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का सांगठनिक चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। शहर के बिष्णुपुर में स्थित एमआरजेडी कॉलेज में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का चुनाव मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक ड सुरेश प्रसाद राय, राजकिशोर सिंह, दिनेश राय, जयप्रकाश सिंह तथा बृजनंदन प्रसाद सिंह के निगरानी में संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व विभिन्न विद्यालयों के सदस्यों के साथ आम सभा का आयोजन किया गया तथा पुरानी कमिटि को भंग कर नई कमिटि की गठन हेतु मतदान कराया गया। आमसभा तथा अधिवेशन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। ।मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक डा. सुरेश प्रसाद राय ने बताया कि चुनाव हेतु अध्यक्ष, 1 पद पर 2 उपाध्यक्ष 3 पद पर, 5 महासचिव 1 पद पर 2 एवं संयुक्त सचिव के 9 पद पर 12 प्रत्याशी हेतु गुप्त मतदान कराया गया। वहीं कोषाध्यक्ष का चयन निर्विरोध किया गया। चुनाव उपरांत मतगणना जारी था। डा. राय ने कहा कि संगठन में चुनावी प्रक्रिया लोकतंत्र की आवाज है इससे संगठन मजबूत होता है। वहीं राजकिशोर सिंह ने सभी विद्यालयों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यवेक्षक के रूप में हम आप सबों को आश्वासन दिलाते हैं कि यह चुनाव पूरी निष्पक्षता के साथ संपन्न होगी। एसोसिएशन का मूल उद्देश्य प्राइवेट विद्यालय संचालकों के मान-सम्मान की रक्षा तथा उनके हर सुख-दुख में एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल होकर बल देने का काम करेंगे। मौके पर बेगूसराय पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए विद्यालय संचालकों ने इस चुनाव में भागीदारी दी।

# वर्ष 1999 से सक्रिय था 50 हजार का इनामी नक्सली दयानंद मालाकार

## पुलिस ने बुधवार को इन्काउंटर में किया ढेर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तेघड़ा। थाना क्षेत्र के नोनपुर में गुरुवार को नक्सल गतिविधियो में सक्रिय एवम इनामी नक्सली दयानन्द मालाकार पुलिस इनकाउंटर के बाद पंचतत्व में बिलिन हुए। ज्ञात हो कि बुधवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ एवम जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर दयानन्द मालाकार को इनकाउंटर में मार गिराया था। बिहार एसटीएफ और बेगूसराय जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उत्तर बिहार मध्य



जोनल कमिटी का सचिव एवं 50 हजार रुपये का इनामी कुख्यात नक्सली दयानंद मालाकार उर्फ छोटू उर्फ कुलबीर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहा नक्सली दयानंद मालाकार अपने सहयोगियों के साथ इलाके में मौजूद है। किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम देने, लेवी वसूली करने तथा अन्य जघन्य आपराधिक वारदातों की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च अपरेशन शुरू किया। घेराबंदी के दौरान पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान दयानंद मालाकार गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस टीम ने घायल नक्सली को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दो अन्य नक्सली सहयोगियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जिससे नक्सल संगठन के नेटवर्क, हथियारों की आपूर्ति और आगामी योजनाओं से जुड़े कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस ने घटनास्थल से एक 5.56 इंसास राइफल, एक देसी कार्बाइन, एक देसी पिस्टल, विभिन्न बोर के 25 जिंदा कारतूस, कार्बाइन का अतिरिक्त मैगजीन तथा 15 खोखा बरामद किया है। बरामद हथियारों से यह स्पष्ट होता है कि नक्सली किसी बड़ी हिंसक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस रिकर्ड के अनुसार, मारा गया नक्सली दयानंद मालाकार वर्ष 1999 से लगातार नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था। उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, लेवी वसूली, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित 20 से अधिक गंभीर नक्सली और आपराधिक मामले दर्ज थे। वह बेगूसराय, खगड़िया सहित उत्तर बिहार के कई जिलों में वांछित था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मुठभेड़ से उत्तर बिहार में नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। सुरक्षा एजेंसियां अब गिरफ्तार नक्सली सहयोगियों से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं। इलाके में फिलहाल अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सर्च अपरेशन जारी रखा गया है।

# जिला नियोजनालय में शनिवार को बंटेगा स्टडी किट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय द्वारा जिले के युवाओं के हित में आगामी शनिवार को टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नियोजन सेवा का विस्तार तथा नियोजन सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम योजनाओं के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि उक्त कार्यक्रम के तहत नियोजन सेवा का विस्तार योजना के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों से संबंधित कुल 18 लाभुकों को स्वरोजगार हेतु आवश्यक टूल किट प्रदान की जाएगी। वहीं नियोजन सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कुल 20 लाभुकों को महत्वपूर्ण पुस्तकों एवं पत्रिकाओं से युक्त स्टडी किट उपलब्ध कराई जाएगी।यह वितरण कार्यक्रम 03 जनवरी को जिला नियोजनालय कार्यालय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है।

# अशोक पेपर मिल की 400 एकड़ जमीन पर जल्द मिलेगी मुख्यमंत्री की तरफ से बड़ी सौगात : प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा के लालबाग स्थित लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी में नॉर्थ बिहार हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा 33वीं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से सजी इस प्रदर्शनी में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने हिस्सा लिया।

फूलों के बीच प्रकृति का आनंद लेते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रदर्शनी नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश है। उन्होंने इशारों-इशारों में बताया कि दरभंगा के बंद पड़े हायाघाट प्रखंड के अशोक पेपर मिल की करीब 400 एकड़ जमीन पर सरकार बड़ा उद्योग स्थापित करने जा रही है, जिसकी घोषणा जल्द ही मुख्यमंत्री करेंगे। उन्होंने किसानों के लिए फूलों की खेती को लाभदायक बताते हुए नए वर्ष पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं दी।

## शीत लहर को लेकर पांच हजार से अधिक लोगों के बीच बांटे गए कंबल

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार में भीषण शीत लहर का प्रकोप जारी है। जिले में भीषण शीत लहर को देखते हुए जिले के सभी प्रखंडों में करीब पांच हजार से अधिक जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया जाना है। आज इसी क्रम में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी देर रात स्टेशन और मंदिरों के आसपास खुले आसमान के नीचे रात्रि बिताने वाले जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल स्थित आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जिले में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। इसको देखते हुए कई अस्थाई आश्रय गृह भी जिले में बनाए गए हैं जहां जरूरतमंद इस ठिठुरती ठंड में रात बीता रहें हैं। उन्होंने बताया कि आश्रयगृह में सभी तरह के उपाय किये गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर भीषण ठंड को देखते हुए कक्षा 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है साथ ही सड़क पर रात व्यतीत करने वाले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया जा रहा है।

# कन्या मध्य विद्यालय सहार के एचएम हुए सेवानिवृत, प्रभारी एचएम बनीं मधु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** कन्या मध्य विद्यालय सहार में वर्ष के अंतिम दिन बुधवार को एचएम अनवर हसन जमाली सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण प्रभार वरीय शिक्षिका मधु कुमारी को एचएम अनवर हसन जमाली द्वारा दिया गया। वही प्रभारी एचएम मधु कुमारी के नेतृत्व में एक सादे समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अनवर हसन जमाली ने कहा कि मैं आज सेवानिवृत जरूर हो रहा हूँ, पर किसी भी विभाग में बिताए पूरे सेवाकाल का खास तब होता है जब आप अपनी अंतिम सेवा स्थान से सेवानिवृत हो रहे हो, और मैं इस विद्यालय से अवकाश प्राप्त कर रहा हूँ तो इस विद्यालय से मेरे कार्यकाल की यादें जीवन पर्यंत जुड़ी रहेंगी। इस अवसर पर प्रभारी एचएम मधु कुमारी ने बताया कि एक शिक्षक के रूप में पूरे जीवन हमारे एचएम ने अपनी सेवा दी। आज में इनका अंतिम दिवस है। ये एक अच्छे प्रशासक ही नहीं, बल्कि हम शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि आज एचएम सेवानिवृत हुए है साथ ही उनका जन्मदिवस भी है, जिसे विद्यालय परिवार के सदस्यों को बीच में मनाई गई है। आज का दिन कृतज्ञता, सम्मान और विदाई के मिश्रित भावों से भरा था।

# संदिग्ध स्थिति में किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** विष्णुपुर पंचायत के मनेरपुर के वार्ड 10 में एक किशोर की कथित हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना बुधवार की देर शाम की है। मृतक अवधेश पासवान का 13 वर्षीय पुत्र सौरव कुमार है। मृतक के दादा तुरंतु पासवान ने बताया कि बुधवार के संध्या 4 बजे वह घर से लापता था। हम लोग ढूंढ कर थक चुके थे। इसी बीच पता चला कि एक अर्द्धनिर्मित मकान में मेरा पोता सौरव कुमार का शव है। इसकी सूचना नावकोठी थाना के पुलिस को दी गई। मौके पर प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थाना अध्यक्ष अमरजीत तिवारी, सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार ओझा, विश्वजीत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर आये। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया गया। घटना के संबंध में मृतक के पिता अवधेश पासवान ने हत्या की आशंका जताई है। उसने बताया कुछ एक सप्ताह पूर्व मामूली विवाद में उन्हें धमकी दी गई थी कि तुम्हारे बेटा को दुनिया से उठा लेंगे। घटनास्थल पर अर्द्धनिर्मित मकान के पास से सफेद रंग के गमछा में उसका शव झूलता हुआ मिला। लोगों का कहना था की शव जमीन के सहारे पड़ा हुआ था। बांस के बल्ले में लटका कर आत्महत्या का रूप देने के लिए गले में गमछा का फंदा दिया गया। परिजन ने बताया कि इसकी अन्यत्र हत्या करके उसे सुनसान घर में रख दिया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की माता लक्ष्मी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाई बहन थे। मृतक बड़ा लड़का था। दूसरा लड़का सूरज कुमार और पुत्री चंदा कुमारी हैं। पिता गांव में रहकर मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवपुरा में वर्ग छह में पढता था। एसडीपीओ श्री तिवारी ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। घटना की सूचना पर पंचायत के जनप्रतिनिधि पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना दिया।

# नव वर्ष पर डीएम व एसपी ने विधि व्यवस्था का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** नव वर्ष 2026 के अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने संयुक्त रूप से भागलपुर शहर के सैंडिश मैदान एवं विभिन्न इलाकों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वही नए वर्ष 2026 के स्वागत में बीते देर रात से विभिन्न रेस्टोरेंटों, मैरिज हाल में गीत संगीत का दौर चलता रहा। रात 12 बजते ही लोगो ने पटाखे फोड़े और लोगो को बधाईयां दी।

## दुर्घटना में भतीजा की मौत, चाचा घायल

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बांका थाना क्षेत्र के खावा गांव के पास बोलेरो और बाइक की टक्कर में भतीजा की मौत हो गयी जबकि चाचा जख्मी हो गए। जख्मी का इलाज सदर अस्पताल बांका में किया जा रहा है। दोनों चाचा भतीजा कटोरिया थाना क्षेत्र के लीलावरण स्थित अपने घर से नए साल का जश्न मनाने ओढ़नी डैम गए थे, जहां से लौटने के क्रम में संध्या समय यह दुर्घटना घटी। घटना की जानकारी मिलते ही बांका थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एम्बुलेस से दोनों चाचा भतीजा को सदर अस्पताल बांका लाया गया। सदर अस्पताल में डा. धर्मवीर भारती ने भतीजा विशाल कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं चाचा जितेंद्र कुमार सदर अस्पताल बांका में इलाजरत है। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो चालक जहां वाहन लेकर फरार हो गए, वहीं पुलिस ने घटनास्थल से बाइक को जब्त कर लिया है।

# प्राथमिक विद्यालय सिन्हा-2 में चोरी, अज्ञात पर एफआईआर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बड़हरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सिन्हा-2 में अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए की सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के एचएम रंजीत कुमार सैनी ने सिन्हा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। आवेदन में बताया है कि विद्यालय में शीतकालीन अवकाश 25 से 31 दिसंबर 2025 तक था। एक जनवरी 2026 को विद्यालय समयानुसार 9:20 बजे खुला। जहां कार्यालय का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा था। वही गोदरेज का ताला भी टूटा हुआ था। इस चोरी में दो टैब, आवश्यक कागजात, एक एक बाल्टी, डेकचा, डोंगा, पंजा व कलछुल, 30 थाली, 2 जग, 6 मरकरी, मेडिकल किट, टीएलएम और एफएलएन किट गायब था।

# 60 लीटर शराब के साथ पुलिस ने सप्लायर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नए साल के पूर्व संध्या से ही पुलिस घूम-घूम कर लोगों को सख्त चेतावनी देते नजर आ रही थी की न्यू ईयर सेलिब्रेशन में अगर शराब के साथ पार्टी करते दिखे तो उनकी खैर नहीं, ऐसे में नए साल के मौके पर पॉलिथीन में शराब भरकर जश्न मनाने की तैयारी को लेकर जा रहे एक युवक को 60 लीटर देसी शराब के साथ पुलिस ने धर दबोचा है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि पॉलीथीन में शराब भरकर अन्यत्र जगह पर ले जाया जा रहा है टीम गठित कर औचक छापेमारी करते हुए कई पॉलिथीन में भरा हुआ शराब जिसमें तकरीबन 60 लीटर देसी शराब को जप्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है आरोपी का नाम मुकेश कुमार है जो निशियावां बांध के पास से गिरफ्तारी की गई है थानाध्यक्ष ने बताया कि ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है विभिन्न मुसहरी में शराब की भठ्ठियां भी तोड़ी जा रही है।

# डीएम व एसपी ने बराबर पर्यटक क्षेत्र की सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा जहानाबाद जिलावासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी गई। जिला पदाधिकारी ने नववर्ष की शुभकामनायें देते हुए जिलावासियों से जहानाबाद जिले के समुचित विकास मे अपना सहयोग देने तथा जिले में आपसी भाईचारा को बनाए रखने का अपील किया। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिला एक सांस्कृतिक धरोहर है जहां बराबर जैसे पर्यटक के क्षेत्र में मौर्य काल की निशानी के साथ-साथ बाबा



सिद्धेश्वर नाथ का धार्मिक मंदिर भी है। इसके साथ ही काको में विश्व की पहली सूफी संत महिला बीवी हजरत कमल का दरगाह है, जो हमें अपने इतिहास से जुड़े रहने की कहानी करती है। इससे हमें प्रेरित होकर जिले में अमन-चैन व शांति बनाए रखने में अपना अमिट योगदान देना चाहिए। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी जिलावासियों से अपील कि नव वर्ष 2026 का स्वागत पूरे हर्षोल्लास, आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ करें और जिले की शांति व्यवस्था बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। नव वर्ष के पावन अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से बराबर पर्यटक के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा पर्यटक को बढ़ावा देने हेतु रोपवे निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण में संबंधित पदाधिकारी को सभी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि जिला वासियों को अविलम्ब इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बराबर पर्यटक के क्षेत्र में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बराबर पर्यटकीय क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

# नए साल के जश्न को लेकर पुनपुन लक्ष्मण झूला पर घूमने वालों की उमड़ी भीड



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** उत्तराखंड के ऋषिकेश के तर्ज पर बिहार का पहला सस्पेंशन ब्रिज पुनपुन में लक्ष्मण झूला के रूप में बनाया गया है। जो नए साल के सेलिब्रेशन के लिए लोगों को काफी आकर्षक बना रहा। सुबह में जैसे ही गुनगुना धूप खिल लोग अपने-अपने घरों से निकले और अपने पूरे परिवार के साथ दोपहर की पो फटते ही लक्ष्मण झूला पर कई घंटों तक घूम घूम कर सैर सपाटा कर नए साल का आनंद उठाया। लक्ष्मण झूला देखने आए पटना सिटी से गुड़िया कुमारी, रितेश कुमार, शिव शंकर कुमार, मछुआ टोली से रामानंद प्रसाद जहानाबाद से शिव शंकर शर्मा इसके अलावा मसौढ़ी से आनंद कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग लक्ष्मण झूला पर न्यू ईयर का सेलिब्रेशन किया। गौरतलब है कि बिते 5 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधवत तौर पर लक्ष्मण झूला का उद्घाटन किया था। तकरीबन 82.97 करोड रुपए की लागत से यह केबल सस्पेंशन ब्रिज को बनाया गया है। जो सैलानियों के लिए पर्यटन के लिए और पूरे जिले भर के तमाम लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। हालांकि यह उत्तराखंड के बाद यह देश का दूसरा लक्ष्मण झूला है जो बिहार वासियों को एक सौगात के रूप में बिहार सरकार ने दी है और खासकर नए साल के मौके पर काफी संख्या में लोग इस लक्ष्मण झूला पर घूम कर सैर सपाटा कर आनंद लेते नजर आ रहे हैं। दोपहर के बाद देर शाम तक लोग घूमते रहें। वहीं शाम के बाद लक्ष्मण झूलों पर रंगीन सजावट बेहद ही खूबसूरत दिखता हुआ नजर आया।

## नए साल के मौके पर पुलिस रही मुस्तैद, रेलवे स्टेशन पर पुलिस का पहरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नए साल के जश्न को लेकर पूरे देश भर में उत्साह का माहौल दिखा। लोग सुबह से लेकर देर शाम तक अपने-अपने तरीके से न्यू ईयर सेलिब्रेशन करते दिखे। वहीं विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा दिखा। मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 14 जगहों पर पुलिस का पहरा दिखा। हर चौक चौराहे पर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी सरपट दौडती रही। वही इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा सड़कों पर उतरकर वाहन चेकिंग करती हुई दिखी इसके अलावा पुनपुन में भी लक्ष्मण झूला पर पुलिस की कई टुकड़ियों रही। विधी व्यवस्था के संधारण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि नए साल के जश्न को लेकर पूरे अनुमंडल के तीनों प्रखंड में कुल 14 जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है हर चौक चौराहे पर पुलिस के तैनाती की गई है। इसके अलावा पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस की चौकसी देखी गई।





## स्लम बस्ती के बच्चों के बीच बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया पाठ्य पुस्तकों का वितरण



**नव वर्ष**

**मसौढ़ी।** नए साल के आगमन के मौके पर एक और जहां पूरी दुनिया में जश्न का माहौल है। हर कोई अपने-अपने तरीके से न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं मंदिरों में कई लोग अपने नए साल की शुरुआत मंदिरों में पूजा अर्चना कर कर रहे हैं। तो कई लोग अपने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट पर मना रहे हैं। ऐसे में मसौढ़ी के बीजेपी के नगर मंडल अध्यक्ष एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशीष देव ने नए साल की पहली सुबह पर मसौढ़ी के स्लम बस्ती तारेगना मुसहरी में जाकर मुसहरी समाज के बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। उन्होंने कहा की शिक्षा से ही समाज की तकदीर और तस्वीर को बदल सकते हैं। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह हथियार है जिससे हर इंसान समाज में अपने बलबूते पर खड़ा हो सकता है और समाज की कुरीतियों को बदल सकता है। ऐसे में हमारी सोच थी कि नये साल में कुछ नई शुरुआत से पहले शिक्षा पर ही जोर दिया जाए। जिसको लेकर तारेगना मुशहरी के बच्चों के बीच न केवल पाठ्य पुस्तक का वितरण किया बल्कि उन सभी बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजना और पढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक रोटी कम खाइए लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाइए ताकि आने वाले दिनों में यही बच्चा शिक्षित बनकर समाज में कुछ अलग पहचान बना सकें। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मुसहर समाज की तकदीर शिक्षा से बदली जा सकती है मौके पर विकास मित्र बबलू कुमार एवं अन्य शामिल रहे।

# नव वर्ष पर खेलो खाओ और उत्सव मनाओ कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बिक्रम।** पार्वती उच्च विद्यालय बिक्रम के क्रीड़ा मैदान में नव वर्ष के स्वागत पर एम्बिशस संस्थान के क्रीड़ा मैदान में युवा छात्र छात्राओं के लिए खेलो खाओ और उत्सव मनाओ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर 200 मीटर रिले दौड़, बाधा दौड़, तीन पैर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद के साथ लड़कियों के लिए चम्मच गोली, सुई धागा,रुमाल रेस के साथ म्यूजिकल चेयर जेम को शामिल किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो जनेश्वर सिंह, नन्हे मिश्रा, सुनीता मिश्रा, वीणा देवी, शशांक शेखर एवं खेल के प्रशिक्षक सुधीर कुमार एवं बिट्टू कुमार ने संयुक्त रूप से गुब्बारा उड़ाकर किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर उमेश सिंह, गणेश कुमार, आदित्य चौरसिया, प्रमेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# तारेगना, नदवां सहित पोठही रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर शॉर्ट सर्किट

### कई सिस्टम हुए खराब, तीन घंटों तक टिकट काउंटर रहे बाधित, अफरा-तफरी का माहौल

**कई उपकरण जले**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** नए साल के पहले ही दिन ट्रेन यात्रियों को टिकट को लेकर भारी फजीहत झेलना पड़ी। दरअसल पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन समेत तीन रेलवे स्टेशन पर अचानक टिकट बुकिंग काउंटर पर शॉर्ट सर्किट हुई, जहां टिकट काउंटर में अचानक धुआं उठने लगा ऐसे में टिकट काटने वाले कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया, थोड़ी देर के बाद सभी लोग अपने ऑफिस छोड़कर भाग निकले उसके बाद फिर धीरे-धीरे लोग टिकट काउंटर में पहुंचे जहां पता चला कि शॉर्ट सर्किट से टिकट काटने की मशीन, चार सिस्टम, चार प्रिंटर मॉडेम, चार थिंक बोट सभी जल गए हैं। जिसके कारण तीन घंटे तक टिकट काउंटर बंद रहा। जिसके कारण पटना और गया जाने वाले ट्रेन यात्रियों के बीच काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तारेगना रेलवे स्टेशन के अलावा नदवां एवं पोठही में भी अचानक शॉर्ट सर्किट से सिस्टम बंद रहा। तारेगना रेलवे स्टेशन के बुकिंग सुपरवाइजर रविंद्र पासवान ने बताया कि 12:35 में अचानक टिकट काटने के दौरान मशीनों में धुआं निकलने लगा, जिससे लोग हड़बड़ा कर बाहर निकले और उसके बाद फिर जब देखे तो कर प्रिंटर मशीन मॉडम थिंक बोर्ड आदि सभी खराब हो चुके थे जिसके कारण टिकट नहीं कट रही थी। सभी वरीय पदाधिकारी की सूचना दी गई है टेक्निकल टीम पहुंचकर इसे सुधार करने में जुटे हुए हैं और तकरीबन 3:00 बजे कई सिस्टम को ठीक-ठाक कर लिया गया। बहरहाल बुकिंग काउंटर के सिस्टम में आई तकनीकी खराबी से कई घंटे तक ट्रेन यात्रियों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा है कई लोगों को बिना टिकट के ही यात्रा करनी पड़ी,टेक्निकल टीम ने बताया कि बुकिंग कार्यालय में लगे हुए सिस्टम में 50 ओम की विद्युत धारा आती है लेकिन अचानक 80 ओम की धारा आ जाने की वजह से इस तरह के हालात बने हैं

# नववर्ष पर धार्मिक आस्था चरम पर, हर्षोउल्लास पूर्वक मना नववर्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार नववर्ष -2026 को काफी हर्षोल्लास का वातावरण रहा। जैसे ही रात 12 बजे के बाद साल बदला युवाओं ने पटाखे फोड़ कर नववर्ष का स्वागत किया। दनियावां से गुजरने वाली एन एच 30 ए चालकों ने हॉर्न बजाकर नए साल का स्वागत किया। दनियावां बाजार सूर्य मंदिर, दुर्गा मंदिर चौराहा, दनियावां थाना स्थित शिवालय, सिंगरियावां बाजार, शिवपुरी मंदिर सरथुआ, राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी, शाहजहांपुर और अन्य जगह भी श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य देव के दर्शन कर खुशहाली, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। युवाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने शुभचिंतकों और परिचितों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और मंगलकामना की। महतमाईंन नदी के किनारे भी धूप खिलने पर कई लोगों ने पिकनिक स्पॉट का चयन किया और वहां वनभोज का आयोजन किया। गुरुवार से नववर्ष का आगाज होने के कारण मीट, मछली के दूकानों पर इसके खरीदारों की अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के पटना जिलाध्यक्ष पंडित रामाकांत शास्त्री ने अपने एक संदेश में लोगों से नये साल में उत्तम विचारों, नए संकल्प,स्वच्छता और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की।

# नव वर्ष पर छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**छात्राओं ने मारी बाजी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** नव वर्ष के मौके पर हांसाडीह स्थित विद्या एजुकेशन ग्रुप के तत्वाधान में सर्वधर्म समभाव समिति के सहयोग से विद्या छात्रावास में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पटना ग्रामीण जदयू के शाहिद आलम ने किया। क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर परिषद मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने की। मौके पर राहुल चंद्रा, मंगल, पलटन सिंह, मेराज अहमद, रंजन मुखिया, मिथलेश मुखिया, अरुण कुमार सहित अन्य लोग दीप प्रज्वलित करके किया। क्विज कराने की जिम्मेदारी पंकज कुमार को दी गई। क्विज 14 टीमों के बीच पांच राउंड में संपन्न कराई गई। सभी टीमों का नाम नदियों के ऊपर रखा गया था। प्रथम स्थान लड़कियों की गोदावरी टीम ने हासिल किया। दूसरा स्थान लड़कों का ब्रह्मपुत्र टीम ने हासिल किया। तीसरा स्थान लड़कों के कोसी, अलकनंदा, विष्णु गंगा, और महानदी ने संयुक्त रूप से हासिल किया। पहले राउंड में प्रश्न प्राचीन भारत दूसरे राउंड में आधुनिक भारत तीसरे राउंड में पालिटी चौथे राउंड में ज्योग्राफी और पांचवें राउंड में साइंस से पूछे गए थे। सभी प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में मसूद रजा, संजय केसरी, सुनील वर्मा, लालमोहन सिंह, रमाकांत रंजन खुशबू रानी आदी शामिल हुए।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए शराब सेवन से दूरी बनाए रखने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मध निषेध विभाग के द्वारा मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना क्षेत्र में कई जगहों पर नुक्कड़ नाटकों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से शराब सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाया गया।ये नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से शराबबंदी कानून के महत्व और शराब के सेवन से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य हानियों के बारे मे गीत संगीत खे जरिए बताया गया दरअसल नुक्कड़ नाटकों का उद्देश्य समुदाय को शिक्षित करना और उन्हें शराब से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि गुरुवार को मसूरी प्रखंड के नाडोल एवं धनरूआ प्रखंड के शानदार और पेड पंचायत में मध्य निषेध विभाग के द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके जरिए लोगों को शराब सेवन से होने वाली विभिन्न तरह की बीमारियों से जानकारी दी गई। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि मद्य निषेध पुलिस मसौढी के सौजन्य से संचालित जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को मसौढ़ी में नशा से दूर रहने की अपील की गई। पटना से आए कलाकारों ने नशामुक्त बिहार नाटक की उम्दा प्रस्तुति नदौल और सांडा गांव में गीत संगीत के माध्यम से दिया।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### बिहार में इस साल...

लाइब्रेरियन के पद पर भी नियुक्ति होगी। वहीं सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी पद पर परीक्षा भी जल्द ली जाएगी। वहीं दारोगा और सिपाही के हजारों पदों पर भी वैकेंसी निकालने की तैयारी में सरकार है। सूत्रों की मानें तो 25,847 पदों पर गृह विभाग में इस साल बहाली निकालने की तैयारी चल रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग में 26 हजार, पंचायती राज विभाग में करीब 8300, ग्रामीण विकास विभाग में 11784 समेत कई अन्य विभागों में भी बहाली निकालने की तैयारी चल रही है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की है कि टीआरइ-4 के तहत शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षक नियुक्ति को लेकर पूरी तरह गंभीर है और प्रक्रिया में किसी तरह की देरी नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति के लिए 31 जिलों से आरक्षण रोस्टर पंजी जिलों में समाशोधन होने के बाद प्राप्त हो चुके हैं। इनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह के 15 से 20 तारीख तक विज्ञापन प्रकाशन के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेज दी जाएगी। वहीं नवसृजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेजी गई है। जनवरी माह में इसकी परीक्षा भी ली जाएगी। वहीं विशेष विद्यालय अध्यापक के 7279 पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेज दी गई है।

### सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के...

परिकल्पना को साकार कर रही हैं। बिहार डायरी एवं कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव सह सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार उपस्थित थे।

### सोना लूटकांड में रेल...

है। वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़ित को टिकट जारी कर ट्रेन से भेज दिया और घटना की जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। राजेश कुमार सिंह की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। फरार पुलिसकर्मियों में करण कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, रंजनजय कुमार, आनंद मोहन, परवेज आलम और पूर्व रेल पुलिस चालक सीताराम शामिल हैं। सभी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने अपनी मां...

व्यवस्था की गई थी। वाटिका के पास बैरिकेडिंग की गई थी और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा गया था। मुख्यमंत्री के स्वागत में गांव और आसपास के इलाकों में होर्डिंग्स और बैनर लगाए गए थे। करीब 45 मिनट रुकने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, स्थानीय विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीया परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशनधारी जल्द कराएं आधार आधारित जीवन प्रमाणीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला में लगभग 140000 पेंशनधारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत प्रतिमाह 1100 रूपये का पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग, बिहार के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के तहत जारी निर्देश के आलोक में जिला के सभी पेंशनधारियों को अवगत कराया जा रहा है कि जल्द से जल्द नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर पहुंचकर आधार आधारित जीवन प्रमाणिकरण अवश्य करा ले, जिससे कि उनका पेंशन निरंतर जारी रखा जा सके। विदित हो कि सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशन की सुविधा उपलब्ध करा रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तजन पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं बिहार निशक्तता पेंशन योजना शामिल है। जीवन प्रमाणीकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जो पेंशनधारी मृत हो गए हैं उनका पेंशन बंद किया जा सके एवं अन्य पेंशनधारियों का पेंशन निर्बाधजारी रखा जा सके।

**आधार आधारित जीवन प्रमाणितकरण के लिए इन कागजातों का पड़ेगा जरूरत**

जिला प्रशासन ने बताया कि अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर अपने आधार कार्ड के साथ जाएं ,जहां बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर के माध्यम से आपका जीवन प्रमाणिकरण किया जाएगा एवं इसके लिए किसी भी तरह के शुल्क नहीं ली जाएगी। यदि किसी कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा जीवन प्रमाणीकरण हेतु पेंशनधारियों से शुल्क लिए जाने की सूचना प्राप्त होती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं फिंगर स्कैनिंग के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने की स्थिति में प्रखंड कार्यालय में पहुंचकर आइरिस स्कैनिंग के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण अवश्य कराए। अति वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशन धारी का फिंगर स्कैनिंग के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने की स्थिति में आयरिश से जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा यदि उक्त दोनों माध्यम से ऐसे पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण नहीं हो तो पेंशनधारी को आधार केंद्र में जाकर बायोमैट्रिक अपडेट कराना आवश्यक होगा। वैसे पेंशनधारी जिनके आधार कार्ड नहीं बना हो उन्हें आधार केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड शीघ्र बनवाना होगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी पेंशनधारियों से अनुरोध किया गया है कि जल्द से जल्द अपना जीवन प्रमाणीकरण कराए जिससे कि आपका पेंशन आगे भी जारी रखा जा सके।

## शिक्षक को दी गई विदाई

**मसौढ़ी।** उच्च माध्यमिक अकौना, पुनपुन में सहायक शिक्षक संजीव कुमार की सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।सेवानिवृत्त शिक्षक संजीव कुमार को पुष्पमाला पहनाकर व अंगवस्त्र, छाता, कलम, डायरी आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त जीवन का वह प्रपत्र है, जब शब्दों से अधिक भावनाएं मुखर होती हैं।

# उमगा धाम में प्रस्तावित विकास कार्यों से लोगों को मिलेंगे रोजगार : डीएम

## तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ बोटिंग की संभावनाओं पर किया विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नववर्ष के अवसर पर विधि एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के उमंगा धाम मंदिर परिसर एवं इसके समीप विकसित पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नववर्ष के अवसर पर उमंगा धाम में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा



उमंगा धाम मंदिर के समीप स्थित सरकारी तालाब का अवलोकन किया गया। इस क्रम में तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ वहां वोटिंग की सुविधा विकसित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मंदिर के आसपास उपलब्ध भूमि पर विकासात्मक संभावनाओं की समीक्षा हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उमंगा धाम में प्रस्तावित विकास कार्यों से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे बल्कि जिले में पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# धारदार हथियार से गला रेतकर किसान की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** धारदार हथियार से गला रेतकर एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। घटना बारून थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के उस गांव निवासी रमेश सिंह के 45 वर्षीय पुत्र दिलीप सिंह उर्फ मीरिंडा के रूप में की गई है। मृतक शव घर से महज 50 मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे-19 के किनारे एक टायर दुकान के बगल में गड्ढे से बरामद की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। दरअसल गुरुवार की सुबह ग्रामीण जब वहां पहुंचे तो टायर दुकान के पास स्थित गड्ढे को अरंडी के पौधे से ढका हुआ देखा। ग्रामीणों को कुछ गड़बड़ होने का संदेह हुआ। आसपास खून के धब्बे भी मिले। खून का धब्बा मिलने के बाद ग्रामीणों का संदेह शक में बदल गया और गड्ढे के ऊपर से अरंडी के पौधे को हटा कर देखा तो खून से लथपथ दिलीप का शव पड़ा हुआ था। ग्रामीणों द्वारा इसकी



सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। तत्पश्चात सूचना के आलोक में पुलिस बलों के साथ थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पहुंचे। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दिलीप अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। मृतक के पिता रमेश सिंह ने बताया कि बुधवार की रात खाना खाने के बाद मैं अपने पोता के साथ एक कमरे में सो रहा था जबकि दिलीप दूसरे कमरे में था। अचानक उसे किसी का कॉल आया और वह बाहर चला गया। कॉल किसका आया था, दोनों के बीच क्या बातचीत हुई, ये मुझे नहीं पता नहीं चला। ठंड बहुत थी, इसलिए मैं बाहर नहीं निकला। मैंने सोचा कि बातचीत के बाद बेटा अपने कमरे में चला जाएगा और मैं सो गया। हर दिन की तरह मैं सुबह उठा। टहलने के लिए बाहर चला गया। जब लौटा तो देखा कि मेरे घर के पास भीड़ जुटी है। पता चला कि मेरे बेटे दिलीप की हत्या हो गई है जिसे देख मैं बेसुध हो गया। दिलीप घर पर ही रहकर खेती किसानी करता था। रमेश सिंह ने बताया कि तीन बीघा जमीन को लेकर गोतिया से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। कोर्ट से जल्द ही फैसला होने वाला था। कल ही अगली तारीख थी। पिता ने जमीनी विवाद में ही उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। जब्त मोबाइल फोन का कॉल डिटेल्स खंगला जा रहा है। आखरी बार दिलीप को किससे बात हुई थी, उसे किसने फोन कर घर के बाहर बुलाया, पुलिस इन तमाम बिंदुओं पर गहनता पूर्वक छानबीन कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। गठित एसआईटी टीम को मामले का उदभेदन करते हुए अपराधियों के अविलंब गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया है।

# हत्या का प्रयास करने समेत अन्य मामलों में 18 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 113.58 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है तथा 2 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1091 वाहनों की जांच की गई जिसमें 98500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 1 बाइक बरामद किया गया तथा 5000 लीटर जावा महुआ विनिष्ट व 6 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# संवेदनशील स्थलों पर रही अतिरिक्त बलों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा शहर के दानी बिगहा स्थित सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पार्क परिसर, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल, आसपास के मार्गों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों का जायजा लिया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ता, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन व्यवस्थाओं एवं यातायात सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पार्क एवं पिकनिक स्पॉट पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च



प्राथमिकता रहे। भीड़ नियंत्रण, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पार्क परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने, नियमित गश्ती बढ़ाने तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नववर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक स्थलों पर आते हैं, ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखना एवं आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा जिले के अन्य प्रमुख पार्कों एवं पिकनिक स्पॉट स्थलों पर भी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किए जाने का निर्देश दिया गया है, ताकि नववर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, सहयोग बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना नजदीकी पुलिस पदाधिकारी अथवा प्रशासनिक अधिकारी को दें।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलन बिगहा मोड़ के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे दो मोटरसाइकिलों की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक की पहचान काजी बिगहा निवासी जितेंद्र यादव के पुत्र ऋतिक रौशन कुमार के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार ऋतिक अपने घर से अनाज लाने के लिए निकले थे। तिलन बिगहा मोड़ के पास पहुंचने पर उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। ऋतिक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में ऋतिक के गांव के दो अन्य युवक नागेंद्र यादव के पुत्र पीयूष कुमार और ललेंद्र यादव के पुत्र लवकुश कुमार भी घायल हुए हैं। दूसरी बाइक पर सवार गोह निवासी मुमताज को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है।

# एसएसबी-जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में हथियार व विस्फोटक बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव(औरंगाबाद)।** भलुआही कैंप की सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और औरंगाबाद जिला पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ को प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना के आलोक में वाहिनी के 'ए' समवाय भलुआही (औरंगाबाद) के निरीक्षक (सामान्य) अजय कुमार के नेतृत्व में ढिबरा थाना पुलिस के साथ संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम



झरना के घने जंगली इलाके में संचालित किया गया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने मौके से एक देसी कट्टा, जिसमें बट और बैरल दो हिस्सों में थे, चार जिंदा कारतूस, छह डेटोनेटर और लगभग 10 मीटर तार बरामद किया। बरामद विस्फोटक सामग्री में शामिल छह डेटोनेटर और तार को क्षेत्रक मुख्यालय के बम निरोधक दस्ते द्वारा जिला पुलिस के सहयोग से उसी स्थान पर सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया। संयुक्त कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सघन तलाशी को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शराब मामले में फरार अभियुक्त के घर पर मदनपुर पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई पीएसआई ऐश्वर्या प्रिया और एसआई सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में झारखंड के पलामू जिले के तरहसी थाना के खिचडिया



निवासी प्राथमिकी अभियुक्त प्रशांत सिंह के विरुद्ध की गई। अपर थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि शराब तस्कर प्रशांत सिंह द्वारा झारखंड से भारी मात्रा शराब की खेप ले जाया जा रहा था जिसे थाना क्षेत्र में करीब 3500 लीटर शराब बरामद किया गया था। तस्कर के खिलाफ वर्ष 2021 में मामला दर्ज किया गया था तब से वह फरार चल रहा है। न्यायलय द्वारा निर्गत इस्तेहार तामिला कराया गया है। इसके बावजूद अभियुक्त द्वारा खुद को आत्मसमर्पण नहीं करने पर उसके घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# निर्माणाधीन पुल के नीचे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बुलेट पलटने से एक युवक निर्माणाधीन पुल के नीचे जा गिरा जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना नवीनगर प्रखंड अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र में देवी कांडी गांव के समीप उत्तर कोयल नहर मार्ग की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 41 वर्षीय रोशन कुमार सिंह के रूप में की गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दोषी निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि बुधवार की देर रात गांव से नबीनगर स्थित आवास पर जाने के लिए निकला था लेकिन वह नबीनगर नहीं पहुंचा। परिजनों को लगा कि वह गांव पर ही रुक गया होगा लेकिन सुबह जब स्थानीय लोग नहर की ओर गए तो पुल के पास सड़क पर बुलेट बाइक देखा, जबकि सवार 30 फीट नीचे गड्ढे में गिरा हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई गजेंद्र कुमार सिंह और बबलू ने बताया कि रोशन छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। लगभग एक महीना पहले घर आया था। धान की फसल सहेजने के बाद वह अपने काम पर जाने वाला था। एक सप्ताह के बाद कंपनी द्वारा उसे दुबई भेजा जाना था लेकिन इसके पहले ही हादसे का शिकार हो गया। परिजनों ने आशंका जतायी कि नबीनगर लौटने के दौरान कुहासा के कारण उसे दिखाई नहीं दिया और उक्त स्थल पर उसका बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया या फिर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में धक्का मार दिया जिसके कारण दुर्घटना हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के गिरा गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में 20 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के झिकुलाही गांव निवासी चुन्नू पासवान के पुत्र अमेरिका कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका एक दोस्त और बहनोई के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से ओबरा बाजार जा रहा था। इसी दौरान खरांटी से महुआंव जाने वाली सड़क में गिरा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे तीनों गिरकर जख्मी हो गए। इस दौरान पीछे से आ रहे अमरीका के चाचा ने ओबरा पीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने चिंताजनक हालत बताते हुए सदर अस्पताल भेज दिया। यहां चिकित्सकों ने अमेरिका को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में उसके एक दोस्त व बहनोई घायल हैं। घटना की सूचना पर ओबरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर लिया और मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजे की मांग की है।

# डीएम-एसपी ने किया देव सूर्य मंदिर परिसर का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नववर्ष के अवसर पर विधि व्यवस्था की दृष्टिगत देव प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा देव सूर्य मंदिर परिसर में स्थित सूर्यकुंड एवं रुद्रकुंड तालाब के चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित कार्य एजेंसियों एवं पदाधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण न केवल श्रद्धालुओं



की सुविधा बढ़ाता है बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहित करता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा देव सूर्य मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर के समीप उत्पन्न हो रही पार्किंग समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पार्किंग व्यवस्था के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मग विद्वत परिषद देवधाम की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मग विद्वत परिषद देवधाम की बैठक गुरुवार को अधिवक्ता सह केंद्रीय अध्यक्ष योगेश कुमार मिश्रा के आवास पर हुई। बैठक में 24 एवं 25 जनवरी को दो दिवसीय कार्यक्रम पर कई व्यक्तियों ने तन मन धन से सहयोग करने की बात कही जिससे संगठन के पदाधिकारी में उत्साह आया। बैठक में औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष पद पर सुरेश पाठक पाठक बिगहा, सचिव के पद पर अश्विनी पाठक बसडीहा खुर्द, कोषाध्यक्ष के पद पर संदीप कुमार मिश्रा यारी, उपाध्यक्ष के पद पर धीरज कुमार मिश्र देवरिया रुस्तम, संगठन सचिव



रामनाथ मिश्र कर्मा, सह कोषाध्यक्ष अमित पाठक बेला, संयुक्त सचिव ओम प्रकाश मिश्र रविकर, जयराम पाठक तिवारी बीघा, गौतम मिश्र, अंजय मिश्र इब्राहिमपुर, वरीय सदस्य ललित कुमार मिश्र बसडीहा कला सर्वसम्मति से चुने गए। वहीं नगर औरंगाबाद के अध्यक्ष पद पर पतंजलि कुमार, सचिव के पद पर अनिल कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष के पद पर प्रेम कुमार (शाहपुर), उपाध्यक्ष धनंजय वेद, बृजेश कुमार पाठक, संगठन सचिव प्रो कृष्ण कुमार मिश्र, प्रवक्ता प्रमोद मिश्र, संयुक्त सचिव अखिलेश्वर पांडे, सरोज कुमार पांडे, अभय कुमार मिश्रा, संजीत पाठक, अंकेक्षक अनुज बेचैन सर्वसम्मति से चुने गए। बैठक की अध्यक्षता योगेश कुमार मिश्रा एवं संचालन गुप्तेश्वर पाठक ने किया। मौके पर अनुज कुमार पाठक, ट्रस्टी अश्विनी पाठक, अनिल कुमार मिश्र, प्रो कृष्ण कुमार मिश्र, केंद्रीय कोषाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश पांडे, अखिलेश पांडे, प्रीतम मिश्र, राकेश मिश्रा, अंजय कुमार मिश्र, प्रेम कुमार पाठक, सुधांशु पाठक, रौशन कुमार पाठक, आदित्य राज एवं कई मग बंधु उपस्थित थे।

